RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net | वर्ष 33 ■ अंक 280 ■ मुंबई, शुक्रवार 2 मई 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00 | संरक्षक : आरएन सिंह



जातिगत जनगणना फ़ैसले की वजह क्या?

पेज-4



चुनौतियों से मैं डरता नहीं, बल्कि उन्हें स्वीकार करना मेरी प्रवृत्ति : धनखड़

पेज-6



योग के जरिए ऐसे कर सकते हैं दिमाग को शांत

पेज-8



खेलो इंडिया यूथ गेम्स : खिलाड़ियों की तैयारी को घंटों करा रहे अभ्यास

पेज-9

# देश की जीडीपी में होगी क्रिएटिव इकोनॉमी की बड़ी भागीदारी: मोदी

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया वेव्स 2025 का उद्घाटन

महानगर संवाददाता

मुंबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत की ऑरेंज इकोनॉमी तीन प्रमुख स्तंभों कंटेंट, क्रिएटिविटी और कल्चर पर आधारित है। आने वाले वर्षों में भारत की क्रिएटिव इकोनॉमी का देश की जीडीपी में बड़ा योगदान होगा। विश्व का एनीमेशन मार्केट वर्तमान में 430 अरब डॉलर से अधिक का है और अगले 10 वर्षों में इसके दोगुना होने की संभावना है। वेव्स सम्मेलन भारत की एनीमेशन और ग्राफिक्स इंडस्ट्री के लिए सफलता के नए द्वार खोलेगा।



मुंबई के जिओ वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट 2025 (वेव्स) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव (रेलवे व सूचना एवं प्रसारण), एस जयशंकर (विदेश मंत्री), डॉ. एल मुरुगन (राज्यमंत्री), उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार सहित देश-विदेश के अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

मोदी ने कहा कि भारतीय फिल्में अब विश्व भर के दर्शकों तक पहुंच चुकी हैं। आज 100 से अधिक देशों में भारतीय फिल्में प्रदर्शित होती हैं। विदेशी दर्शक केवल फिल्में नहीं देख रहे हैं, बल्कि उन्हें समझने का प्रयास भी कर रहे हैं। -शेष पेज 7 पर

### भारत वैश्विक केंद्र बन चुका है

अब कई विदेशी दर्शक सबटाइटल के साथ भारतीय कंटेंट देख रहे हैं, यह भारतीय सिनेमा की विशेषता है। आज भारत फिल्म प्रोडक्शन, डिजिटल कंटेंट, गेमिंग, फैशन और संगीत का वैश्विक केंद्र बन चुका है।

पीएम मोदी ने कहा कि हमें इंसान को मशीन नहीं बनने देना है, बल्कि उसे और समृद्ध और संवेदनशील बनाना है। इंसानी प्रगति केवल सूचना, तकनीक या गति से नहीं मापी जा सकती। संगीत, कला और नृत्य को भी समान महत्व देना होगा। रचनात्मक व्यक्ति अपनी ऊर्जा और कार्यक्षमता से रचनात्मक क्रांति को नया आकार दे सकते हैं। उन्होंने वैश्विक रचनात्मक लोगों से भारत को रचनात्मकता का केंद्र बनाने का आह्वान किया। आज दुनिया नई तरह से कहानियां और विचार प्रस्तुत करने के रास्ते खोज रही है। ऐसे समय में भारत के पास हजारों वर्षों की कहानियों और विचारों का बहुमूल्य खजाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस खजाने को दुनिया के हर कोने तक पहुंचाने और आने वाली पीढ़ी के सामने उसे नवीन और रोचक तरीके से प्रस्तुत करने का आह्वान किया।

### 120 एकड़ में मीडिया और एंटरटेनमेंट सिटी बनाई जाएगी

मुख्यमंत्री ने बताया कि मुंबई की 500 एकड़ में फैली फिल्म सिटी को अब अगली पीढ़ी की स्टूडियो इकोसिस्टम के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसमें से 120 एकड़ में मीडिया और एंटरटेनमेंट सिटी बनाई जाएगी, जिसमें एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स और गेमिंग पर विशेष फोकस होगा।

# दुश्मनों को चुन-चुन कर मारेंगे

## पहलगाम आतंकी हमले पर अमित शाह बोले - ये मोदी सरकार है...

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि आतंकवादियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि आतंक फैलाने वालों को चुन-चुन कर जवाब दिया जाएगा।

### 'हमले का मुंहतोड़ जबाव देंगे'

गृह मंत्री ने नई दिल्ली में एक बयान जारी कर कहा, 'मैं आज जनता को बताना चाहता हूं कि 90 के दशक से कश्मीर में जो आतंकवाद चला रहे हैं, उनके खिलाफ हम जीरो टॉलरेंस की नीति पर मजबूती के साथ अपनी लड़ाई लड़ रहे हैं। आज वे यह न समझें कि हमारे नागरिकों की जान लेकर वो ये लड़ाई जीत लेंगे।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं सभी आतंक फैलाने वालों को कहना चाहता हूं कि यह लड़ाई अंत नहीं है, एक मकाम है। एक-एक व्यक्ति को चुन-चुन कर इसका जवाब दिया जाएगा।' अधिकारियों के अनुसार, इस हमले की जांच शुरू कर दी गई है और सुरक्षा बलों को आतंकियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।



### 'पूरी दुनिया भारत के साथ खड़ी'

अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चाहे उत्तर पूर्व हो, चाहे वामपंथी उग्रवाद का क्षेत्र हो या चाहे कश्मीर पर पड़ी आतंकवाद की छाया हो हर चीज का हमने मजबूती के साथ जवाब दिया है। अगर कोई कायराना हमला करके समझता है कि उनकी बड़ी जीत है तो समझ लें यह नरेंद्र मोदी सरकार है, किसी को बख्शा नहीं जाएगा। इस देश की इंच-इंच भूमि से आतंकवाद को मूल समेत उखाड़ने का हमारा संकल्प है और वह सिद्ध होकर रहेगा...जब तक आतंकवाद समाप्त नहीं होगा हमारी लड़ाई जारी रहेगी और जिन लोगों ने यह कृत्य किया है उसका उचित दंड उन्हें मिलेगा। पहलगाम में हुए इस हमले ने एक बार फिर कश्मीर घाटी में सुरक्षा स्थिति पर सवाल खड़े किए हैं। गृह मंत्री के इस बयान को केंद्र सरकार की आतंकवाद के खिलाफ सख्त नीति के तौर पर देखा जा रहा है। शाह ने यह भी आश्वासन दिया कि सरकार कश्मीर में शांति और स्थिरता बहाल करने के लिए हर संभव कदम उठा रही है।

## Short News एक नजर

### 'संवैधानिक संस्थाएं अपने-अपने दायरे में सीमित रहें'

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में गुरुवार को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे।



यहां उन्होंने यूपी की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के जीवन पर आधारित पुस्तक 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' के विमोचन कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम जानकीपुरम स्थित एकेटीयू में आयोजित हुआ।

### मतदाता सूची को सटीक बनाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। इसी सिलसिले में चुनाव आयोग ने मतदाता सूचियों को और ज्यादा सटीक और भरोसेमंद बनाने के लिए तीन नई पहलें शुरू की हैं, जिसका मकसद है कि मतदान की प्रक्रिया को लोगों के लिए आसान और भरोसेमंद बनाया जा सके।

### बड़े देश संग लड़ाई नहीं चाहते: पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पहलगाम हमले के बाद बॉर्डर पर बढ़े तनाव के बीच पाकिस्तान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने गिड़गिड़ा रहा है। अमेरिका में मौजूद पाकिस्तान के राजदूत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से अनुरोध किया है कि वे कश्मीर में हुए घातक हमले के मद्देनजर पड़ोसी भारत के साथ बढ़ते तनाव को कम करने में मदद करें। उन्होंने साफ किया है कि वह अपने से बड़े देश यानी कि भारत के साथ लड़ाई करना नहीं चाहता है।

# चीन ने PAK को दिया समर्थन तो खुलकर सामने आया अमेरिका

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत को दुनियाभर के देशों का समर्थन मिल रहा है। अमेरिका, रूस समेत ज्यादातर देशों ने आतंकी हमले की निंदा की है। अब अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ और भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच फोन पर बात हुई, जिसमें अमेरिका ने बड़ा ऐलान किया है कि वह भारत के डिफेंस के अधिकार का समर्थन करता है। इससे पहले अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने एस जयशंकर और पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ से बात करते हुए तनाव को कम करने की अपील की थी।

### भारत के लिए कर दिया बड़ा ऐलान



आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। चीन जैसे देशों ने पाकिस्तान को समर्थन दिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया, 'अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से बात की और जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए नृशंस आतंकवादी हमले में निर्दोष नागरिकों की दुखद मृत्यु पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका भारत के साथ एकजुटता में खड़ा है और भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में अमेरिकी सरकार के मजबूत समर्थन को दोहराया।' राजनाथ सिंह ने आगे बताया कि बातचीत के दौरान रक्षा मंत्री ने अमेरिकी रक्षा मंत्री को बताया कि पाकिस्तान का आतंकवादी संगठनों को समर्थन, प्रशिक्षण और वित्त पोषण करने का इतिहास रहा है। वैश्विक समुदाय के लिए आतंकवाद के ऐसे जघन्य कृत्यों की स्पष्ट और स्पष्ट रूप से निंदा करना और उन्हें उजागर करना महत्वपूर्ण है।

# हाई अलर्ट पर युद्धपोत जहाजों की भी तैनाती



**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की तीनों सेनाएं पूरी तरह से तैयार हैं। पाकिस्तान को भारत की ओर से कभी भी हमले का डर सता रहा है। दोनों देशों में तनाव अपने चरम पर पहुंच चुका है। इस बीच, भारतीय नौसेना ने अरब सागर में अपने अभियान को तेज कर दिया है। नौसेना आतंकी हमले के बाद बढ़े क्षेत्रीय तनाव के बीच समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के लिए भारत के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के भीतर व्यापक अभ्यास कर रही है। न्यूज एजेंसी एएनआई के रक्षा सूत्रों के अनुसार, युद्धपोत हाई अलर्ट पर हैं और जहाजों की तैनाती भी की गई है। कई एंटी-शिप और एंटी-एयरक्राफ्ट फायरिंग की गई है, ताकि युद्ध की तत्परता का प्रदर्शन किया जा सके और क्षेत्र में संभावित खतरों को रोका जा सके।

# केंद्र सरकार का भर गया खजाना

## 2 लाख करोड़ रुपये से भी ज्यादा का टैक्स कलेक्शन




महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

जीएसटी कलेक्शन से अप्रैल 2025 में सरकार के खजाने में 2 लाख करोड़ रुपये से भी ज्यादा जुड़ चुके हैं। अप्रैल 2025 में कुल जीएसटी कलेक्शन 2,36,716 करोड़ रुपए रहा। ये पिछले साल अप्रैल के मुकाबले 12 फीसदी से भी ज्यादा है। वहीं, रिफंड के बाद नेट जीएसटी कलेक्शन 2,09,376 करोड़ रुपए दर्ज किया गया। वित्त मंत्रालय की ओर से जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2025 का जीएसटी रिफंड 27,341 करोड़ रुपये रहा है। वहीं पिछले साल अप्रैल में ये रिफंड 18,434 करोड़ रुपये था। इसमें 48.3 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

### टैक्स कलेक्शन में क्या-क्या किया गया है शामिल?

सरकार के इस जीएसटी रेवन्यू में CGST, SGST, IGST और CESS शामिल किया जाता है। वहीं कुछ टैक्स सरकार वापस कर देती है। जिसे रिफंड कहा जाता है। इस बार अप्रैल 2025 में कुल रिफंड 27,341 करोड़ रुपये रहा है। वहीं अप्रैल 2024 में ये रिफंड 18,434 करोड़ रुपये था। अगर रिफंड को वापस कर कुल जीएसटी कलेक्शन देखा जाए, तो ये अप्रैल 2025 में 2,09,376 करोड़ रुपये रहा है। वहीं अप्रैल 2024 में ये 1,91,833 करोड़ रुपये था।

### किस राज्य में कितना रहा टैक्स कलेक्शन ?

हमेशा की तरह सबसे ज्यादा टैक्स कलेक्शन महाराष्ट्र से हुआ है। अप्रैल 2025 में महाराष्ट्र से सरकार ने 41,645 करोड़ रुपये टैक्स कलेक्ट किया है। जो पिछले साल अप्रैल के मुकाबले 11 फीसदी ज्यादा है। अप्रैल 2024 में महाराष्ट्र से सरकार ने 37,671 करोड़ रुपये टैक्स के रूप में जुटाए थे। वहीं, उत्तर प्रदेश से जीएसटी कलेक्शन 13,600 करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले साल अप्रैल में 12,290 करोड़ रुपये था। ऐसे ही बिहार से टैक्स कलेक्शन इस बार 2,290 करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले साल के मुकाबले 15 फीसदी ज्यादा है। नई दिल्ली से 8,260 करोड़ रुपये का जीएसटी जुटाया गया है। इसी प्रकार राजस्थान से 6228 करोड़ रुपये और हरियाणा से 14,057 करोड़ रुपये टैक्स कलेक्शन रहा है।

# रामदेव किसी के काबू में नहीं

## हाईकोर्ट बोला-योगगुरु ने रोक के बावजूद वीडियो जारी किया

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को बाबा रामदेव के नए वीडियो को लेकर तीखी टिप्पणी की। जस्टिस अमित बंसल ने कहा कि रामदेव किसी के नियंत्रण में नहीं हैं। वे अपनी ही दुनिया में जीते हैं। बाबा रामदेव ने हमदर्द कंपनी का नाम लिए बिना रूह अफजा को 'शरबत जिहाद' कहा था। इसके बाद विवाद बढ़ गया था।



जस्टिस बंसल ने ये भी कहा, पिछले आदेश के मद्देनजर उनका हलफनामा (एफिडेविट) और यह वीडियो प्रथमदृष्टया अवमानना के अंतर्गत आते हैं। मैं अब अवमानना नोटिस जारी करूंगा। हम उन्हें यहां बुला रहे हैं। कोर्ट ने गुरुवार को ये बताया कि बाबा रामदेव ने नया वीडियो जारी किया, जिसमें हमदर्द के खिलाफ टिप्पणी की गई है। ये नया वीडियो कब आया, इसकी जानकारी नहीं मिली है। इससे पहले 22 अप्रैल को हाईकोर्ट ने रामदेव को दिए आदेश में कहा था- हमदर्द उत्पादों को लेकर न तो कोई बयान दें और न ही कोई वीडियो शेयर करें। हाईकोर्ट ने रामदेव के वीडियो पर तल्खी जताई।

# पहलगाम हमला: कोर्ट का जांच से इंकार

### याचिकाकर्ता को फटकार, कहा- सुरक्षाबलों का मनोबल गिराना चाहते हैं क्या? ऐसी अर्जियां मत लाइए

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की न्यायिक जांच का आदेश देने से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही जस्टिस सूर्यकांत और एनके सिंह की बेंच ने याचिकाकर्ता को फटकार भी लगाई।



कोर्ट ने कहा कि यह संवेदनशील समय है। पूरा देश एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ खड़ा है। क्या आप सिक्योरिटी फोर्स का मनोबल गिराना चाहते हैं। ऐसी याचिकाएं कोर्ट में मत लाइए। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, ऐसी जनहित याचिकाएं दायर करने से पहले जिम्मेदारी से काम लें। देश के प्रति भी आपका कुछ कर्तव्य है। आप रिटायर्ड जज से जांच करने के लिए कह रहे हैं। हम जांच (आतंकी हमले) के एक्सपर्ट कब से बन गए। हमारा काम केवल फैसला सुनाना है। हालांकि कोर्ट ने कहा स्टूडेंट की सुरक्षा से जुड़े मुद्दे पर आज हाईकोर्ट जा सकते हैं। इसके बाद तीन याचिकाकर्ताओं में से एक ने याचिका वापस ले ली।

### किसने दायर की थी पिटीशन

जनहित याचिका कश्मीर के रहने वाले मोहम्मद जुनैद ने दायर की थी। याचिकाकर्ताओं में फतेश कुमार साहू और विकी कुमार का भी नाम है। याचिका में ये भी कहा गया है कि केंद्र और जम्मू-कश्मीर सरकार कश्मीर में पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे।

# जंगलों में तड़प-तड़प कर दम तोड़ेंगे आतंकी

महानगर नेटवर्क

श्रीनगर

पहलगाम की बैसरन वैली में खुशियां मानने गए पर्यटकों को धर्म पूछकर परिवारों के सामने गोली मारने वाले आतंकियों पर सुरक्षाबलों ने शिकंजा कस दिया है। पिछले 10 दिनों में सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन में काफी प्रगति मिली है। बैसरन वैली में टूरिस्ट पर अटैक के बाद अभी तक सुरक्षाबलों द्वारा सैकड़ों लोगों से पूछताछ की जा चुकी है। इसमें मिले इनपुट के आधार पर आतंकियों की खोजबीन जारी है। सेना और दूसरे सुरक्षाबलों की मुस्तैदी से आतंकियों के घने जंगलों में बनी गुफाओं में छिपे होने की संभावना है। ऐसे में पूरे ऑपरेशन में जल्द बड़ी



सफलता मिलने की उम्मीद की जा रही है। सुरक्षाबल घने जंगलों के बीच चप्पा-चप्पा खंगाल रहे हैं। गुरुवार को NIA चीफ सदानंद दाते भी बैसरन वैली पहुंचे।

### टारगेट पर ये आठ एरिया

पहलगाम आतंकी हमले में शामिल चारों आतंकवादियों के घने जंगलों के छिपे होने की आंशका पहले दिन से व्यक्त की जा रही है। आशंका है कि ओवर ग्राउंड वर्कर्स (OGW) और प्राकृतिक गुफाएं हमलावरों की मदद कर रही हैं। आतंकी हमले के अब तक मिली जानकारी और खुफिया इनपुट के बाद सुरक्षाबलों ने कुपवाड़ा, हंदवाड़ा, अनंतनाग, त्राल, पुलवामा, सोपोर, बारामुल्ला और बांदीपुरा में निगरानी बढ़ा दी है। आतंकियों के इन्हीं इलाके में होने की आशंका जताई जा रही है। इतना ही नहीं ओजीडब्ल्यू और हमलावरों के बीच संबंधों का पता लगाने के लिए कॉल रिकॉर्ड और अन्य तकनीकी डेटा का विश्लेषण किया जा रहा है। कश्मीर में पुलिस ने स्थानीय लोगों पर कुछ संगठन से दूर रहने की चेतावनी जारी की है। पुलिस संदिग्धों और मददगारों की भी निगरानी कर रही है।

# हेलिकॉप्टर ध्रुव को उड़ान की मंजूरी




**नई दिल्ली।** इंडियन आर्मी और इंडियन एयरफोर्स के लिए एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर (ALH) ध्रुव को जांच के बाद उड़ान की मंजूरी मिल गई है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) ने इसे जल्द शुरू करने की योजना बनाई है। तकनीकी खराबी के कारण इसकी उड़ान पर रोक लगी थी। ALH ध्रुव के स्वैशप्लेट में खराबी की बात सामने आई थी। इसका पता 5 जनवरी 2025 को पोरबंदर में हुए हेलिकॉप्टर क्रैश के बाद चला था। हादसे में कोस्ट गार्ड के दो पायलट और एक क्रू मेंबर की मौत हुई थी। हादसे की जांच में स्वैशप्लेट की खराबी के कारण क्रैश की बात सामने आई थी।

# हैवानियत! किडनैप कर नीट की छात्रा से गैंगरेप

महानगर नेटवर्क

अलवर

राजस्थान के अलवर से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां नीट की तैयारी कर रही छात्रा के साथ चार दरिंदों ने गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया और अस्पताल के पास छोड़कर फरार हो गए। लड़की के पिता का दावा है कि उसकी बेटी के साथ दरिंदगी के दौरान अश्लील वीडियो भी बनाई गई है।

थानाधिकारी दिनेश मीणा ने बताया कि पीड़ित लड़की भिवाड़ी की रहने वाली है। अलवर में अपने भाई के साथ किराए के कमरे पर रहकर नीट की तैयारी कर रही है। कोचिंग



जाते समय टैंपो पर सवार हुई तो आगे जाकर ऑटो में 4 संदिग्ध और अनजान लड़के बैठे गए। इसके बाद लड़की का चेहरा दबाया और झुकाकर उसे किडनैप करके सुनसान जगह पर बने कमरे में ले गए।

वहां ले जाकर दरिंदों ने लड़की के साथ गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया और लड़की का वीडियों बनाकर किसी को न बताने की धमकी दी। घटना को अंजाम देकर आरोपियों ने लड़की को शहर के एक अस्पताल के बाहर छोड़ा और मौके से फरार हो गए। जैसे-तैसे घर पहुंची लड़की ने परिजनों को अपने साथ घटी घटना के बारे में बताया। इसके बाद घरवाले पुलिस के पास पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता के पिता ने शिकायत में दर्ज कराया है कि लड़की के साथ घटना को अंजाम देते हुए आरोपियों ने अश्लील वीडियो भी बनाई है। पीड़ित परिवार ने आरोपियों की गिरफ्तारी न्याय की मांग की है।

# उत्तर भारतीय संघ में गूंजा....

विगत वर्षों के भांति इस वर्ष भी उत्तर भारतीय संघ भवन परिसर में महाराष्ट्र दिवस परंपरागत उत्साह से मनाया गया। इस अवसर पर 'उत्सव महाराष्ट्राचा'नामक म्युजिकल ग्रुप द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। इस आयोजन में महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के पावन हेतु से 100 महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित की गई। कार्यक्रम में उत्तर भारतीय संघ कार्यकारिणी के सभी सदस्यों, हिंदी भाषी समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने भारी तादाद में शिरकत की और अपनी कर्मभूमि महाराष्ट्र व मराठी की जयजयकार की। प्रस्तुत है इस भव्य-दिव्य आयोजन की झलकियां।

















## पुणे-मुंबई एक्सप्रेसवे पर लगा पांच किलोमीटर लंबा जाम

महानगर संवाददाता
मुंबई

महाराष्ट्र दिवस 2025 की छुट्टी के कारण भारी भीड़ के कारण, पुणे-मुंबई एक्सप्रेसवे पर गुरुवार को भारी ट्रैफिक जाम लग गया, जिससे हजारों वाहन फंस गए, अधिकारियों ने बताया। एक रिपोर्ट के अनुसार एक्सप्रेसवे नियंत्रण कक्ष ने कहा कि पुणे-बाउंड कॉरिडोर पर भोर घाट सेक्शन में लगभग पांच किलोमीटर तक वाहन फंस गए,जबकि मुंबई-बाउंड कॉरिडोर पर यातायात का प्रवाह सामान्य था,वॉल्यूम, विशेष रूप से कारों का, सामान्य से थोड़ा अधिक था। रिपोर्ट के मुताबिक एक अधिकारी ने कहा कि यातायात



नियंत्रण कर्मी दोपहर से पहले पुणे-बाउंड कैरिजवे पर वाहनों की आवाजाही को सामान्य करने में कामयाब रहे. बुधवार रात एक शादी में शामिल होने के लिए पुणे की ओर यात्रा करने वाले एक यात्री ने कहा कि मार्ग पर घाट सेक्शन में अमृतांजन ब्रिज को पार करने में उनकी बस को एक घंटे से अधिक समय लगा. भारी वाहनों के कठिन ढलान से निपटने के लिए धीमी गति से चलने के कारण एक्सप्रेसवे पर अक्सर पुल के पास यातायात जाम हो जाता है।

## इगतपुरी में जल संकट के खिलाफ महिलाओं ने खोला मोर्चा

**मुंबई कैनाल में प्रदर्शन, डैम परिसर में पुलिस तैनात**

महानगर संवाददाता
मुंबई

नाशिक जिले के इगतपुरी में जलसंकट की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों का आंदोलन जारी है। इस बीच गुरुवार को जल समस्या के विरोध में महिलाओं ने मुंबई कैनाल में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी महिलाएं वैतरणा बांध की मुंबई कैनाल में छलांग लगाई। इस दौरान प्रदर्शनकारी रस्सी लगा रखे थे ताकि महिलाएं बहें नहीं।

**डैम परिसर में पुलिस तैनात**

इस अप्रत्याशित घटनाक्रम के बाद, जलसंपदा विभाग के अधिकारियों ने नरम रुख अपनाते हुए मुंबई को भेजा जाने वाला कैनाल का पानी तत्काल बंद कर दिया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डैम परिसर में पुलिस तैनात किया गया है ताकि कोई अनुचित घटना न हो।

**जल समस्या खत्म करने की मांग**

इस बीच जलसंपदा विभाग और एल्गार कष्टकरी संगठन के पदाधिकारियों के बीच चर्चाएं जारी हैं। आंदोलनकारियों की मांग है कि आदिवासी लोगों की जल समस्या का तत्काल समाधान हो और जलजीवन मिशन कार्यों की जांच की जाए।

## सड़क बनाने में लापरवाही बरतने वाला सब इंजीनियर निलंबित

- मनपा ने ठेकेदार पर लगाया 50 लाख का जुर्माना
- निगरानी करने वाली संस्था पर भी 25 लाख का दंड

महानगर संवाददाता
मुंबई

सीमेंट कंक्रीट के चल रहे कामों को मामसून पूर्व पूरा करना है। मनपा प्रशासन ने ठेकेदारों को पहले ही निर्देश दिया है कि उन्हीं सड़कों को खोदा जाए,जिनका काम मानसून के पहले पूरा हो सके। मनपा के इस आदेश से ठेकेदार कामों को गति देने के चक्कर में लापरवाही भी बरतने लगे हैं। मनपा आयुक्त भूषण गगरानी ने पहले ही सख्त हिदायत दी थी कि लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार को बक्सा नहीं जाएगा। इसी कड़ी में पश्चिम उपनगर में। चल रहे सीमेंट कंक्रीट कार्य के दौरान लापरवाही बरतने वाले मनपा के एक सब इंजीनियर को निलंबित कर दिया गया,जबकि ठेकेदार को 50




लाख और थर्ड पार्टी ऑडिट करने वाली संस्था को 25 लाख का दंड लगाया है। मनपा आयुक्त ने दोयम दर्जे के सड़क निर्माण को दोबारा निर्माण करने का निर्देश दिया।

मुंबई शहर की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के उद्देश्य से सीमेंट कांक्रीटीकरण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। प्रशासन इस कार्य की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है और घटिया कार्य करने वाले ठेकेदारों,अधिकारियों या संस्थाओं पर कठोर कार्रवाई कर रहा है। एच पश्चिम सांताक्रुज इलाके में सड़क कार्य के दौरान 'सब-बेस लेयर' में उपयोग किए गए ड्राय लीन कंक्रीट में गुणवत्ता की कमी पाई गई, जिस पर मनपा ने अपने इंजीनियर सहित ठेकेदार और निगरानी रखने वाली कंपनी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की है। मनपा अतिरिक्त आयुक्त अभिजीत बांगर ने पश्चिम उपनगर के एच पश्चिम के चल रहे सड़क कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया था ।

## महाराष्ट्र दिवस पर पुलिसकर्मी हुए सम्मानित

**मिरारोड** । महाराष्ट्र राज्य के 66 वें वर्धापन दिवस पर मिरा - भायंदर ,वसई - विरार पुलिस आयुक्तालय के पुलिस आयुक्त मधुकर पांडेय के हाथों ध्वजारोहण किया गया। इस वर्धापन दिवस कार्यक्रम के दौरान 6 पुलिस अधिकारी एवं पुलिस जवानों को पुलिस विभाग में प्रशंसनीय कार्य के लिए पुलिस महासंचालन सम्मानचिन्ह 2024 प्रदान किया गया। सीनियर पुलिस निरीक्षक सतीश दिनकर निकम , पुलिस उप निरीक्षक सूर्यकांत अनंत देसाई, सीनियर पुलिस उप निरीक्षक संतोष बाबुराव चव्हाण , सीनियर पुलिस उप निरीक्षक अविनाश बाबासाहेब



गजें, सीनियर पुलिस उप निरीक्षक संजय दयाराम शिंदे एवं पुलिस हवलदार सचिन सिद्राम दोरकर को यह पुरस्कार प्रदान किया गया । अपने काम के दौरान उल्लेखनीय कार्य , उत्कृष्ट जांच , काम के दौरान प्रामाणिक सेवा आदि के आधार पर इनकों सम्मानित किया गया है ।

## भिवंडी महानगरपालिका द्वारा मनाया गया महाराष्ट्र राज्य स्थापना दिवस

महानगर संवाददाता
भिवंडी

1 मई को भिवंडी-निजामपुर शहर महानगरपालिका की ओर से भी महाराष्ट्र राज्य का 66 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर महानगरपालिका के मुख्य प्रशासनिक भवन प्रांगण में प्रशासक तथा आयुक्त अनमोल सागर (भा.प्र.से) के हाथों ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई। इस कार्यक्रम में अग्निशमन जवान, पुलिस और सुरक्षा कर्मचारी,मनपा अधिकारी तथा कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आयुक्त अनमोल



सागर ने इस मौके पर सभी नागरिकों को महाराष्ट्र दिवस और अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज का दिन हमारे राज्य के गौरव और बलिदान की याद दिलाता है। महाराष्ट्र राज्य की स्थापना के लिए 106 हुतात्माओं ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। ध्वजारोहण के बाद भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की पूर्णाकृति प्रतिमा और स्वर्गीय इंदिरा गांधी स्मृति रुग्णालय के पास स्थित हुतात्मा स्मारक पर आयुक्त अनमोल सागर ने पुष्पचक्र अर्पित किया। इसके साथ ही छत्रपती शिवाजी महाराज की अश्वारूढ़ प्रतिमा को तथा शहर के अन्य राष्ट्रपुरुषों की प्रतिमाओं को भी माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## मोबाइल नंबर बदलकर अकाउंटेंट से ट्रांसफर करवाये पैसे

**असली मालिक आने पर धोखाधड़ी का हुआ खुलासा**

**मुंबई।** घाटकोपर में रहने वाले असिफ मुजावर, गमजेन इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी में कैशियर के पद पर कार्यरत हैं, उन्हें साइबर ठगी का शिकार बनाया गया है। नौ अप्रैल को कंपनी के अकाउंटेंट को जुजर पेटीवाला नामक शख्स ने व्हॉट्सएप पर एक नया मोबाइल नंबर भेजा और बताया कि यह कंपनी के डायरेक्टर जुबेर पंचभाई का नया नंबर है। उसने बताया कि वे जर्मनी में एक एग्जीबिशन के सिलसिले में गए हुए हैं। इसके बाद असिफ को व्हॉट्सएप पर निर्देश मिले कि एक नए क्लाइंट को 25 लाख रुपए का एडवांस पेमेंट करना है। असिफ ने ट्रांजेक्शन से पहले टीडीएस से संबंधित जानकारी मांगी,परंतु उसे यह कहकर टाल दिया गया कि बाद में भेज दी जाएगी। उसे यह भी भरोसा दिलाया गया कि इस ट्रांजिक्शन की संपूर्ण जिम्मेदारी डायरेक्टर की होगी। इस विश्वास में आकर असिफ ने 24.50 लाख रुपए की नकद कंपनी के बिनक ऑफ महाराष्ट्र के खाते और आईसीआईसीआई बैंक के खाते क्रमांक आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर की गई। 11 अप्रैल को जब असली डायरेक्टर जुबेर पंचभाई ने असिफ से कंपनी खाते की जानकारी ली,तब इस धोखाधड़ी का खुलासा हुआ।

## डायलिसिस मशीनों का लोकार्पण

**भायंदर।** महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर मीरा-भायंदर मनपा के भारत रत्न इंदिरा गांधी अस्पताल में 5 डायलिसिस मशीनों का लोकार्पण मनपा आयुक्त राधाबिनोद शर्मा ने किया। इस अस्पताल में पहले से ही 8 डायलिसिस मशीनों की सेवा जारी है। मेकिंग द डिफरेंस संस्था के दिपक विश्वकर्मा एवं पराग पारीख फाइनेंशियल एडवाइजरी सर्विसेज को शैलेश पांडे द्वारा अस्पताल को 5 डायलिसिस मशीनें भेंट की गयीं हैं। इन मशीनों की वजह से गरीब एवं मध्यमवर्गीय लोगों को इस सेवा का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त डॉ. संभाजी पानपटे, उपायुक्त प्रसाद शिंगटे,शहर अभियंता दिपक खांबित, मनपा वैधकीय अधिकारी डॉ. प्रमोद पडवल,अस्पताल के डॉक्टर एवं सहयोगी कर्मचारी उपस्थित थे।

## पश्चिम रेलवे विभिन्न गंतव्यों के लिए चलाएगी तीन समर स्पेशल ट्रेनें मुंबई सेंट्रल एवं कटिहार के बीच साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के फेरे विस्तारित

महानगर संवाददाता
मुंबई

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा विशेष रूप से ग्रीष्मकाल के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर तीन स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा, पश्चिम रेलवे द्वारा ट्रेन संख्या 09189/09190 मुंबई सेंट्रल-कटिहार साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के फेरों को वर्तमान संरचना, समय और ठहराव आदि पर विशेष किराये के साथ विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इन स्पेशल ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार है।

1. ट्रेन संख्या 09067/09068 उधना–जयनगर साप्ताहिक अनारक्षित स्पेशल [8 फेरे] ट्रेन संख्या 09067 उधना-जयनगर स्पेशल प्रत्येक रविवार को उधना से 12.20 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 20.50 बजे जयनगर पहुंचेगी। यह ट्रेन 4 से 25 मई, तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09068 जयनगर-उधना स्पेशल प्रत्येक सोमवार को जयनगर से 23.50 बजे प्रस्थान करेगी और बुधवार को 12.15 बजे उधना पहुंचेगी। यह ट्रेन 5 से 26 मई तक चलेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में चलथान, नंदुरबार, भुसावल, खंडवा, इटारसी जं., जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छेवकी, दीन



दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं. और मधुबनी स्टेशनों पर रुकेगी।

**इस ट्रेन में जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे**

2. ट्रेन संख्या 09069/09070 उधना-समस्तीपुर साप्ताहिक स्पेशल [10 फेरे] ट्रेन संख्या 09069 उधना-समस्तीपुर स्पेशल प्रत्येक शनिवार को उधना से 20.35 बजे प्रस्थान करेगी और सोमवार को 02.35 बजे समस्तीपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन 3 से 31 मई, तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09070 समस्तीपुर-उधना स्पेशल प्रत्येक सोमवार को समस्तीपुर से 05.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 14.00 बजे उधना पहुंचेगी। यह ट्रेन 5 मई से 2 जून तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में चलथान, नंदुरबार, भुसावल, खंडवा, इटारसी जं., जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छेवकी, दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं. और मुजफ्फरपुर जं. स्टेशनों पर रुकेगी।

**इस ट्रेन में स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे**

3.ट्रेन संख्या 09407/09408 अहमदाबाद-नापुर साप्ताहिक स्पेशल [14 फेरे] ट्रेन संख्या 09407 अहमदाबाद-दानापुर स्पेशल प्रत्येक मंगलवार को अहमदाबाद से 09.20 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 19.00 बजे दानापुर पहुँचेगी। यह ट्रेन 6 मई से 17 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09408 दानापुर-अहमदाबाद स्पेशल प्रत्येक बुधवार को दानापुर से 22.30 बजे प्रस्थान करेगी और शुक्रवार को 06.00 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। यह ट्रेन 7 मई से 18 जून, 2025 तक चलेगी।



विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर पंजाबी कॉलोनी स्थित गुरुनानक हॉल में सायन कोलीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक कैप्टन आर. तमिल सेल्वन ने श्रमिकों को सम्मानित किया और उन्हें उपयोगी उपहार वितरित किए।

# उत्तर भारतीय संघ में गूंजा 'जय-जय महाराष्ट्र माझा'

## 100 महिलाओं को सिलाई मशीन का वितरण | कार्यक्रम में महाराष्ट्र संस्कृति की झलक दिखी | इस साल भी धूमधाम से मना महाराष्ट्र दिवस

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

उत्तर भारतीय संघ ने गुरुवार 1 मई को बड़े धूमधाम से महाराष्ट्र दिवस मनाया। बांद्रा पूर्व स्थित उत्तर भारतीय संघ भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र की संस्कृति की झलक देखने को मिली और पूरा परिसर 'जय भवानी-जय शिवाजी' के नारों और राज्य गीत 'महाराष्ट्र माझा' से गुंजायमान हो उठा। इस मौके पर उत्तर भारतीय संघ के अध्यक्ष संतोष आरएन सिंह की तरफ से 100 महिलाओं को स्वरोजगार के लिए सिलाई मशीन का वितरण किया गया। आर्थिक रूप से कमजोर तबके की महिलाएं मुफ्त में सिलाई मशीन पाकर सुकून महसूस करती देखी गईं।

बता दें कि बाबू आरएन सिंह के समाज सेवा के काम को संतोष आरएन सिंह लगातार आगे बढ़ाते जा रहे हैं। वर्ष 2024 में महाराष्ट्र दिवस के मौके पर 20 महिलाओं को स्वरोजगार के लिए घरघंटी (आटा चक्की) का वितरण किया गया था। उनका मानना है कि समाज में महिलाओं की स्थिति बेहतर होना आवश्यक है। वर्ष 2023 में महाराष्ट्र दिवस के मौके पर 20 दिव्यांगों को इलेक्ट्रिक साइकिल का वितरण किया गया था।

### विरासत को आगे बढ़ा रहे संतोष आरएन सिंह: कृपाशंकर सिंह

कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व मंत्री कृपाशंकर सिंह ने कहा कि आज हम महाराष्ट्र दिवस,कामगार दिवस मना रहे हैं। हम सभी महाराष्ट्रीयन हैं। जो लोग हिंदी-मराठी भाषियों के बीच दरार पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं,उनके प्रयास कभी सफल नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय बांकेराम तिवारी ने जो जमीन तैयार की और उसमें बाबू आरएन सिंह ने विकास का जो बीज बोया था, संतोष आरएन सिंह उस विरासत को बखूबी आगे बढ़ा रहे हैं।

### सेवा को सामाजिक आंदोलन का देंगे रूप: राधेश्याम तिवारी

उत्तर भारतीय संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राधेश्याम तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि संतोष आरएन सिंह समाज के हित के जो काम आगे बढ़ा रहे हैं, उसका उत्तर भारतीय समाज और उत्तर भारतीय संघ की कार्यकारिणी का पूरा समर्थन है। बाबू आरएन सिंह की 76वीं जयंती पर 11 जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन का वितरण किया गया था। इस बार 100 सिलाई मशीन का वितरण किया जा रहा है। इसे हर साल बढ़ाया जाएगा और सामाजिक आंदोलन का रूप दिया जाएगा।

इसके पहले उत्तर भारतीय संघ के अध्यक्ष संतोष आरएन सिंह ने पूर्व मंत्री कृपाशंकर सिंह का स्वागत किया। कार्यक्रम का समापन महाराष्ट्र के राज्य गीत 'जय-जय महाराष्ट्र माझा' से हुआ। इस दौरान म्यूजिकल ग्रुप 'उत्सव महाराष्ट्राचा' ग्रुप ने एक से एक बढ़कर मराठी गीत पेश करते हुए लोगों का मनोरंजन किया। इस मौके पर मुंबई भाजपा उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह, उपाध्यक्ष संजय सिंह, ब्रह्मदेव सिंह, वैजनाथ मिश्रा, कोषाध्यक्ष अजय सिंह, महामंत्री देवेंद्र उपाध्याय, अक्षैबर तिवारी, रमेश बहादुर सिंह, गीता संजय सिंह, ओम प्रकाश सिंह, रामकुमार पाल, विनोद मिश्रा, प्रल्हाद पांडेय, राजेश सिंह, अंतेश सिंह, संजू सिंह, रामनयन शर्मा, सुरेंद्र गिरी, मुकेश सिंह, श्रीनिवास तिवारी, महेश गुप्ता, अशोक कुमार दुबे, डॉ. किशोर सिंह, रेणु मल्लाह, आदित्य दुबे, राजकुमार सिंह, विजय सिंह के अलावा दहिसर शाखा अध्यक्ष जयशंकर पांडेय, लालबाग शाखा के जसवंत यादव, मीरा रोड शाखा के आलोक सिंह, अनिल गलगली, रत्नेश सिंह, रमाशंकर सिंह, अरुण कुमार पांडेय, शिवदत्त सिंह, इंद्रमणि दुबे, आनंद प्रकाश मिश्रा, सुरेश अवस्थी, करणी सेना महिला अध्यक्ष सुंदरी ठाकुर, राघवेंद्रनाथ द्विवेदी, मनोज दुबे, दिनेश सिंह, आशीष सिंह, सचिन हेडे सहित कार्यकारिणी सदस्य एवं बढ़ी संख्या में उत्तर भारतीय समाज के लोग उपस्थित थे।



### सभी को सीखनी चाहिए मराठी: संतोष आरएन सिंह

कार्यक्रम की शुरुआत में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के मृतकों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद उत्तर भारतीय संघ के संस्थापक बांकेराम तिवारी और बाबू आरएन सिंह की तस्वीर पर पुष्पहार चढ़ाकर उन्हें याद किया गया। उत्तर भारतीय संघ के अध्यक्ष संतोष आरएन सिंह ने इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों को महाराष्ट्र दिवस और मजदूर दिवस की शुभकामनाएं देते हुए मराठी में कहा कि हम महाराष्ट्र दिवस मनाते हैं और मनाते रहेंगे। हमें महाराष्ट्र ने जो दिया है, वह लौटाने का समय आ गया है। हम सभी को मराठी सीखनी और बोलनी चाहिए। हम सतत समाज की सेवा में लगे हुए हैं। हमें महाराष्ट्र की संस्कृति-परंपरा से खासा लगाव है।

---

# विकसित राष्ट्र में होगा महाराष्ट्र का अहम योगदान

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

गुरुवार 1 मई को महाराष्ट्र दिवस के मौके पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने समावेशी, प्रगतिशील और विकसित महाराष्ट्र बनाने की बात पर जोर दिया। वहीं मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दक्षिण मुंबई के हुतात्मा चौक पर पुष्पांजलि अर्पित और शहीदों को श्रद्धांजलि दी। दादर के शिवाजी पार्क में आयोजित मुख्य शासकीय समारोह में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर समारोह की शुरुआत की और परेड की सलामी ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, विधानपरिषद सभापति राम शिंदे, विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर भी मौजूद थे।



उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सभी समाज घटकों को साथ लेकर समावेशी, प्रगतिशील और विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। भारत को अमृत काल में 'विकसित राष्ट्र' बनाने की दिशा में महाराष्ट्र का योगदान महत्वपूर्ण होगा।

राज्यपाल ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और बताया कि सरकार ने फंसे हुए पर्यटकों को सुरक्षित निकालने के लिए तुरंत कदम उठाए।

## देह व्यापार में लिप्त चार बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**भिवंडी।** शहर में क्राइम ब्रांच पुलिस व स्थानीय पुलिस ने विभिन्न इलाकों में कार्रवाई करते हुए देह व्यापार में लिप्त चार बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो महिलाएं भिवंडी के कुख्यात वेश्यालय क्षेत्र हनुमान टेकरी से रेस्क्यू की गईं, जबकि एक महिला और एक पुरुष को कोनगांव और धामणकर नाके इलाके से पकड़ा गया,भिवंडी शहर और कोनगांव पुलिस स्टेशनों में अलग-अलग एफाईआर दर्ज की गई है।

# महाराष्ट्र दिवस पर ठाणे में स्वास्थ्य कर्मियों का सम्मान

## उपमुख्यमंत्री ने तीन एम्बुलेंस को दिखाई हरी झंडी

**ठाणे।** महाराष्ट्र राज्य के 66वें स्थापना दिवस के अवसर पर ठाणे के साकेत मैदान में आयोजित भव्य शासकीय समारोह में उपमुख्यमंत्री एकनाथ गंगूबाई संभाजी शिंदे ने ध्वजारोहण कर राज्य के गौरवशाली इतिहास को नमन किया। इस अवसर पर जिले की स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मियों का विशेष सम्मान किया गया। जिल्हा परिषद ठाणे के आरोग्य विभाग की मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा की गई सेवा की सराहना करते हुए उपमुख्यमंत्री शिंदे के हाथों यूनिट के अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। साथ ही जिले को मिली तीन नई एंबुलेंस का लोकार्पण भी उन्हीं के हाथों संपन्न हुआ।



# दिशा मौत मामला: कोर्ट ने सिरे से जांच की मांग वाली याचिका पर मांगा जवाब

**मुंबई।** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र सरकार को निर्देश दिया कि वह दिवंगत सेलिब्रिटी मैनेजर दिशा सालियान के पिता की ओर से दायर याचिका पर जवाब दाखिल करे, जिसमें शिवसेना (यूबीटी) विधायक आदित्य ठाकरे और शहर के पूर्व पुलिस आयुक्त समेत अन्य पर उनकी बेटी की मौत में शामिल होने का आरोप लगाया गया है। उन्होंने जून 2020 में रहस्यमय परिस्थितियों में दिशा सालियान के मृत पाए जाने की नए सिरे से जांच की भी मांग की है। सालियान दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मैनेजर थीं। न्यायमूर्ति एस वी कोटवाल और न्यायमूर्ति एस एम मोदक की खंडपीठ ने सालियान की याचिका के जवाब में निर्देश दिया, जिसमें उच्च न्यायालय से शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे के खिलाफ प्राथमिकी (प्रथम सूचना रिपोर्ट) दर्ज करने और जांच को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने का आग्रह किया गया।

# जातिगत जनगणना के लिए तय हो समय सीमा: नसीम खान

**मुंबई।** प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष और सीडब्ल्यूसी सदस्य नसीम खान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जातिगत जनगणना कराने के केंद्र सरकार के फैसले का स्वागत करती है। कांग्रेस पार्टी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी लगातार जातिगत जनगणना की मांग कर रहे थे। उन्होंने मांग की कि अब जब केंद्र सरकार ने निर्णय ले लिया है तो उसे जातिगत जनगणना के लिए एक निश्चित समय सीमा की घोषणा करनी चाहिए और 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा को हटाना चाहिए। कांग्रेस पार्टी मुख्यालय तिलक भवन में महाराष्ट्र दिवस और कामगार दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। प्रदेश कार्याध्यक्ष नसीम खान ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष संगठन एवं प्रशासन एडवोकेट गणेश पाटिल, कोषाध्यक्ष डॉ. अमरजीत सिंह मन्हास, प्रदेश महासचिव राजन भोसले, मुनाफ हकीम, राजेश शर्मा, रमेश शेट्टी समेत पार्टी पदाधिकारी और सेवा दल के कार्यकर्ता मौजूद थे। महाराष्ट्र दिवस और श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए नसीम खान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश को आजादी दिलाने का काम किया और आजादी के बाद पंडित जवाहरलाल नेहरू के दूरदर्शी नेतृत्व ने विकास की नींव रखी और देश को दुनिया में एक मजबूत राष्ट्र के रूप में स्थापित किया।




## मुंबई सेंट्रल – कटिहार विशेष गाड़ी के फेरों का विस्तार

| गाडी क्र. | आरंभिक स्टेशन तथा गंतव्य | संचालन के दिवस | तक विस्तारित |
|---|---|---|---|
| 09189 | मुंबई सेंट्रल – कटिहार (साप्ताहिक) | शनिवार | 31.05.2025 |
| 09190 | कटिहार – मुंबई सेंट्रल (साप्ताहिक) | मंगलवार | 03.06.2025 |

ठहराव, संयोजन और समय-सारिणी के बारे में विस्तृत जानकारी के लिये यात्रीगण कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in का अवलोकन करें.

सभी पीआरएस काउंटर्स पर और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर **गाड़ी सं. 09189** के विस्तारित फेरों के लिये बुकिंग **02.05.2025** से शुरू होगी. उपरोक्त गाड़ी को विशेष किराए पर विशेष गाड़ी के तौर पर संचालित किया जाएगा.

**पश्चिम रेलवे**
www.wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें : X.com/WesternRly

सभी आरक्षित टिकटों के लिए वैध पहचान पत्र साथ रखें.




● महाराष्ट्र राज्य की स्थापना के 66वें वर्ष पर म्हाडा के बांद्रा पूर्व स्थित मुख्यालय में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ध्वजारोहण म्हाडा के उपाध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीव जयसवाल के हाथो संपन्न हुआ।

# पहलगाम हमले के विरोध में जैन संघ की रैली

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

पहलगाम आतंकी हमला के विरोध में श्री बोरीवली 27 जैन संघ द्वारा सर्वधर्म मौन रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में भारी संख्या में जैन समाज के साथ ही सभी धर्म के लोगों ने हिस्सा लिया और आतंकी हमले में मारे गये नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। यह मौन रैली बोरीवली पश्चिम जामनी गल्ली जैन देरासर से शुरू हुई एस वी रोड से होकर रेलवे स्टेशन से एल टी रोड, टीपीएस रोड के पास वीर सावरकर गार्डेन के पास मैदान में मौन रैली का समापन हुई। इस रैली का आयोजन श्री बोरीवली 27 जैन संघ के अध्यक्ष स्नेहल शाह के नेतृत्व में किया गया था, जिसमे प्रवीण शाह,अमर मेहता, अशोक शाह, नैनेश शाह सहित भारी संख्या में महिला एवं पुरूष उपस्थित थे। श्री बोरीवली 27 जैन संघ के अध्यक्ष स्नेहल शाह ने इस मौके पर पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि,पाकिस्तान के नेता और प्रवक्ता जो टीवी पर बैठकर झूठी बयान बाजी करते हैं कि जैन समाज के लोग भी भारत में परेशान है,तो यह सरासर गलत और बेबुनियाद बातें हैं। भारत मे जैन समाज के लोग अपने आप को कभी अल्पसंख्यक नहीं मानते हैं। देश की सेवा में हमेशा अपनी मेहनत और लगन से जुटे रहते हैं।



# वर्ली जेटी पर हेलीपैड बनाने का रास्ता साफ

## पवन हंस ने मीडियम हेलीपैड उपयोग करने की दी अनुमति

**मुंबई।** मनपा प्रशासन ने वर्ली स्थित जेटी पर हेलीपैड बनाने की योजना बनाई है,जिसका उपयोग मल्टी ट्रांसपोर्ट में किया जा सके। मनपा ने वर्ली जेटी का उपयोग हेलीपैड के रूप में हो सकेगा क्या इसकी फिसबिल्टी जानने के लिए पवन हंस को।सलाहकार के रूप में नियुक्त किया था। पवन हंस ने वर्ली जेटी पर मीडियम हेलीकॉप्टर उतारने की अनुमति दे दी है,जिससे अब वर्ली जेटी पर मीडियम हेलीपैड बनाने का रास्ता साफ हो गया है। मनपा अधिकारियों ने जानकारी दी कि वर्ली स्थित जेटी जो कि 27 मीटर चौड़ा और 31 मीटर लम्बा है। इसका उपयोग हेलीकॉप्टर उतारने के उपयोग में किया जा सकेगा। पवन हंस ने अपनी रिपोर्ट में मीडियम साइज का हेलीकॉप्टर उतारने की अनुमति दे दी है। मनपा अधिकारियों ने जानकारी दी कि पवन हंस से अनुमति मिलने के बाद मनपा अब होम,डिफेंस,सिविल एविएशन सहित हेलीपैड बनाने को लेकर लगने वाली अन्य मंजूरी लेने के लिए मनपा अब निविदा प्रक्रिया और सलाहकार सहित अन्य कार्यों पर निर्णय लेगी। उल्लेखनीय है कि मार्च महीने के पहले सप्ताह में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मनपा के कार्यों की समीक्षा की थी और कई निर्देश दिए थे। इसी बैठक में उपमुख्यमंत्री शिंदे ने समुद्री तटीय मार्ग पर हेलीपैड निर्माण पर विचार करने का सुझाव मनपा अधिकारियों को दिया था। इसके बाद मनपा ने मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट के तहत इस परियोजना की संभावना तलाशने के लिए सलाहकार नियुक्त करने का निर्णय लिया था इसी आधार पर मनपा ने पवन हंस को नियुक्त किया था। पवन हंस लिमिटेड ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि वर्ली जेट्टी पर हेलीपैड बनाना संभव है,हालांकि यह केवल मध्यम आकार के हेलिकॉप्टरों के लिए ही उपयुक्त होगा। परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए रक्षा मंत्रालय,नागर विमानन मंत्रालय और अन्य संबंधित प्राधिकरणों से मंजूरी लेनी होगी। इसके लिए एक और सलाहकार नियुक्त किया जाएगा और उसके बाद हेलीपैड निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू की जाएगी। कोस्टल रोड जो कि मरीन लाइन से भयंदर तक जा रहा है और वर्ली से अटल सेतु से जोड़कर सीधे पनवेल तक जुड़ जाएगा इसी के चलते वर्ली जेटी का उपयोग मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट के रूप में भी करने की योजना है।जेटी के पास कुछ गाड़ियों का पार्किंग की सुविधा देकर जेटी का उपयोग हेलीपैड के रूप में किया जाएगा ।



## युवक पर पत्थर से हमला

**भिवंडी।** शहर के नागांव रोड स्थित सागर प्लाजा होटल के सामने कल रात एक युवक पर पुरानी रंजिश के चलते पत्थर से हमला किया गया। पुलिस ने बताया कि अतीकुर रहमान अब्दुल हफिज शेख नामक 27 वर्षीय युवक, जो पेशे से गाड़ी चालक है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

राष्ट्रपति भारत सरकार की ओर से मण्डल इंजीनियर/यांत्रिक कारखाना, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक, यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

**क्रम सं.-01,** ई-निविदा सूचना सं. एवं निविदा कार्य का विवरण–DEN-MWS-2025-03 जी.के.पी.एस.-डेवलपमेंट ऑफ इंफ्रास्ट्रक्चर फैसिलिटी फॉर रिपेयर एंड मेंटनेन्स ऑफ इक्विपमेंट्स ऑफ मेमू कोचेज एंड अदर फैसिलिटीज। अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 1,83,69,269.95, धरोहर राशि (रू.में): ₹ 2,41,900/-, निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय: 03-06-2025, 11:00 बजे।

● इस ई-निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर देखें।

**मण्डल इंजीनियर/यांत्रिक कारखाना,**
मुजाधि/यॉत्रिक-17 **गोरखपुर**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**शेठ वी.सी. गांधी एवं एम. ए. वोरा मनपा सर्वसाधारण अस्पताल, राजावाडी, घाटकोपर (पू)**

क्र. एचओ/आरजीएच/21057/एस, दि. 30.04.2025

**ई-निविदा सूचना**

यह एक ई-निविदा सूचना है. बृहन्मुंबई महानगरपालिका आयुक्त द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है.

| अ. क्र. | कार्य का नाम | बयाना रकम जमाराशि (ईएमडी)–₹ | निविदा शुल्क ₹ | बोली की आरंभिक तिथि एवं समय | ई-निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 3 वर्षीय वारंटी और 5 वर्षीय व्यापक अनुरक्षण अनुबंध के साथ स्टैण्डर्ड एक्सेसरीज के साथ लाइट सोर्स तथा मॉनिटर की एसआईटीसी. ई-निविदा आईडी : 2025_एमसीजीएम_1175552 | ₹ 26,350/- | 7260/- + 18% जीएसटी = ₹ 8,567/- | 02.05.2025, सायं. 04.00 बजे (16.00 बजे) | 13.05.2025, सुबह 11.00 बजे (11 बजे) |
| 2 | 3 वर्षीय वारंटी और 5 वर्षीय व्यापक अनुरक्षण अनुबंध के साथ स्टैण्डर्ड एक्सेसरीज के साथ एचडी कैमरा सिस्टम की एसआईटीसी. ई-निविदा आईडी : 2025_एमसीजीएम_1175548 | ₹ 34,500/- | 7,260/- + 18% जीएसटी = ₹ 8,567/- | 02.05.2025, सायं. 04.00 बजे (16.00 बजे) | 13.05.2025, सुबह 11.00 बजे (11 बजे) |
| 3 | ऑर्थोपेडिक विभाग हेतु लैमिनेक्टोमी सेट की एसआईटीसी. ई-निविदा आईडी : 2025_एमसीजीएम_1175393 | ₹ 18700/- | 3630/- + 18% जीएसटी = ₹ 4,284/- | 02.05.2025, सायं. 04.00 बजे (16.00 बजे) | 13.05.2025, सुबह 11.00 बजे (11 बजे) |
| 4 | ऑर्थोपेडिक विभाग हेतु एलसी डीसीपी और डीसीपी बेसिक इंस्ट्रूमेंट की एसआईटीसी. ई-निविदा आईडी : 2025_एमसीजीएम_1175382 | ₹ 18300/- | 3630/- + 18% जीएसटी = ₹ 4,284/- | 02.05.2025, सायं. 04.00 बजे (16.00 बजे) | 13.05.2025, सुबह 11.00 बजे (11 बजे) |
| 5 | गायनाकोलॉजी विभाग हेतु एलएससीएस सेट का एसआईटीसी. ई-निविदा आईडी : 2025_एमसीजीएम_1175150 | ₹ 19600/- | 3630/- + 18% जीएसटी = ₹ 4,284/- | 02.05.2025, सायं. 04.00 बजे (16.00 बजे) | 13.05.2025, सुबह 11.00 बजे (11 बजे) |
| 6 | 3 वर्षीय वारंटी और 5 वर्षीय व्यापक अनुरक्षण अनुबंध के साथ स्टैण्डर्ड एक्सेसरीज के साथ स्लिट लम्प की एसआईटीसी. ई-निविदा आईडी : 2025_एमसीजीएम_1175555 | ₹ 18720/- | 3630/- + 18% जीएसटी = ₹ 4,284/- | 02.05.2025, सायं. 04.00 बजे (16.00 बजे) | 13.05.2025, सुबह 11.00 बजे (11 बजे) |
| 7 | विभिन्न विभाग हेतु कम्पोस्टेबल गार्बेज बैग्ज की आपूर्ति. ई-निविदा आईडी : 2025_एमसीजीएम_1175206 | ₹ 39500/- | 3630/- + 18% जीएसटी = ₹ 4,284/- | 02.05.2025, सायं. 04.00 बजे (16.00 बजे) | 13.05.2025, सुबह 11.00 बजे (11 बजे) |

सभी बोलीकर्ता, जिनमें वे एमसीजीएम में पंजीकृत बोलीकर्ता भी शामिल हैं जिन्होंने स्थायी जमाराशि का भुगतान पहले ही कर दिया है, सभी को बृहन्मुंबई महानगरपालिका में ईएमडी का भुगतान करना आवश्यक है. निविदाकर्ता को ईएमडी की निर्दिष्ट राशि http://www.mahatenders.gov.in पर ऑनलाइन पेमेंट गेटवे के जरिये बोली ऑनलाइन जमा के साथ अदा करनी होगी.

**टिप्पणी : ए) उपरोक्त निविदा के पात्रता मापदंड http://www.mahatenders.gov.in पर अपलोड की गई ई-निविदा सूचना में देखे जा सकते हैं. निविदा दस्तावेज डाक से जारी अथवा स्वीकार नहीं किए जाएंगे.**

**हस्ता./-**
**चिकित्सा अधीक्षक (प्रभारी)**
**राजावाडी अस्पताल घाटकोपर**

पीआरओ/286/विज्ञा./2025-26

सप्ताह में एक दिन सूखा दिन के तौर पर मनाये

# पाक सेना में मची भगदड़

पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान बौखला गया है। पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार के मंत्री एक तरफ ऊल-जलूल बयान देने में लगे हुए हैं। वहीं, दूसरी ओर पाकिस्तानी फौज के प्रमुख असीम मुनीर से इस्तीफा मांगा जा रहा है। कुछ मीडिया रिपोर्टों में अटकलें थीं कि मुनीर देश छोड़कर भाग गए हैं। इसके अलावा बिलावल भुट्टो का परिवार भी देश छोड़कर जा चुका है। माना जा रहा है कि भारत पहलगाम हमले को लेकर पाकिस्तान के खिलाफ कोई बड़ी कार्रवाई कर सकता है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकियों को ऐसी सजा देने की बात की है जो आतंकियों की कल्पना से परे होगा। जानते हैं- क्या भारत की संभावित कार्रवाई के डर से पाकिस्तानी फौज की हालत खराब हो रही है। मीडिया रिपोर्टों में यह भी कहा जा रहा है कि जनरल मुनीर रावलपिंडी में एक बंकर में छिप गए हैं। इन अटकलों के बीच पाकिस्तान सरकार ने एक फोटो शेयर कर बताया कि ''सब ठीक ठाक है।'' पाकिस्तानी प्रधानमंत्री कार्यालय के आधिकारिक एक्स हैंडल से रविवार को एबटाबाद से एक ग्रुप फोटो पोस्ट की जिसमें प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और जनरल मुनीर आगे की लाइन में बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। फोटो के साथ तारीख भी स्पष्ट रूप से कैप्शन देते हुए पाक पीएमओ ने कहा-26 अप्रैल, 2025 को प्रधानमंत्री मुहम्मद शहबाज शरीफ, सेना प्रमुख जनरल सैयद असीम मुनीर (एनआईएम) और पीएमए काकुल के अधिकारी एबटाबाद के पीएमए काकुल में 151वें लॉन्ग कोर्स के ग्रेजुएट अधिकारियों के साथ एक ग्रुप फोटो में शामिल हुए। जनरल मुनीर ने एक कार्यक्रम में जहर उगलते हुए कहा था कि मुसलमान और हिंदू दो अलग-अलग मुल्क हैं। मुनीर ने इस बात पर जोर दिया था कि उनके पूर्वजों का मानना था कि हिंदू और मुसलमान जीवन के हर पहलू में भिन्न हैं। मुनीर शनिवार को खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के काकुल इलाके में पाकिस्तान सैन्य अकादमी में कैडेट की पासिंग आउट परेड को संबोधित कर रहे थे। मुनीर ने कहा- द्वि-राष्ट्र सिद्धांत इस बुनियादी मान्यता पर आधारित था कि मुसलमान और हिंदू दो अलग-अलग राष्ट्र हैं, एक नहीं। मुसलमान जीवन के सभी पहलुओं- धर्म, रीति-रिवाज, परंपरा और सोच में हिंदुओं से अलग हैं। इस बीच, पाकिस्तान की सेना के जूनियर अफसरों और रिटायर्ड जनरलों ने असीम मुनीर को इस्तीफा देने के लिए कहा है। खबरों के अनुसार अफसरों का आरोप है कि जनरल मुनीर ने सेना को राजनीतिक फायदे के लिए इस्तेमाल किया है। वे बदले की भावना से काम कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पाक फौज के अफसरों की इस चिट्ठी में कहा गया है कि जनरल मुनीर के नेतृत्व में पाकिस्तान 1971 जैसे हालात में पहुंच गया है। 1971 में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ था जिसके बाद बांग्लादेश बना था। चिट्ठी में लिखा है-यह पाकिस्तान की सेना की आवाज है- कर्नल, मेजर, कैप्टन और जवान- जिन्होंने आपको हमारी संस्था, हमारे देश और हमारी इज्जत को मिट्टी में मिलाते हुए देखा है.... आपका समय खत्म हो गया है। जल्द से जल्द इस्तीफा दें वर्ना हम आपसे वह छीन लेंगे जो आपने हासिल किया है भले ही आपसे जबरदस्ती ही क्यों न करनी पड़े। पाकिस्तान की सेना पर लंबे समय से आरोप लगते रहे हैं कि वह राजनीतिक फायदे के लिए काम करती है। ऐसे में यह देखने वाली बात है कि क्या मुनीर के खिलाफ ही फौज खड़ी हो चुकी है? या पाकिस्तानी फौज में विद्रोह होने वाला है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद अब हर कोई ये कह रहा है कि मुनीर का हाल भी वही होना है जो जनरल मुशर्रफ और याह्या खान का हुआ था। याह्या खान ने पाकिस्तान की सत्ता पूर्व तानाशाह अयूब खान का तख्तापलट करके हथियाई थी। हुकूमत में आने के बाद याह्या खान ने पूरे पाकिस्तान में मार्शल ला लगा दिया था। 1971 में भारत से करारी हार और बांग्लादेश बनने के बाद याह्या खान को नजरबंद कर दिया गया था। याह्या खान की तरह ही जनरल परवेज मुशर्रफ ने भी नवाज शरीफ का तख्तापलट करके सत्ता हथियाई थी। जनरल मुशर्रफ का भी पतन ऐसा हुआ कि पाकिस्तान के खलनायकों में एक और बदनाम शख्स का नाम जुड़ गया। भारत से दुश्मनी मोल लेकर अब जनरल मुनीर भी अपना नाम पाकिस्तान के उन्हीं बदनाम जनरलों के काले रजिस्टर में लिखवाने जा रहे हैं। पाकिस्तान के सिर पर मंडराते खतरे का एहसास आसिम मुनीर को भी हो चुका है। पाकिस्तानी सेना में भारत से जंग को लेकर ऐसा खौफ है कि रातों-रात मुनीर ने अपने परिवार के सभी सदस्यों को ब्रिटेन और अमेरिका के शहरों में भेज दिया। इसके अलावा पाकिस्तानी आर्मी के कई बड़े अधिकारी भी अपने परिवारों को विदेश भेज चुके हैं। ये डर बताता है कि लंबी-चौड़ी डींग हांकने वाले पाकिस्तानी जनरल से लेकर पूरे पाकिस्तान के लिए आने वाले दिन अच्छे नहीं हैं। मुनीर और उनके लोग पाकिस्तान के चारों प्रांतों में निशाने पर हैं। बलूचिस्तान में बलोच विद्रोही उन पर भारी पड़ रहे हैं तो खैबर-पख्तूनख्वा में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) मनमाने ढंग से हमले कर रहा है। सिंध में एक नहर परियोजना ने लोगों को सड़कों पर ला दिया है और पंजाब में पूर्व पीएम इमरान खान को जेल भेजे जाने से लोग गुस्से में हैं। 2007 की तरह जब पाकिस्तान के सैन्य तानाशाह परवेज मुशर्रफ को बढ़ते प्रतिरोध और हत्या के प्रयासों का सामना करना पड़ा, आज पाकिस्तानी सेना घरेलू अशांति और जनता के घटते भरोसे से जूझ रही है। मुनीर एक मुसलमान हैं और उन्हें धर्म के मामले में एक रूढ़िवादी व्यक्ति माना जाता है। उन्होंने इस्लामी चरमपंथ के खिलाफ लड़ने और पाकिस्तान के धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए एक सुरक्षित राष्ट्र देने की आवश्यकता पर बल दिया है हालांकि, पेंटागन के अधिकारी माइकल रुबिन ने मुनीर की तुलना ओसामा बिन लादेन से की और आरोप लगाया कि मुनीर ने 2025 के पहलगाम हमले को मंजूरी दी थी। मुनीर के परिवार को स्थानीय रूप से हाफिज़ परिवार के रूप में जाना जाता है क्योंकि इसके कई सदस्यों को पूरे कुरान को कंठस्थ करने के लिए जाना जाता है जिसमें मुनीर भी शामिल हैं जिन्होंने सऊदी अरब में लेफ्टिनेंट-कर्नल के रूप में अपनी पोस्टिंग के दौरान ऐसा किया था।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*महाराष्ट्र दिन पर बढ़े, आज बेस्ट के दाम*
*युद्ध नहीं चालू हुआ, मचा दिए कोहराम*
*मचा दिए कोहराम, दूध के दाम बढ़ाए*
*करो दुंधवी यार, पुन अच्छे दिन आए*
*कह सुरेश बुद्धी इनकी मतिमंद हो गई*
*रेलिया बैरन, वेटिंग यात्रा बंद हो गई*

# जातिगत जनगणना फ़ैसले की वजह क्या?

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति ने बुधवार को फैसला किया है कि जाति गणना को आगामी जनगणना में शामिल किया जाना चाहिए। अब इस एक फैसले के मायने बड़े हैं, इसे जानकार भी गेमचेंजर मानते हैं। जनगणना के आंकड़ें संवेदनशील माने जाते हैं और इनका व्यापक असर होता है।



पहलगाम तनाव के बीच मोदी सरकार जातिगत जनगणना करवाने जा रही है, मोदी सरकार ने यह बड़ा फैसला ले लिया है। अब जब भारत और पाकिस्तान के बीच में जबरदस्त तनाव है, जब इस समय हर किसी की नजर सैन्य कार्रवाई पर है, उस बीच जातिगत जनगणना पर फैसला लेकर सरकार ने सभी को हैरान कर दिया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति ने बुधवार को फैसला किया है कि जाति गणना को आगामी जनगणना में शामिल किया जाना चाहिए। अब इस एक फैसले के मायने बड़े हैं, इसे जानकार भी गेमचेंजर मानते हैं। जनगणना के आंकड़ें संवेदनशील माने जाते हैं और इनका व्यापक असर होता है। खाद्य सुरक्षा, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम और निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन जैसी कई योजनाएं इनपर निर्भर होती हैं। आंकड़ों का उपयोग सरकारों के साथ उद्योग जगत और शोध संस्थाएं भी करती हैं। जून, 2024 तक भारत दुनिया भर में उन 44 देशों में से एक था जिन्होंने इस दशक में जनगणना नहीं कराई। इसके पहले केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने 20 जुलाई 2021 को लोकसभा में एक सवाल के जवाब में कहा था कि फिलहाल केंद्र सरकार ने अनुसूचित जाति और जनजाति के अलावा किसी और जाति की गिनती का कोई आदेश नहीं दिया है। बताना जरूरी होगा कि भारत में जनगणना के उपलब्ध आंकड़ों से यह पता नहीं चलता कि देश में किस जाति के कितने लोग हैं। जनगणना से यह तो पता चलता है कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के कितने लोग हैं लेकिन ओबीसी वर्ग में कितनी जातियां हैं, इसका पता नहीं चल पाता। वैसे देश की राजनीति ऐसी रही है कि यहां पर एक जमाना ऐसा था जब कई क्षेत्रीय पार्टियों का जन्म ही जातिगत राजनीति के आधार पर हुआ। यह 1980 का दशक था जब निचली जातियों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण देने की बात हुई। यह अलग बात है कि मंडल कमीशन 1990 में जाकर लागू हुआ और उसने देश की राजनीति हमेशा के लिए बदल दी। अब विपक्षी पार्टियों को लगता है कि जातिगत जनगणना बीजेपी के हिंदुत्व का काट है। अगर हिंदू को ही बांट दिया गया तो बीजेपी के लिए अपनी सियासत करना मुश्किल हो जाएगा। कुछ लोग सोच सकते हैं कि 'एक हैं तो सेफ हैं' की बात करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जातीय जनगणना के लिए तैयार कैसे हो गए? सुप्रीम कोर्ट में कास्ट सेंसस से बचने के लिए कई तरह की दलीलें केंद्र सरकार की ओर से दी गई थी। बिहार की जातीय सर्वे की खुले मंच से आलोचना की गई थी। मगर, अब हालात बदल गए हैं। महागठबंधन के साथ रहकर बिहार में कास्ट सर्वे कराने के बाद नीतीश कुमार अब नरेंद्र मोदी के पाले में हैं। वैसे, बिहार की कई योजनाओं को केंद्र सरकार ने बड़े स्तर पर स्वीकार किया है। उसमें अब बिहार का जातीय सर्वे भी शुमार हो गया।यही कारण है कि सरकार की ओर से फैसले की घोषणा के साथ फिर से राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई। कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल जहां इसे अपनी जीत बता रहे हैं वहीं भाजपा की ओर इतिहास स्पष्ट किया गया और कहा गया कि जाति जनगणना पहली बार होने जा रही है। इस फैसले के बाद एकबारगी जहां देश का ध्यान पाकिस्तान से हटकर घरेलू राजनीति पर आया वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक झटके में विपक्षी का बड़ा चुनावी मुद्दा भी छीन लिया। दरअसल अक्टूबर-नवंबर में बिहार चुनाव है जहां विपक्षी महागठबंधन इसे ही सबसे बड़ा मुद्दा बनाने की तैयारी में था। अब चुनाव में श्रेय की होड़ छिड़ेगी जहां राजग की ओर से यह बताया जाएगा कि आजादी के बाद पहली बार जाति जनगणना होने जा रही है। फैसले की जानकारी देते हुए सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विभिन्न राज्यों में जाति जनगणना के नाम पर जाति सर्वे पर भी सवाल खड़ा किया। उन्होंने साफ किया कि संविधान के अनुच्छेद 246 की केंद्रीय सूची में जनगणना को रखा गया है, इसीलिए राज्यों ने जाति जनगणना कराने का अधिकार नहीं है। भाजपा ने जाति जनगणना को प्रमुख राजनीतिक मुद्दा बनाने वाली कांग्रेस को आड़े हाथ लिया हैं । उनके अनुसार हकीकत यही है कि कांग्रेस की सरकारों ने आज तक जाति जनगणना का विरोध किया है। इसका प्रमाण है कि आजादी के बाद सभी जनगणनाओं में जाति की गणना की ही नहीं गई। जाति जनगणना के मुद्दे को कांग्रेस व आइएनडीआइए गठबंधन दलों पर सिर्फ राजनीतिक लाभ के लिए उपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि मनमोहन सिंह सरकार ने 2010 में संसद में आश्वासन देने के बावजूद मनमोहन सिंह सरकार ने इसे नहीं कराया गया। जाति जनगणना पर मंत्रीमंडल समूह की संस्तुति के बावजूद मनमोहन सिंह सरकार ने सामाजिक, आर्थिक, जातीय जनगणना के नाम सिर्फ सर्वे कराया। ध्यान देने की बात है कि जातीय जनगणना 1931 में जनगणना के साथ हुई थी। इसी जातीय जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ओबीसी आरक्षण के लिए मंडल कमीशन ने 1980 में अपनी रिपोर्ट सौंपी थी और तत्कालीन प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने 1991 में इसे लागू किया था। लेकिन पिछड़ी जातियों की मौजूदा जनसंख्या जानने और उसके अनुरूप में उनके उत्थान की नीतियां बनाने के लिए जातीय जनगणना कराने की मांग जोर पकड़ रही थी। बताया जाता है कि 2011 के सामाजिक आर्थिक और जातीय जनगणना (एसईसीसी) से सीख लेते हुए सरकार इसका स्वरूप तय करने के लिये सर्वदलीय समिति का गठन कर सकती है। 2011 की एसईसीसी में 1931 के 4147 जातियों की तुलना में 46।80 लाख जातियां दर्ज की गई थी।इस बार सरकार जनगणना के साथ-साथ जातीय जनगणना कराने का फुलप्रूफ माडल तैयार करना चाहती है। मुद्दे की संवेदनशीलता को देखते हुए सरकार इस पर आम राय बनाने की कोशिश कर सकती है और उसका सबसे अच्छा तरीका सर्वदलीय समिति का गठन है। जिसकी अनुसंशाओं के अनुरूप जातीय जनगणना कराई जाएगी। यहां पर कुछ जानकार तो कहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी ने एक मास्टर स्ट्रोक कदम उठा लिया है।

**-अशोक भाटिया**

# सनातन धर्म को पुनर्स्थापित करने वाले शंकराचार्य

भारत के एक महान दार्शनिक एवं धर्मप्रवर्तक आदिशंकर के नाम से प्रसिद्ध आद्य गुरु शंकराचार्य न केवल भाष्य, प्रकरण तथा स्तोत्र ग्रंथों की संरचना, विधर्मियों, पंथानुयियों एवं मीमांसकादि से शास्त्रार्थ, परकायप्रवेश, नारदकुंड से अर्चाविग्रह श्रीबदरीनाथ एवं भूगर्भ से अर्चाविग्रह श्रीजगन्नाथ दारुब्रह्म को प्रकट कर प्रतिस्थापित करने, सुधन्वा सार्वभौम को राजसिंहासन समर्पित करने और चतुराम्नाय- चतुष्पीठों की स्थापना कर अहर्निश अथक परिश्रम के द्वारा धर्म और आध्यात्म को ऊर्जस्वित, उज्जीवित और प्रतिष्ठित करने वाले के रूप में सर्वप्रसिद्ध हैं, बल्कि हिन्दू धर्म में सनातन परंपरा को नया रूप देने का श्रेय भी आदि गुरु शंकराचार्य को ही जाता है। आद्यगुरु शंकराचार्य को शिवावतार, आदिगुरु, श्रीमज्जगदगुरु, धर्मचक्रप्रवर्तक, यतिचक्र चुरामणि, धर्मसम्राट, भगवान आदि नामों से भी जाना जाता है। शंकर दिग्विजय, शंकरविजयविलास, शंकरजय आदि ग्रंथों में उनके जीवन से संबंधित वर्णन अंकित प्राप्य हैं। कलियुग के प्रथम चरण में विलुप्त तथा विकृत वैदिक ज्ञान-विज्ञान को उद्भासित और विशुद्ध कर वैदिक वांगम्य को दार्शनिक, व्यवहारिक, वैज्ञानिक धरातल पर समृद्ध करने तथा राजर्षि सुधन्वा को सार्वभौम सम्राट ख्यापित करने वाले चतुराम्नाय-चतुष्पीठ संस्थापक नित्य तथा नैमित्तिक युग्मावतार शिवस्वरुप भगवत्पाद शंकराचार्य का जन्म वैशाख शुक्ल पंचमी, 2631 युधिष्ठिर संवत, ईसा से 1235 वर्ष पूर्व, शक 507 ईस्वी पूर्व में भारत के चेर साम्राज्य वर्तमान केरल प्रदेश के कालड़ी अथवा काषल ग्राम में हुआ था। इनकी मृत्यु तिथि अज्ञात है। मान्यता है कि ये 32 वर्ष की अल्प आयु में सम्वत 475 ईस्वी पूर्व में केदारनाथ के समीप सशरीर शिवलोक गमन कर गए थे। शंकर के समकालीन पश्चिम सुधन्वा चौहान के एक ताम्रपत्र अभिलेख के अनुसार शंकर का जन्म युधिष्ठिराब्द 2631, शक 507 ईस्वी पूर्व तथा शिवलोक गमन युधिष्ठिराब्द 2663, शक 475 ईसा पूर्व सर्वमान्य है। अन्य शांकर मठों में भी इसी से मिलते -जुलते प्रमाण मिलते हैं। और यही सर्वमान्य मत है। इनके पिता का नाम शिवगुरु भट्ट और माता का नाम अर्यंबा था। उनके पिता शिवगुरु भट्ट तैत्तिरीय शाखा



के यजुर्वेदी भट्ट ब्राह्मण थे। बहुत दिन तक सपत्नीक शिव को आराधना करने के अनंतर शिवगुरु भट्ट को पुत्ररत्न की प्राप्ति होने के कारण उन्होंने पुत्र का नाम शंकर रखा। वह अपने ब्राह्मण माता-पिता की इकलौते संतान थे। शंकर के तीन वर्ष की आयु होने के समय ही उनके पिता का देहांत हो गया था। शंकर बाल्यकाल से ही अत्यंत मेधावी, तीव्र बुद्धिशील तथा प्रतिभाशाली थे। छह वर्ष की अवस्था होने तक ये वेद- वेदांग के प्रकांड पंडित हो गए थे। सात वर्ष की अल्पायु तक वे वेदों के विद्वान, बारहवें वर्ष तक सर्वशास्त्र पारंगत और सोलहवें वर्ष में तो उन्होंने ब्रह्मसूत्र पर भाष्य ही रच दिया। शिष्यों को शिक्षा देते हुए उन्होंने शताधिक ग्रंथों की रचना कर दी। अद्वैत वेदांत के प्रणेता और अद्वैतवाद को प्रचलित करने वाले आदि शंकराचार्य को भारतीय इतिहास में सबसे श्रेष्ठतम दार्शनिक कहा गया है। उल्लेखनीय है कि मात्र आठ वर्ष की अल्पावस्था में इन्होंने संन्यास ग्रहण कर लिया था। आठ वर्ष की अल्पायु में गृहस्थ जीवन को त्यागकर सन्यास सदृश्य जीवन का कठोर व कठिन मार्ग अपनाने वाले इस बालक ने लंबे समय तक जंगलों, पहाड़ों और कंदराओं में अपने गुरु की तलाश की। अंततः मध्य प्रदेश स्थित ओमकारेश्वर में गुरु के रूप में आचार्य गोविंद भगवत्पाद योगी के मिलने पर उनकी यह साध्य पूर्ण हुई। और वे पूर्णतः सन्यास में दीक्षित हुए। कालांतर में शंकराचार्य ने भारत के चार दिशाओं में ज्योतिष्पीठ बदरिकाश्रम, श्रृंगेरी पीठ, द्वारिका शारदा पीठ और पुरी गोवर्धन पीठ नामक चार मठों की स्थापना कर न केवल सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार किया, बल्कि देश को एक सूत्र में पिरोने का काम भी किया। ये मठ आज भी बहुत प्रसिद्ध और अत्यंत पवित्र माने जाते हैं। इन मठों में आसीन सन्यासी आज भी शंकराचार्य कहे जाते हैं। शंकराचार्य ने पूरे भारत में मंदिरों और शक्तिपीठों की पुनः स्थापना की। मान्यतानुसार नील पर्वत पर स्थित चंडी देवी मंदिर की स्थापना इन्होंने ही की। शिवालिक पर्वत श्रृंखला की पहाड़ियों के मध्य स्थित माता शाकंभरी देवी शक्तिपीठ में जाकर इन्होंने पूजा- अर्चना की और शाकंभरी देवी के साथ तीन देवियां- भीमा, भ्रामरी और शताक्षी देवी की प्रतिमाओं को स्थापित किया। कामाक्षी देवी मंदिर भी इन्होने ही स्थापित की है। उनके धर्मार्थ कार्यों के कारण तत्कालीन समय में धर्म का वृहत रूप में प्रचार-प्रसार हुआ था। व्यासपीठ के पोषक राजपीठ के परिपालक धर्माचार्यों को नीतिशास्त्र, कुलाचार व श्रौत-स्मार्त कर्म, उपासना तथा ज्ञानकांड के यथायोग्य प्रचार-प्रसार की भावना से अपने अधिकार क्षेत्र में परिभ्रमण करने का उपदेश देकर सनातन धर्म के पुनरुद्धार के प्रेरक के रूप में भी उन्होंने अन्यतम कार्य किया। आद्य शंकराचार्य ने धर्मराज्य की स्थापना के लिए व्यासपीठ तथा राजपीठ में सद्भावपूर्ण संवाद के माध्यम से सामंजस्य बनाये रखने की प्रेरणा प्रदान की। ब्रह्मतेज तथा क्षात्रबल के साहचर्य से सर्वसुमंगल कालयोग की सिद्धि को सुनिश्चित मानकर कालगर्भित तथा कालातीतदर्शी आचार्य शंकर ने व्यासपीठ तथा राजपीठ का शोधनकर दोनों में सैद्धान्तिक सामंजस्य साधा। उनके समय देश में सनातन वैदिक धर्म की स्थिति विपरीत थी। बौद्ध मतावलंबी अत्याचार कर रहे थे और सनातनियों को बरगलाने में लगे हुए थे। उस विपरीत परिस्थिति में मात्र आठ वर्ष की आयु में आद्य गुरु शंकराचार्य ने संन्यास ग्रहण कर विलुप्त होती सनातन परंपरा को जीवित किया और सनातन धर्म का परचम लहराया। देश में सर्वत्र भ्रमण कर उन्होंने ब्रह्म सत्यं जगत मिथ्या सिद्धांत को प्रतिपादित किया। काशी अवस्थित विजिलबिंदु के तालवन में तत्कालीन विद्वान मंडन मिश्र की पत्नी भारती से शास्त्रार्थ कर उसमें विजयी हुए। इस शास्त्रार्थ में विजयी होने पर ही सभी इनके मत, इनके सिद्धांत को मानने को विवश हुए।

**- अशोक "प्रवृद्ध"**

# विज्ञान और कल्पना से परे: ब्रह्मांड के 10 अद्भुत रहस्य

जब हम रात के आसमान की ओर देखते हैं तो लगता है कि सब कुछ शांति से स्थिर है लेकिन सच्चाई इसके बिल्कुल विपरीत है। ब्रह्मांड, जिसे हम कभी टेलीस्कोप से तो कभी कल्पना से समझने की कोशिश करते हैं, वह रहस्यों का एक अंतहीन महासागर है। विज्ञान हर रोज़ इसकी परतें खोलता है लेकिन जितना जानता है, उतना ही नया अनजाना संसार सामने आता है। पेश हैं ऐसे 10 ब्रह्मांडीय तथ्य जो न केवल सच हैं बल्कि इतने हैरतअंगेज़ हैं कि पढ़ते ही दिमाग कहेगा -"क्या वाकई ऐसा है?" हम जिन तारे, ग्रह और धूल के बादलों को देख पाते हैं, वे केवल 5% ब्रह्मांड हैं। शेष 95% हिस्सा डार्क मैटर और डार्क एनर्जी का है। ऐसी रहस्यमयी शक्तियाँ जिन्हें न देखा जा सकता है, न सीधे मापा जा सकता है। ब्लैक होल के शक्तिशाली गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र में समय धीमा हो जाता है। वहाँ अगर कोई होता तो बाहर की दुनिया उसकी तुलना में बहुत तेजी से आगे बढ़ जाती, जैसे विज्ञान-फिक्शन की कहानियां हकीकत बन जाएं। न्यूट्रॉन स्टार इतने घने होते हैं कि इनका एक चम्मच भर पदार्थ अरबों टन वजनी होता है। यह पदार्थ ब्रह्मांड का सबसे सघन और अद्भुत रूप है। UY Scuti, अब तक ज्ञात सबसे विशाल तारा है। अगर इसे हमारे सौरमंडल में रखा जाए तो यह शनि ग्रह से भी आगे पहुँच जाएगा! यह नीला ग्रह भले ही सुंदर दिखे लेकिन यहाँ काँच के महीन कणों की बारिश होती है जो 7,000 किमी/घंटा की रफ्तार से गिरते हैं। यह कल्पना से भी अधिक भयानक है। यह पृथ्वी से दो गुना बड़ा ग्रह इतने उच्च तापमान और कार्बन से भरपूर है कि वैज्ञानिक मानते हैं कि इसका बड़ा हिस्सा हीरे का बना हो सकता है - एक असली "हीरे का संसार"! अंतरिक्ष में न हवा है, न माध्यम। इसलिए वहाँ कोई आवाज़ नहीं गूंजती। वहाँ का मौन इतना गहरा है कि उसे केवल महसूस किया जा सकता है। जब कोई विशाल तारा अपना जीवन समाप्त करता है, तो वह सुपरनोवा बनकर फटता है। उस क्षण उसकी चमक इतनी होती है कि वह अरबों सूरजों से भी अधिक तेज़ दिखता है। करीब 4.5 अरब वर्षों बाद, हमारी आकाशगंगा "मिल्की वे" और निकटतम विशाल आकाशगंगा "एंड्रोमेडा" आपस में टकराकर एक नई महाकाय आकाशगंगा बनाएंगी - "मिल्कड्रोमेडा"। गैलेक्सियाँ ब्रह्मांड में बेतरतीब नहीं हैं। वे एक विशाल कोस्मिक वेब जैसी संरचना में फैली हुई हैं। धागों और गांठों की जटिल दुनिया, जो पूरे ब्रह्मांड को जोड़ती है। ब्रह्मांड केवल अनगिनत तारों का समुच्चय नहीं, बल्कि असंख्य रहस्यों की जीवित प्रयोगशाला है। जितना हम इसे समझने की कोशिश करते हैं, उतना ही यह और अधिक जटिल और सुंदर प्रतीत होता है। शायद हमारा ब्रह्मांड स्वयं एक कविता है जिसे सितारों और ग्रहों ने मिलकर लिखा है।

**-उमेश कुमार साहू**

आज का कार्टून




साभार

# बालकृष्ण की भक्ति के पर्याय कवि सूरदास

सूरदास हिंदी साहित्य के भक्ति काव्य के प्रमुख स्तंभों में से एक हैं जिन्हें बालकृष्ण की भक्ति का पर्याय माना जाता है। उनकी रचनाएँ, विशेष रूप से सूरसागर, भगवान श्रीकृष्ण के प्रति उनकी अनन्य भक्ति और काव्यात्मक प्रतिभा का जीवंत प्रमाण हैं। सूरदास का जीवन, उनकी भक्ति और काव्य साधना, भारतीय संस्कृति और साहित्य में एक अनमोल रत्न के रूप में चमकता है। सूरदास का जन्म वैशाख शुक्ला पंचमी, संवत् 1535 माना जाता है। उनके जन्म स्थान को लेकर विद्वानों में मतभेद हैं। कुछ स्रोतों के अनुसार, उनका जन्म दिल्ली के निकट रुनकता नामक गाँव में हुआ जबकि अन्य का मानना है कि वे मथुरा के समीप गौघट में पैदा हुए। सूरदास का जन्म एक गरीब ब्राह्मण परिवार में हुआ था। परंपरागत मान्यता के अनुसार वे जन्म से अंधे थे जिसके कारण उन्हें सामाजिक उपेक्षा का सामना करना पड़ा हालांकि, कुछ आधुनिक विद्वान इस बात पर संदेह व्यक्त करते हैं और मानते हैं कि सूरदास की अंधता शारीरिक से अधिक प्रतीकात्मक थी जो उनकी भक्ति की गहराई को दर्शाती थी। सूरदास का परिवार धार्मिक और संगीतमय वातावरण वाला था। उनके पिता रामदास एक गायक थे, और संभव है कि सूरदास को संगीत और काव्य की प्रारंभिक शिक्षा अपने परिवार से ही प्राप्त हुई हो। बचपन में ही सूरदास की रुचि भक्ति और संगीत की ओर बढ़ी। उनकी काव्य प्रतिभा और भक्ति भावना ने उन्हें कम उम्र में ही लोगों का ध्यान आकर्षित किया। सूरदास का जीवन भक्ति मार्ग की ओर तब पूरी तरह मुड़ा, जब उनकी मुलाकात भक्ति संत वल्लभाचार्य से हुई। वल्लभाचार्य, जो पुष्टिमार्ग के प्रवर्तक थे, ने सूरदास को श्रीकृष्ण की भक्ति में दीक्षित किया। इस मुलाकात ने सूरदास के जीवन को नई दिशा दी। वल्लभाचार्य ने उन्हें श्रीनाथजी के मंदिर में भक्ति और काव्य साधना के लिए प्रेरित किया। सूरदास ने अपने गुरु के निर्देश पर श्रीकृष्ण के बाल रूप और उनकी लीलाओं को अपने काव्य का केंद्र बनाया। पुष्टिमार्ग के अनुसार, भक्ति का आधार प्रेम और समर्पण है। सूरदास ने इस दर्शन को अपने काव्य में आत्मसात किया और श्रीकृष्ण के प्रति अनन्य प्रेम को अपनी रचनाओं में व्यक्त किया। उनकी भक्ति में गोपियों का प्रेम, यशोदा का वात्सल्य और भक्त की आत्मसमर्पण की भावना प्रमुख रूप से उभरती है। सूरदास की रचनाएँ इस बात का प्रमाण हैं कि वे केवल कवि ही नहीं बल्कि एक सच्चे भक्त भी थे जिन्होंने अपने जीवन को श्रीकृष्ण की सेवा में समर्पित कर दिया। सूरदास की सबसे प्रसिद्ध रचना सूरसागर है जिसमें श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया गया है। यह एक विशाल काव्य संग्रह है जिसमें लगभग एक लाख पदों का उल्लेख मिलता है, हालांकि वर्तमान में उपलब्ध संस्करणों में इनकी संख्या कम है। सूरसागर में सूरदास ने श्रीकृष्ण के जन्म, बाल लीलाओं, गोपियों के साथ रास, और उनके अन्य चरित्रों को अत्यंत भावपूर्ण और जीवंत ढंग से चित्रित किया है। सूरदास का काव्य उनकी भाषा की सरलता और भावनात्मक गहराई के लिए प्रसिद्ध है। उन्होंने ब्रजभाषा का उपयोग किया, जो उस समय की लोकप्रिय और मधुर भाषा थी। उनकी रचनाएँ संगीतमय हैं और भक्ति रस से परिपूर्ण हैं। सूरदास ने अपने काव्य में विभिन्न रसों का समावेश किया, जिनमें श्रृंगार, वात्सल्य और भक्ति रस प्रमुख हैं। उनके पदों में श्रीकृष्ण की लीलाओं का ऐसा चित्रण है कि पाठक और श्रोता स्वयं को ब्रज की गलियों में गोपियों और यशोदा के साथ उपस्थित अनुभव करते हैं। सूरदास का काव्य केवल श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन ही नहीं बल्कि एक गहन दार्शनिक चिंतन भी प्रस्तुत करता है। उनकी रचनाओं में भक्ति के साथ-साथ जीवन के विभिन्न पहलुओं, जैसे प्रेम, विरह, और आत्मसमर्पण, का चित्रण मिलता है। सूरदास ने भक्ति को केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे जीवन का आधार बनाया। उनके काव्य में गोपियों का प्रेम श्रीकृष्ण के प्रति पूर्ण समर्पण का प्रतीक है, जो यह दर्शाता है कि सच्ची भक्ति में अहंकार का कोई स्थान नहीं होता। सूरदास का काव्य सामाजिक समानता के विचारों को भी प्रतिबिंबित करता है। उनकी रचनाओं में गोपियों, ग्वालों और सामान्य जनों को श्रीकृष्ण के निकट दिखाया गया है जो यह संदेश देता है कि भक्ति में जाति, वर्ग या लिंग का कोई भेद नहीं होता। सूरदास ने अपने काव्य के माध्यम से भक्ति को लोकप्रिय बनाया और इसे जन-जन तक पहुँचाया।

**- संदीप सृजन**

# सीबीआई को संजीव मुखिया की चार दिन रिमांड मिली

**नीट पेपर लीक के खुलेंगे और राज**

महानगर नेटवर्क
पटना

नीट पेपर लीक के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया से अब केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) पूछताछ करने वाली है। पटना के सीबीआई स्पेशल कोर्ट ने गुरुवार को संजीव मुखिया को सीबीआई रिमांड पर भेजने का आदेश दिया है। केंद्रीय एजेंसी उससे 4 दिन पूछताछ करेगी। सीबीआई ने कोर्ट में संजीव मुखिया की 7 दिन की रिमांड देने की मांग हेतु आवेदन दिया था, मगर अदालत ने 4 दिनों की ही कस्टडी दी है। इससे पहले बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) भी आरोपी से पूछताछ कर चुकी है।




देश भर के मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए होने वाली नीट परीक्षा का पिछले साल पेपर लीक हुआ था। इसका सरगना माने जाना वाला संजीव मुखिया 11 महीने से फरार था।
पिछले महीने उसे पटना से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद ईओयू ने उससे पूछताछ की जिसमें कई अहम खुलासे हुए। ईओयू के अलावा सीबीआई भी नीट पेपर लीक मामले की जांच कर रही है। सीबीआई ने बीते सोमवार को पटना में स्पेशल कोर्ट में संजीव मुखिया को रिमांड पर लेने की अर्जी दायर की। अदालत ने मंगलवार को आरोपी को पेश होने का आदेश दिया।
सीबीएसई स्पेशल कोर्ट ने प्रोडक्शन वारंट जारी करते हुए यह आदेश बेऊर जेल के अधीक्षक को भेजा। गुरुवार को अदालत में मामले की सुनवाई हुई। इसमें सीबीआई को संजीव मुखिया को पेपर लीक केस में 4 दिनों तक रिमांड में लेने की अनुमति दी। अब उससे पूछताछ में कई अहम खुलासे होने की संभावना है।

# वैशाली में बेकाबू पिकअप का कहर

- पांच को रौंदा, एक की मौत
- भीड़ ने गाड़ी को फूंक डाला



महानगर नेटवर्क
वैशाली

वैशाली में गुरुवार को बेलगाम पिकअप वाहन ने कहर ढाया। गाड़ी के ड्राइवर ने रोड के किनारे पर खड़े पांच लोगों को कुचल दिया जिसमें एक की मौत हो गई। शेष चार लोग जख्मी हो गए जिनमें से दो की हालत गंभीर है। मृत युवक की पहचान रौशन कुमार, 24 वर्ष के रूप में की गयी है। गंभीर रूप से घायलों को पटना रेफर कर दिया गया है। घटना के बाद आक्रोशित भीड़ ने गाड़ी को आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने वाहन चालक को हिरासत में ले लिया है। घटना हाजीपुर-लालगंज एसएच 74 की है। पुलिस ने दमकल बुलाकर जलती आग को बुझा दिया। एहतियाती तौर पर बड़ी संख्या में पुलिस बलों को तैनात कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक पिकअप वाहन से किसी को ठोकर लग गई थी। डर के मारे ड्राइवर गाड़ी को तेजी से भगा रहा था। इसी दौरान हादसा हो गया। इस भीषण दुर्घटना में 24 वर्षीय रोशन कुमार की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई, जबकि विकास ठाकुर, मोहम्मद अनजय और सनी कुमार सहित चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

# PM मोदी के कहने पर हुआ था बिहार में जातीय जनगणना

**केंद्रीय मंत्री का बड़ा खुलासा**

महानगर नेटवर्क
पटना

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने बुधवार को ऐलान किया कि सरकार अगले साल होने वाले जनगणना के दौरान जातियों की भी गिनती करेगी. केंद्र के इस ऐलान के बाद से ही जहां विपक्ष इसे अपनी जीत बता रहा है तो वहीं, सरकार इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को दे रही है. इन सबके बीच मोदी कैबिनेट में मंत्री और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने बड़ा दावा किया है. गुरुवार को गया में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना सामाजिक न्याय का तकाजा थी। यह आजादी के बाद भी कराई जा सकती थी, लेकिन किसी सरकार ने ऐसा नहीं किया. गया में पत्रकारों से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जातीय जनगणना कराने के लिए विभिन्न पार्टियों द्वारा आज नहीं, बहुत पहले से मांग की जाती रही है. एक



साल पहले भी बिहार में सर्वदलीय बैठक कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इसको लेकर मुलाकात की गई थी, तब उन्होंने कहा था कि इस पर विचार किया जाएगा. हां, राज्य चाहे तो जातीय जनगणना करा सकते हैं. उसके बाद बिहार में जातीय जनगणना हुई. जीतन राम मांझी ने आगे कहा कि बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में जातीय जनगणना कराने का फैसला लिया गया. जातीय जनगणना के बाद जिसकी जितनी संख्या, उसकी उतनी भागीदारी होगी. सभी क्षेत्रों में, चाहे वह खेलकूद हो, शिक्षा हो, राजनीति हो, सभी मुद्दों पर उन्हें लाभ मिलेगा।

# बहन की डोली से पहले उठी भाई की अर्थी

**शराब माफियाओं ने युवक को उतारा मौत के घाट**



महानगर नेटवर्क
रोहतास

रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र स्थित जिगिना गांव में बुधवार की रात उस वक्त मातम पसर गया, जब शादी के समियाना में दुल्हन के 15 वर्षीय भाई की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। वजह सिर्फ इतनी थी कि उसने शादी समारोह में हो रही अवैध शराब बिक्री का विरोध किया था। मृतक विक्की राजा, गांव के ही संजय चौधरी का पुत्र था। बुधवार को उसकी बहन रुबी कुमारी की बारात भोजपुर जिले के अगियांव स्थित डिहरी टोला निवासी बलिराम कुमार के साथ आई थी। पूरे परिवार में शादी की खुशी का माहौल था, लेकिन देर रात यह खुशी मातम में बदल गई। जानकारी के अनुसार, समियाना में नाच के दौरान कुछ मनचले अवैध रूप से शराब बेच रहे थे। विक्की ने इसका विरोध किया, जिससे नाराज धंधेबाजों ने उसे निशाना बना लिया। मौका देखकर उसे लाठी-डंडों से इतना मारा गया कि वह लहूलुहान हो गया। परिवार वालों ने उसे तत्काल इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**भाई की लाश से लिपट कर रोती रही दुल्हन**

विक्की की मौत की खबर मिलते ही पूरे गांव में चीख-पुकार मच गई। रुबी कुमारी, जो कुछ ही घंटों पहले दुल्हन बनी थी, अपने भाई की लाश से लिपटकर फूट-फूट कर रोने लगी। शादी का समारोही पंडाल मातमी सन्नाटे में बदल गया। गुस्साए परिजन और ग्रामीण विक्की का शव लेकर दिनारा थाना पहुंचे और शव को थाने के सामने रखकर सड़क जाम कर दिया।
मृतक के पिता संजय चौधरी और परिजनों की मांग थी कि आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी हो और उन्हें कड़ी सजा दी जाए। मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने घंटों समझा-बुझाकर परिजनों को शांत किया। आश्वासन मिलने के बाद ही जाम हटाया गया और शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेजा गया।

# आरजेडी विधायक रीतलाल यादव का जेल बदला

**पटना के बेऊर से भागलपुर शिफ्ट किया गया**

महानगर नेटवर्क
पटना

पटना के दानापुर से राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के विधायक रीतलाल यादव का जेल बदला गया है। उन्हें बेऊर जेल से भागलपुर जेल शिफ्ट कर दिया गया है। बाहुबली विधायक रीतलाल यादव पर एक बिल्डर से रंगदारी मांगने का आरोप है। पिछले दिनों उन्हें अदालत में सरेंडर किया था, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। फिलहाल रीतलाल के जेल शिफ्टिंग की वजह नहीं बताई गई है।
माना जा रहा है कि सुरक्षा कारणों से यह फैसला लिया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, आरजेडी विधायक रीतलाल यादव ने अपने भाई, भगीना समेत अन्य लोगों के साथ दानापुर कोर्ट में सरेंडर किया था। वे बिल्डर



से रंगदारी मांगने के मामले में फरार चल रहे थे। पुलिस ने उससे पहले रीतलाल यादव को पकड़ने के लिए उनके आवास और अन्य ठिकानों पर छापेमारी भी की थी। सरेंडर करने के बाद अदालत ने रीतलाल यादव को न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। जेल जाने से पहले विधायक ने अपनी जान पर खतरा होने का दावा किया था। उन्होंने यह भी कहा था कि जेल से कोर्ट आने-जाने के दौरान उनकी हत्या हो सकती है। आरजेडी विधायक ने बिल्डर के साथ ही पुलिस पर भी साजिश रचने का आरोप लगाया था। अब रीतलाल का जेल ट्रांसफर कर दिया गया है, जिससे सियासी गलियारे में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

## लिफ्ट देने के बहाने डांसर से सामूहिक दुष्कर्म

**पटना।** पटना के बाहरी इलाके शाहपुर में एक महिला के साथ उसके पति के सामने कथित तौर पर बलात्कार किया गया। महिला डांसर हैं और अपने पति के साथ लौट रही थीं। दानापुर के एएसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि महिला बुधवार तड़के शाहपुर डेरा गांव में एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद अपने पति के साथ घर लौट रही थी, तभी यह घटना घटी। एएसपी भानु प्रताप सिंह ने कहा कि जब महिला के पति ने तीन राहगीरों से दिघवारा रेलवे स्टेशन का रास्ता पूछा, तो उन्होंने दंपती को उनकी मोटरसाइकिल पर बैठने को कहा। स्टेशन ले जाने के बजाय उन्हें एक सुनसान जगह पर ले जाया गया, जहां बंधक बनाए गए उसके पति के सामने महिला के साथ बलात्कार किया गया। इसके बाद आरोपी उन्हें वहीं छोड़कर भाग गए। पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

**मेरी सोच पापा से अलग**

# चिराग ने फिर छेड़ा बिहार वाला राग

**नीतीश को RJD-कांग्रेस ने किया सावधान**

महानगर नेटवर्क
पटना

लोक जनशक्ति पार्टी-रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नरेंद्र मोदी सरकार में खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान ने फिर कहा है कि वे बिहार में रहना चाहते हैं और बिहार के राजनीति करना चाहते हैं। चिराग पासवान के इस बयान पर राज्य की सियासत सुलग गई है। बीजेपी और जदयू ने जहां चिराग के इस फैसले से एनडीए के मजबूत होने का दावा किया है वहीं लालू यादव की पार्टी राजद और कांग्रेस ने नीतीश कुमार को बीजेपी से सावधान किया है।
पत्रकारों को संबोधित करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि मैंने बिहार के



लिए ही राजनीति में आया। 2013 में मुझे पार्टी में शामिल किया गया तभी कह दिया था कि मुझे बिहार के लिए काम करना है। कहा कि मेरे पिता रामविलास पासवान केंद्र की राजनीति में रुचि रखते थे। इसके उलट मुझे बिहार में रहना है। चिराग पासवान ने कहा कि दिल्ली और मुंबई में काम करते हुए देखा है कि बिहार के लोग बाहर दूसरे राज्यों में किन हालातों में रहकर काम करते हैं।

## आग से झुलसकर दंपति की मौत

**समस्तीपुर।** बिहार में समस्तीपुर जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में आग से झुलसकर एक दंपति की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने गुरूवार को यहां बताया कि जिले के जितवारपुर हकीमाबाद गांव स्थित एक घर मे बुधवार की देर रात अचानक आग लग गयी। इस घटना में लखन सहनी (70) और उनकी पत्नी पूर्णी देवी (65) की झुलसकर मौत हो गयी। आग लगने से लाखों रुपए मूल्य की संपत्ति भी जलकर नष्ट हो गयी।
सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरीय पदाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घटना के कारणों की जांच की। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये समस्तीपुर सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

## ढाई लाख के फर्जी स्टांप के साथ पकड़े गए नोटरी अधिवक्ता

- अब इन लोगों की भी बढ़ी परेशानी

महानगर नेटवर्क
बक्सर

ब्रह्मपुर नगर पंचायत में एक नोटरी अधिवक्ता के घर से लगभग ढाई लाख रुपये के फर्जी स्टांप पेपर बरामद होने और अधिवक्ता की गिरफ्तारी के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। इस घटना ने उन लोगों की चिंताएं बढ़ा दी हैं, जिन्होंने इस अधिवक्ता से शपथ पत्र बनवाए या स्टांप खरीदे। लोग अब अपने कागजातों की वैधता को लेकर परेशान हैं और यह सवाल उठ रहा है



कि उनके दस्तावेजों का क्या होगा। फर्जी स्टांप के जरिए शपथ पत्र और अन्य सरकारी कार्यों में उपयोग की खबरों ने आम लोगों को हैरान कर दिया है। चर्चा है कि बड़े पैमाने पर फर्जी स्टांप पेपर का उपयोग सर्वे और विभिन्न सरकारी विभागों के कामकाज में किया गया, जिससे सरकारी राजस्व को भी नुकसान पहुंचा है। ग्रामीण इस बात से चिंतित हैं कि उनके स्टांप की मान्यता अब विभागों में रहेगी या नहीं।

# मोतिहारी में पलटा टैंकर, तेल लूट कर ले भागे लोग

महानगर नेटवर्क
मोतिहारी

मोतिहारी जिले से एक बेहद ही हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. बताया जा रहा है कि तेल से लदा एक टैंकर शहर से गुजर रहा था. इसी दौरान वह सड़क किनारे पलट गया. टैंकर के पलटन के बाद वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को इसकी जानकारी नहीं दी और जिसे जो भी मिला वह उसी में तेल भरकर भागने लगा. इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. मामला मोतिहारी के सुगौली में छपवा-रक्सौल मुख्य मार्ग का है. बताया जा रहा है कि गुरुवार सुबह एक सोयाबीन तेल से



भरा टैंकर बंगरा गांव के पास अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया था. इस दौरान टैंकर से तेल का रिसाव होने लगा. तेल से भरे टैंकर के पलटने की सूचना पर लोगों की भीड़ बढ़ने लगी और वे अपने-अपने घरों से बाल्टी, डिब्बा और बोतल लेकर पहुंचने लगे. ग्रामीणों ने मौके का फायदा उठाते हुए टैंकर से तेल भरना शुरू कर दिया।

**तेल भरने के लिए आपस में भीड़े लोग**

वायरल वीडियो में लोग खेत में पलटे टैंकर से तेल भरते हुए दिखाई दे रहे हैं. साथ ही यह भी बताया जा रहा है कि तेल भरने की होड़ में ग्रामीणों के बीच जमकर धक्का-मुक्की भी हुई. जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उन्होंने टैंकर से तेल भर रही भीड़ को नियंत्रित किया, जिसके बाद वहां से लोग भाग गए. फिलहाल इस मामले की चर्चा मोतिहारी में जमकर हो रही है और वायरल वीडियो पर लोगों की प्रतिक्रियाएं भी आ रही हैं।

**व्यापार**

# अमेरिका की जीडीपी में 0.3% की गिरावट

**ट्रंप बोले- ये बाइडेन का स्टॉक मार्केट है**

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई टैरिफ पॉलिसी से छिड़े.टैरिफ वॉर के बीच अमेरिकी अर्थव्यवस्था को लेकर एक बुरी खबर आई है। वाणिज्य विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, साल की पहली तिमाही (जनवरी-मार्च 2025) में अमेरिका की जीडीपी में 0.3 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। अमेरिका के लिए ये 2022 की पहली तिमाही के बाद से नेगेटिव ग्रोथ वाली पहली तिमाही थी। सरकारी विभाग ने एक ऑफिशियल रिलीज में कहा, "पहली तिमाही में वास्तविक जीडीपी में गिरावट मुख्य रूप से इंपोर्ट में बढ़ोतरी को दर्शाती है, जो सकल घरेलू उत्पाद की गणना में एक कटौती है और



सरकारी खर्च में कमी है।"

**अमेरिकी जीडीपी में क्यों आई गिरावट**

सरकारी डेटा के जरिए मालूम चला कि वास्तविक जीडीपी 2024 की चौथी तिमाही में 2.4 प्रतिशत से अपने वर्तमान स्तर पर गिर गई। विभाग के मुताबिक, वास्तविक जीडीपी में दर्ज गिरावट, पश्चिमी राष्ट्र में आयात में हुई बढ़ोतरी के कारण थी। रिपोर्ट ने ये भी सुझाव दिया कि उपभोक्ता खर्च में मंदी, अमेरिका से निवेश और निर्यात में बढ़ोतरी से ऑफसेट थी।

**डोनाल्ड ट्रंप ने क्या कहा**

राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर अपने पोस्ट में कहा, "ये बाइडेन का स्टॉक मार्केट है, न कि ट्रंप का। मैंने 20 जनवरी से पहले कार्यभार नहीं संभाला था। टैरिफ जल्द ही लागू होने लगेंगे और कंपनियां रिकॉर्ड संख्या में अमेरिका में आने लगेंगी। हमारा देश तेजी से आगे बढ़ेगा, लेकिन हमें बाइडेन के ओवरहैंग से छुटकारा पाना होगा। इसमें थोड़ा समय लगेगा, इसका टैरिफ से कोई लेना-देना नहीं है, बस इतना है कि उन्होंने हमें खराब नंबर्स दिए हैं, लेकिन जब तेजी शुरू होगी, तो ये सभी से अलग होंगे।

# चार महीने में बंद हो गई जोमैटो की क्विक सर्विस

**कंपनी ने दूसरी बार किया था प्रयास**

**नई दिल्ली।** जोमैटो ने 15 मिनट में फूड डिलीवर करने वाली क्विक सर्विस पर रोक लगा दी है। जोमैटो ने अपने ऐप से इस सर्विस को शुरू करने के सिर्फ चार महीने बाद ही चुपचाप हटा दिया है। जोमैटो ऐप के लैंडिंग पेज पर इस सर्विस को खूब प्रचार किया गया था लेकिन अब यह बेंगलुरु, गुरुग्राम, हैदराबाद, मुंबई और अन्य कई शहरों में उपलब्ध नहीं है। हालांकि, इस संबंध में कंपनी ने आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है। यह भी संभव है कि जोमैटो इस सुविधा को पूरी तरह से बंद न करे और बाद में दूसरा एडिशन जारी कर सकता है। आपको बता दें कि क्विक सर्विस के तहत जोमैटो दो किलोमीटर के दायरे में स्थित चुनिंदा रेस्तरां से रेडी-टू-ईट फूड पेश करती थी। यह दूसरी बार




है जब जोमैटो ने क्विक सर्विस में एंट्री ली थी। इससे पहले 2022 में लॉन्च किए गए जोमैटो इंस्टेंट ने बेंगलुरु और दिल्ली-एनसीआर में 10 मिनट की डिलीवरी का वादा किया था, लेकिन जनवरी 2023 तक इस सर्विस को भी बंद कर दिया गया। इसके बाद जोमैटो एवरीडे के जरिए फूड सर्विस दी जा रही थी। हालांकि, वह टैब भी अब ऐप से गायब हो गया है।

## होम क्रेडिट इंडिया ने ग्रीष्मकालीन ब्रैंड अभियान शुरू किया

**मुंबई।** एक प्रमुख उपभोक्ता वित्त कंपनी,होम क्रेडिट इंडिया ने अपना नवीनतम ब्रैंड अभियान-'अपग्रेड करें लाइफ़ के सीन्स' लांच किया है। उपभोक्ताओं की आकांक्षा के अनुसार उनकी ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए, यह अभियान घरेलू उपकरणों के लिए ब्रैंड के किफ़ायती, तेज़, तकनीक-सक्षम और लचीले वित्तीय समाधानों की आसानी और सुविधा के बारे में बताता है। नया अभियान यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक, एक्स और लिंक्डइन सहित डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर लाइव है। गर्मियों से जुड़े या ग्रीष्मकालीन परिदृश्यों पर आधारित इस अभियान में दिखाया गया है कि कैसे एक नए एयरकंडिशन, रेफ़्रिजरेटर या कूलर की तरह एक छोटा लेकिन सार्थक अपग्रेड मुश्किल और असुविधा को आराम में बदल सकता है और दैनिक जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बना सकता है। एक-दूसरे से जुड़े इन पलों को लघु फ़िल्मों की एक हल्की-फुल्की श्रृंखला के ज़रिए कैप्चर किया गया है जो दिखाती है कि कैसे होम क्रेडिट इंडिया के 'उज्ज्वल ईएमआई कार्डमेक' द्वारा संचालित आसान फ़ाइनैंशियल समाधान जीवन को बेहतर बनाने के लिए उसे सुलभ और तनाव मुक्त बनाते हैं।

## स्टार्टअप महाकुंभ में आईआरएमआरआई की प्रदर्शनी

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित स्टार्टअप महाकुंभ में भारतीय रबड़ सामग्री अनुसंधान संस्थान (आईआरएमआरआई) ने सक्रिय भागीदारी दर्ज की। इस कार्यक्रम के दौरान आईआरएमआरआई ने अपने ARISE इनक्यूबेशन सेंटर और खिलौना परीक्षण सुविधाओं से संबंधित स्टॉल लगाकर नवाचार और गुणवत्ता परीक्षण के क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों और सेवाओं का प्रदर्शन किया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह भी उपस्थित थे। स्टार्टअप महाकुंभ,



जो देशभर के नवोन्मेषकों,(ARISE) सेंटर के माध्यम से संस्थान ने उभरते उद्यमियों को तकनीकी मार्गदर्शन, संसाधन और प्रशिक्षण के अवसरों की जानकारी दी। संस्थान के स्टॉल पर डीपीआईआईटी के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया, डीपीआईआईटी के संयुक्त सचिव संजीव सिंह और स्टार्ट-अप इंडिया के निदेशक डॉ. सुमीत कुमार जारंगल का स्वागत किया गया ।

## वेटिंग लिस्ट टिकट वालों को स्लीपर या AC कोच में यात्रा करने की अनुमति नहीं होगी

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

नया महीना यानी मई अपने साथ कई बदलाव लेकर आया है। आज से अमूल का दूध 2 रुपए महंगा हो गया है। वहीं ATM फ्री लिमिट के बाद पैसा निकालने पर ज्यादा चार्ज देना होगा। इसके अलावा अब वेटिंग टिकट पर स्लीपर और AC कोच में सफर नहीं कर सकेंगे। आज से 19 किलो वाला कॉमर्शियल सिलेंडर 17 तक सस्ता हो गया है। दिल्ली में इसकी कीमत 14.50 घटकर 1747 हो गई। पहले ये 1762 में मिल रहा



था। कोलकाता में यह 17 घटकर 1851.50 में मिल रहा है,पहले इसके दाम 1868.50 थे। भारतीय रेलवे के नए नियम के अनुसार,वेटिंग लिस्ट टिकट वाले यात्रियों को अब स्लीपर या AC कोच में यात्रा करने की अनुमति नहीं होगी। जिन यात्रियों के टिकट वेटिंग लिस्ट में हैं, वे अब केवल जनरल कोच में ही यात्रा कर सकेंगे। अगर कोई यात्री वेटिंग टिकट पर AC या स्लीपर कोच में यात्रा करता हुआ पाया जाता है, तो उस पर जुर्माना लगेगा। इसका उद्देश्य यात्रा में सुविधा बढ़ाना और कोच में भीड़भाड़ कम करना है।

**उल्लंघन के लिए जुर्माना:**
**AC के लिए जुर्माना** : 440
**स्लीपर के लिए जुर्माना** : 250

इसके अलावा, आपको ट्रेन के शुरुआती स्टेशन से लेकर उस स्टेशन तक का किराया देना होगा, जहां आप पकड़े गए हैं।

## केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कच्चे माल की रणनीति बनाने का आह्वान किया



**नई दिल्ली।** 'इंडिया स्टील 2025' मंच पर, केंद्रीय खान एवं कोयला मंत्री जी.किशन रेड्डी ने वैश्विक इस्पात महाशक्ति बनने की भारत की महत्वाकांक्षाओं को सुरक्षित करने के लिए एक एकीकृत और दूरदर्शी कच्चे माल की रणनीति की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर जोर दिया। 'कच्चे माल की रणनीति और कच्चे माल के मिश्रण में बदलाव' पर सत्र में मुख्य भाषण देते हुए मंत्री ने उद्योग के हितधारकों से नवाचार, स्थिरता और रणनीतिक साझेदारी को प्राथमिकता देने का आह्वान किया।
उन्होंने कहा, "इस्पात भारत की आर्थिक वृद्धि की रीढ़ है और हमारे सामूहिक दृष्टिकोण 'विकसित भारत' का मुख्य चालक है। दुनिया के सबसे ऊंचे पुल-चेनाब पुल से लेकर पंबन पुल तक, भारत बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में नए मानक स्थापित कर रहा है। पिछले कुछ वर्षों में, इस्पात क्षेत्र ने जबरदस्त वृद्धि दिखाई है, जिससे भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक बन गया है।"

## बड़ौदा बीएनपी परिबा निफ्टी एसडीएल ने दिया 8.05% रिटर्न

**मुंबई।** बड़ौदा बीएनपी परिबा म्यूचुअल फंड अपनी स्कीम बड़ौदा बीएनपी परिबा निफ्टी एसडीएल दिसंबर 2026 इंडेक्स फंड की दूसरी सालगिरह मना रहा है। यह फंड पिछले एक साल (31 मार्च 2025 तक) में 8.05% का मजबूत रिटर्न देने में सफल रहा है। यह उन निवेशकों के लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है जो कम जोखिम और सरकार द्वारा समर्थित डेट फंड में निवेश के विकल्प तलाश रहे हैं। यह फंड गुरविंदर सिंह वासन, सीएफए और विक्रम पमनानी द्वारा मैनेज किया जाता है।

महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं डांगट मीडिया प्रा.लि., 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबर: 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# चुनौतियों से मैं डरता नहीं, बल्कि उन्हें स्वीकार करना मेरी प्रवृत्ति: धनखड़

## उप राष्ट्रपति ने किया राज्यपाल की पुस्तक 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' का विमोचन

**महानगर संवाददाता**
**लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (AKTU) में एक विशेष आयोजन में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की जीवनी 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' का विमोचन करते हुए समाज, प्रशासन और राजनीति में कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन के महत्व पर जोर दिया। उप राष्ट्रपति ने स्पष्ट शब्दों में कहा, "चुनौतियों से मैं डरता नहीं, बल्कि उन्हें स्वीकार करना मेरी प्रवृत्ति है। लेकिन कोताही या लापरवाही बर्दाश्त नहीं करता।



इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र समेत कैबिनेट मंत्री मौजूद रहे। स्वामी चिदानंद सरस्वती भी साथ में रहे। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बक्शी का तालाब स्थित एयरफोर्स स्टेशन पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का स्वागत किया। उनके साथ राज्यपाल आनंदी बेन पटेल भी रहीं। कार्यक्रम में पहुंचकर उपराष्ट्रपति ने कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में महाकुंभ के बाद पहला सार्वजनिक कार्यक्रम है जिसमें उपराष्ट्रपति का आगमन है।

### महाकुंभ में उप राष्ट्रपति की उपस्थिति प्रेरणादायी रही:योगी

सीएम आदित्यनाथ योगी ने कहा कि अक्सर हम शिखर को देखते हैं, उसकी नींव बनाने की मेहनत को नहीं देखते हैं।यह किताब नई प्रेरणा होगी। महाकुंभ में उप राष्ट्रपति की उपस्थिति प्रेरणादायी रही। उन्होंने इसमें भागीदार बन नई ऊंचाई दी। आपकी की प्रेरणा से महाकुंभ को वैश्विक स्तर तक पहुंचाया गया। चुनौती इन्हें भी पसंद है। कुछ दिन पहले स्वास्थ्य सही नहीं था। जैसे ही स्वस्थ हुए पूरे देश में दौरे शुरू हो गए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अभिव्यक्ति महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र तब भी कुंद होता है जब सुनने वाला तैयार नहीं होता है।

### पाकिस्तान के पक्ष में नारेबाजी करने का आरोप युवक गिरफ्तार

**बलिया।** पाकिस्तान के पक्ष में नारा लगाने के आरोप में मनियर पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर चालान किया। पुलिस ने बताया कि चंद्र प्रकाश गुप्ता नाम के एक व्यक्ति के 'एक्स' आईडी पर एक वीडियो पोस्ट किया गया था। इसमें नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर 27 अप्रैल को बैठक में एक व्यक्ति पर कथित तौर पर पाकिस्तान के पक्ष में नारा लगाने का आरोप लगाया गया था। वीडियो वायरल होने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए वीडियो में दिखाई दे रहे इरशाद नाम के युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। शांति भंग में चालान कर दिया गया। थाना प्रभारी रत्नेश दुबे ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है। वीडियो में आवाज स्पष्ट न आने के कारण आगे की कार्रवाई के लिए वीडियो को वाराणसी स्थित फॉरेंसिक लैब भेजा गया है।

# 90 फीसदी पीडीए की एकजुटता मतलब सौ फीसदी जीत: अखिलेश

**महानगर संवाददाता**
**लखनऊ**



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि देश में 90 फीसदी लोग पीडीए के हैं। ये लोग अगर साथ आ जाते हैं,तो जीत सौ फीसदी पक्की है। उन्होंने सरकार से जाति जनगणना ठीक तरीके से कराने की अपील की है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने जाति जनगणना कराने का जो फैसला लिया है यह खुशी की बात है। सरकार सामाजिक न्याय की दिशा में कुछ आगे बढ़ी है। ये तो शुरुआत है। यहां से सामाजिक न्याय की शुरुआत होती है। उन्होंने कहा कि चुनाव में अब धांधली न करें। ठीक तरह से जातीय जनगणना कराएं, सरकार गड़बड़ी न करे। ये लोग कुछ भी कर सकते हैं। अखिलेश यादव बृहस्पतिवार को मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार का यह निर्णय लेना इंडिया गठबंधन के एजेंडे की जीत है। देश संविधान से चलता है मन विधान से नहीं। आज सरकार जातीय जनगणना के लिए तैयार हो गई है। अब निजी संस्थाओं में नौकरी पर बहस चलेगी। श्रमिकों को बहुत बहुत बधाई। श्रमिक कई चुनौतियों से जूझ रहे हैं। अलग-अलग तरह के बाजार में श्रमिक हैं। भाजपा राज में सभी की चुनौतियां एक जैसी हैं। हमें आपको मशीन समझा जाता है। उत्पीड़न हो रहा है। आउटसोर्स किया जा रहा है। मजदूरी में भी कमीशनखोरी हो गई। देश का डाटा निकलें तो 99 फीसदी मजदूर पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) के होंगे। इस मौके पर अखिलेश यादव ने सपा में शामिल होने वाले नेताओं का स्वागत किया। आज के दिन शंख बजा है तो परिवर्तन होना तय है। पीडीए हेल्पलाइन के बाद पीडीए डेटा सेंटर बना देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने सरकारी वेबसाइट से आकंड़े लिए और ग्राफ पेश किया तो सरकार को बुखार आ गया। खुद सामने न आकर अधिकारी को आगे किया जो रिटायर होने वाले हैं।

### पत्नी की तेरहवीं के खर्च को लेकर हुआ विवाद

# बेटे ने लाठी से पीट- पीटकर ले ली पिता की जान



**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले में पत्नी की तेरहवीं के खर्च को लेकर पिता-पुत्र में विवाद हो गया। झगड़ा इस कदर बढ़ गया कि बेटे ने लाठी डंडे से पीटकर पिता की हत्या कर दी। आजमगढ़ जिले के अहरौला थाना क्षेत्र के सारैन गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। पत्नी की तेरहवीं के खर्च को लेकर पिता-पुत्र में विवाद हो गया। इस दौरान बेटे ने लाठी-डंडे से पीटकर पिता की हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी बेटे को हिरासत में लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आरोपी बेटे से पूछताछ कर रही है। अहरौला थाना क्षेत्र के सारैन गांव निवासी राम लौट राजभर (68) की पत्नी की आठ दिन पूर्व मौत हो गई थी। उसकी तेरवहीं में होने वाले खर्च को लेकर बुधवार की रात पिता-पुत्र में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि बेटे ने लाठी डंडे से पीट-पीटकर पिता की हत्या कर दी। मृतक के छोटे पुत्र ने देर रात में पुलिस को फोन पर घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

### पांच साल के बच्चे पर तानी कुल्हाड़ी, बचाने में युवक घायल

**मुंगराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के रामनगर गांव में मंगलवार की रात मानसिक रूप से बीमार एक युवक घर में घुसकर पांच साल के बच्चे पर कुल्हाड़ी तान दी। शोर मचाने पर गांव के युवक ने अपनी जान जोखिम में डालकर बच्चे की जान बचाई। घटना में युवक घायल हो गया। रामनगर गांव में मंगलवार की रात 10 बजे मानसिक रूप से बीमार चंदौकी गांव निवासी एक व्यक्ति घूम रहा था। उसने हाथ में कुल्हाड़ी ली थी। वह शिव प्रसाद गौड़ के घर में घुस गया और सीढ़ी से छत पर पहुंच गया। वहां शिव प्रसाद का पुत्र रीशू गौड़(5) सो रहा था। उसने रीशू के ऊपर कुल्हाड़ी तान दी। इसी बीच घर के सदस्य जग गए और जोर-जोर से चिल्लाने लगे।

# संविदा बिजलीकर्मियों ने धरना देकर जताया विरोध



**महानगर संवाददाता**
**सुल्तानपुर**

आउटसोर्स कर्मचारी की छंटनी व फेस अटेंडेंस को लेकर बनाए जा रहे दबाव के साथ उम्र का हवाला देकर कर्मचारियों को निकालने के मामले में बुधवार को दरियापुर बिजली उपकेंद्र परिसर में संविदा कर्मचारियों ने धरना दिया। उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले आयोजित धरने को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष आनंद अग्रहरि ने कहा कि सुल्तानपुर डिवीजन में प्रबंध निदेशक शक्ति भवन के आदेशानुसार फेस अटेंडेंस एवं छंटनी का आदेश जारी किया है। वहीं 55 वर्ष का हवाला देकर जिन आउटसोर्स कर्मचारियों को निकाला जाना है वह गलत है।तीन मई को सभी आउटसोर्स कर्मचारी अर्धनग्न प्रदर्शन करेंगे। चार मई को सभी कर्मचारी अधीक्षण अभियंता कार्यालय से होते हुए दरियापुर तिराहा व बाधमंडी चौराहा के रास्ते जिला अधिकारी कार्यालय पर पहुंच कर डीएम को ज्ञापन सौंप विरोध दर्ज कराएंगे।

पांच मई को मुख्य अभियंता अयोध्या क्षेत्र कार्यालय का घेराव होगा। जिले के अलग-अलग उपकेंद्रों व फीडर पर 911 संविदाकर्मी काम कर रहे हैं। जिनमें से 300 से अधिक कर्मियों को निकाले जाने का अंदेशा है। इस मौके पर जिला महामंत्री अजय चौरसिया, जिला उपाध्यक्ष कामता प्रसाद पांडेय,अजय कुमार तिवारी, डिवीजन उपाध्यक्ष मनीष दूबे, सुनील कुमार गौतम, राम जतन, धर्मेंद्र, अशोक, अजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# पाकिस्तान से तनाव के बीच आज वायु सेना दिखाएगी ताकत



- गंगा एक्सप्रेसवे पर बने एयर स्ट्रिप पर टेकऑफ और लैंड करेंगे सबसे एडवांस फाइटर
- राफेल से लेकर जगुआर और मिराज जैसे लड़ाकू विमान होंगे शामिल

**लखनऊ।** पाकिस्तान से तनाव के बीच शुक्रवार को उत्तर प्रदेश में निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे पर भारतीय वायुसेना ऐतिहासिक ट्रायल करने जा रही है। गंगा एक्सप्रेसवे पर बने 3.5 किलोमीटर लंबे एयर स्ट्रिप पर सबसे एडवांस फाइटर और ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट्स टेकऑफ और लैंड करेंगे। इसमें राफेल से लेकर जगुआर और मिराज जैसे लड़ाकू विमान शामिल होंगे। इस एयर शो का उद्देश्य युद्ध या आपदा के समय इस एक्सप्रेसवे को वैकल्पिक रनवे के रूप में इस्तेमाल करना है। सीएम योगी भी इस एयर शो के साक्षी बनेंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को ही शाहजहांपुर में गंगा एक्सप्रेसवे पर तैयार 3.50 किलोमीटर लंबी आधुनिक हवाई पट्टी का निरीक्षण किया था। यह देश की पहली ऐसी पट्टी होगी, जहां वायुसेना के लड़ाकू विमान दिन-रात लैंडिंग कर सकेंगे। फाइटर प्लेन यहां पूर्वाभ्यास भी कर सकेंगे। सुरक्षा के दृष्टिकोण से हवाई पट्टी के दोनों किनारों पर करीब 250 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। एयर शो को देखते हुए इंडियन एयरफोर्स ने हवाई पट्टी को अपने अधिकार क्षेत्र में ले लिया है। एयरफोर्स के जवान और यूपीडा से जुड़े अधिकारी इस एयर शो के संचालन में जुटे हैं। जिला प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, एयर शो का आयोजन दिन और रात दोनों समय किया जाएगा, ताकि एयर स्ट्रिप की नाइट लैंडिंग कैपेबिलिटी का भी टेस्ट किया जा सके। शो के दौरान फाइटर जेट्स टेस्टिंग के लिए एयर स्ट्रिप पर एक मीटर ऊंचाई पर उड़ान भरेंगे। इसके बाद फाइटर जेट्स एयर स्ट्रिप पर लैंड करेंगे और फिर टेकऑफ भी करेंगे। इसके बाद शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक फिर यही एक्सरसाइज की जाएगी। सभी फाइटर जेट्स बरेली एयरफोर्स स्टेशन से उड़ान भरेंगे। इस दौरान वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, सहकारिता राज्य मंत्री जेपीएस राठौर समेत जनप्रतिनिधिगण और एयरफोर्स के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

# प्रयागराज में स्कॉर्पियो-बाइक की टक्कर, एक युवक की मौत

**प्रयागराज।** आनापुर रेलवे क्रासिंग के पास बुधवार देर रात स्कार्पियो सवार लोगों ने बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मार दिया। इसमें 22 वर्षीय प्रतीक उर्फ मोनू की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक के घरवालों ने चाकू से गोदकर हत्या का आरोप लगाया है। हत्या का मुकदमा दर्ज होने के बाद ही शव को उठाने की बात कही। माहौल बिगड़ता देख होलागढ़ व सोरांव थाने की पुलिस को भी बुला लिया गया।

नवाबगंज के मोहरब गांव निवासी प्रतीक उर्फ मोनू वैवाहिक समारोह में चाट-फुल्की का ऑर्डर लेता था। बुधवार रात वह अपने दो दोस्त अभिषेक गुप्ता व सागर सरोज के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाइक से निकला। बताते हैं कि वहां कुछ लोगों से किसी बात को लेकर उसका विवाद हो गया। देर रात करीब 1:30 बजे वह दोस्तों के साथ घर लौटने लगा। आनापुर रेलवे क्रॉसिंग को जैसे ही पार किया, पीछे से आए स्कॉर्पियो सवारों ने उसे टक्कर मार दिया, जिससे तीनों सड़क पर गिर गए।

# यूपी में फिर एनकाउंटर : फायरिंग कर भाग रहा बदमाश गोली लगने के बाद गिरफ्तार

**महानगर संवाददाता**
**गोरखपुर**

यूपी में गुरुवार की सुबह-सुबह एक बार फिर एनकाउंटर हुआ है। गोरखपुर के मोहद्दीपुर में गुरुवार की भोर में पुलिस पर फायरिंग कर भाग रहे बदमाशों पर पुलिस ने जवाबी फायरिंग जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया जबकि दो अन्य साथी पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। गोली से घायल बदमाश की पहचान शंभू गौड के रूप में हुई है वह महराजगंज जिले के पनियरा थाना क्षेत्र स्थित मुजरी गांव का रहने वाला है। वहीं उसके साथी शेखर और हुसैन हैं।



दोनों क्रमशः चिलुआताल और गोरखनाथ इलाके के रहने वाले हैं। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि गुरुवार की भोर में करीब 3.45 बजे मोहददीपुर में पुलिस गश्त कर रही थी उसी दौरान आटोरिक्शा पर सवार तीन संदिग्ध युवक जाते हुए दिखे। पुलिसवालों ने उन्हें रूकने का इशारा किया पर आटो सवार हाइडिल कालोनी में भागने लगे पीछा करने पर आटो रिक्शा सवार युवकों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षार्थ पुलिस ने जवाबी फायरिंग की जिसमें अभियुक्त शंभू प्रसाद गौड पुत्र शंकर गौड निवासी मुजरी थाना पनियरा जिला महराजगंज के पैर मे गोली लगने से घायल हो गया। इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं मौक़े से भाग रहे शेखर पुत्र रमेश निवासी नकहा बरगदवा थाना चिलुआताल और हुसैन पुत्र शहनाज़ निवासी धर्मशाला बाज़ार थाना गोरखनाथ ने सरेंडर कर दिया। पुलिस ने उन्हें गिरफ़्तार कर लिया है।

# भीषण गर्मी के चलते कक्षा एक से आठ तक के बच्चों के स्कूल समय में बदलाव

**प्रयागराज।** भीषण गर्मी और तेज धूप के चलते विद्यालयों के समय में बदलाव के लिए आदेश जारी किया गया है। बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने आदेश जारी किया है। इसके तहत कक्षा एक से आठ तक का समय सुबह सात बजे से 11:30 बजे तक करने के लिए कहा गया है। ये आदेश बृहस्पतिवार एक मई से अगले आदेश तक प्रयागराज के सभी बोर्डों के विद्यालयों के लिए जारी किया गया है। विद्यालयों में 15 मई से ग्रीष्मवकाश रहेगा। बीएसए के मुताबिक यह आदेश जनपद के ग्रामीण एवं नगर क्षेत्र में संचालित सीबीएसई, आईसीएसई और अन्य समस्त बोर्डों से मान्यता प्राप्त और सहायता प्राप्त अंग्रेजी और हिंदी माध्यम के सभी विद्यालयों पर लागू होगा। इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

# अलग-अलग आरोपों में 15 डॉक्टरों पर कार्रवाई

### नशा करने में निलंबित... तो कोई प्राइवेट प्रैक्टिस में फंसा

**महानगर संवाददाता**
**लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में ड्यूटी के समय नशा करने व राष्ट्रीय कार्यक्रमों में दिलचस्पी न दिखाने समेत अन्य आरोपों में मऊ स्थित सीएचसी रतनपुरा स्थानांतरणाधीन सीएचसी मझवारा के अधीक्षक डॉ. भैरव कुमार पांडेय को निलंबित कर दिया गया है। उन्हें आजमगढ़ के अपर निदेशक मंडल कार्यालय से संबद्ध किया गया है। इसके अलावा 14 अन्य डॉक्टरों पर भी कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर की गई है। इसी तरह भदोही के ज्ञानपुर स्थित महाराजा चेत सिंह जिला चिकित्सालय में तैनात फिजीशियन



डॉ. प्रदीप कुमार यादव के खिलाफ प्राइवेट प्रैक्टिस की शिकायत मिली थी। जांच में आरोपों की पुष्टि होने पर उनकी दो वेतन वृद्धियां स्थायी रूप से रोक दी गई हैं। वहीं, स्वास्थ्य महानिदेशालय में संयुक्त निदेशक डॉ. सुनील वर्मा पर वित्तीय अनियमितता के गंभीर आरोप लगे हैं। यह आरोप औरैया में चिकित्साधिकारी रहने के दौरान के हैं। इस संबंध में निदेशक (प्रशासन) को जांच के आदेश दिए गए हैं। साथ ही आरोप पत्र देकर विभागीय कार्रवाई के निर्देश प्रमुख सचिव को दिए गए हैं। इसके अलावा पांच अन्य चिकित्साधिकारियों के खिलाफ भी डिप्टी सीएम ने प्रमुख सचिव को विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए हैं। इनमें कुशीनगर कप्तानगंज सीएचसी के डॉ. रितेश कुमार सिंह, कानपुर नगर स्थित केपीएम नगरीय पीएचसी में तैनात डॉ. दीप्ती गुप्ता, गोरखपुर गोला सीएचसी के डॉ. तनवीर असलम अंसारी, मैनपुरी बरनाहल सीएचसी की दंत शल्यक डॉ. अकांक्षा पनवार व हरदोई कछौना सीएचसी की डॉ. रखशिंदा नाहिद शामिल हैं।

# गर्मी में यात्रियों को बड़ी राहत: परिवहन निगम 30 सितंबर तक नहीं बढ़ाएगा एसी बसों में किराया

**लखनऊ।** तपा देने वाली गर्मी में एसी बस से यात्रा की योजना बना रहे लोगों को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम यानी यूपी रोडवेज ने बड़ी राहत दी है। ऐसा पहली बार हुआ है कि जब गर्मी में एसी बसों का किराया बढ़ाया नहीं है। निगम ने एक मई से एसी बसों का किराया दस प्रतिशत बढ़ाने के फैसले को पलट दिया है।

परिवहन निगम ने एक मई से एसी बसों में दस प्रतिशत किराया बढ़ाने का अपना फैसला पलट दिया है। निगम ने अब जनरथ के साथ पिंक, शताब्दी, हाई एंड बसों (वोल्वो) और एसी स्लीपर बसों के किराया में दस प्रतिशत छूट देने के आदेश को 30 सितंबर तक बढ़ा दिया गया है। एसी बसों में यात्रा करने वालों को



मई व जून की गर्मी के साथ ही जुलाई से सितंबर की चिपचिपाहट वाली उमस में भी पुरानी दर से यात्रा का लाभ मिलेगा।

यूपी रोडवेज ने बीते वर्ष जाड़े के मौसम को देखते हुए एसी बसों के किराये में 10 प्रतिशत की कमी करने का आदेश दिया था। इस आदेश को प्रयागराज महाकुंभ तक बढ़ाया गया। एसी बसों का किराया कम होने की सुविधा 21 मार्च को समाप्त हो गई तो भी निगम ने उसे 22 मार्च से बढ़ाकर 30 अप्रैल तक कर दिया था।

# मां- बेटे को कुचलते हुए गड्ढे में पलटी बेकाबू कार, छात्र की मौत

**महानगर संवाददाता**
**वाराणसी**

वाराणसी जिले के चौबेपुर क्षेख के शाहपुर गांव के पास हाईवे पर गुरुवार की सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। स्कूल के लिए बच्चे को लेकर बस पकड़ने जा रही मां व बेटे को एक अनियंत्रित कार ने कुचल दिया। इसके बाद कार गड्ढे में पलट गई। घायल मां व बेटे को आसपास के लोगों ने एंबुलेंस से नरपतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने घायल बेटे शिवम (12) को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल




महिला को ट्रामा सेंटर भर्ती कराया गया है। घटना के बाद से परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल है। शाहपुर गांव निवासी अच्छे लाल राजभर की पत्नी रानी देवी (35) का पुत्र शिवम (12) को चौबेपुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 6 में पढ़ता था। गुरुवार की सुबह उसे वाराणसी गोरखपुर हाईवे पर गांव के पास बस पकड़ाने गई थी। इंतजार करते समय एक अनियंत्रित कार तेजी से दोनों को कुचलते हुए कुछ दूरी पर जाकर एक गड्ढे में पलट गई। घटना के बाद आसपास के लोगों ने एंबुलेंस की मदद से दोनों को नरपतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने शिवम को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल महिला को ट्रामा सेंटर बीएचयू रेफर कर दिया। उधर, कार चालक अविनाश पुत्र मृत्युंजय, पत्नी मिना सिंह व पुत्र प्रखर भी घायल हो गए। उन्हें प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया है।

# संस्कृत शिक्षा परिषद परीक्षा का परिणाम घोषित

**भदोही।** माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की ओर से 2025 का परीक्षा परिणाम बुधवार को जारी कर दिया गया। जिले में टॉपरों की सूची जारी नही हो सकी लेकिन मंडल से नौ विद्यार्थियों के नाम की सूची को जारी किया गया।परीक्षा के मंडल प्रभारी की ओर से जारी सूची में अर्चना संकट मोचन संस्कृत उमावि सुरियावां, इंदू देवी श्री धर्मरक्षिणी सउमारि, रोटहां, परसीपुर, सूरज कुमार प्रजापति राधाकृष्ण संउमावि अजयपुर, शिव कुमार शर्मा संकट मोचन सउमावि सुरियावां, संतोष कुमार सरस्वती सेवा समिति, बरवां बाजार, रवि शंकर बिंद, श्री धर्महिधारणी, सपा नईबाजार, विशाल सरस्वती सउमावि रोही, शिवांग सोनकर धर्मरक्षिणी सउमावि रोटहां, परसीपुर, देवांश पाठक श्री रामेश्वर सउमावि, उगापुर, आलोक, श्री सरस्तवी उमावि रोही, खुशी यादव शिव शंकर समावि नगर पंचायत घोसिया रहे। बता दें कि इस साल प्रथमा से लेकर उत्तर मध्यमा तक की परीक्षा के लिए जिले में तीन केंद्र बनाए गए थे। तीनों तहसील में तीन केंद्र बनाए गए थे। प्रथम और उत्तर मध्यमा स्तर की परीक्षा के लिए ज्ञानपुर तहसील में श्री राजाराम संस्कृत महाविद्यालय जखांव, औराई में रामेश्वर संस्कृत महाविद्यालय उगापुर और भदोही तहसील में श्री संकट मोचन संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरियावां को केंद्र बनाया गया था।

# सेना ने रोकवा दिया संगम क्षेत्र में हनुमान मंदिर कॉरिडोर का निर्माण

**महानगर संवाददाता**
**प्रयागराज**

संगम क्षेत्र में प्रयागराज विकास प्राधिकरण की ओर से 36 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन हनुमान मंदिर कॉरिडोर के दूसरे चरण का निर्माण सेना के अधिकारियों ने रोक दिया है। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग की ओर से निर्मित सड़कों और रेलवे के निर्माण कार्य भी रोक दिए गए हैं। हनुमान कॉरिडोर का निर्माण महाकुंभ के पहले शुरू हुआ था। इसमें तय हुआ था कि कॉरिडोर निर्माण के लिए सेना को जमीन के बदले जमीन दी जाएगी। लेकिन, कतिपय कारणों से सेना को अब तक जमीन नहीं दी जा सकी है। प्रथम फेज में बाउंड्री, किचन, पुजारी कक्ष, सुरक्षा का निर्माण जोधपुर के पिंक स्टोन से तो हो गया। वहीं दूसरी फेज में गर्भगृह में महत्वपूर्ण कार्य के अलावा , श्रद्धालुओं के आने-जाने के स्थान को और चौड़ा करने,



मंदिर में क्लार्क रूम, पूजा- अर्चना के लिए स्थान, मेडिटेंशन सेंटर का निर्माण किया जाना है। एमओयू होने के बावजूद निर्माण रोके जाने से समय पर काम पूरा होने को लेकर संकट पैदा हो गया है। वैसे भी बाढ़ से पहले पीडीए को निर्माण पूर्ण कराने का शासन ने निर्देश दिया है। सूत्रों की मानें तो लोक निर्माण विभाग और रेलवे की ओर से भी जिन निर्माण कार्यों के लिए टेंडर हुए हैं उसे भी सेना ने रोक दिया है।

### सेना भूमि की वजह से सेना के अधिकारियों ने काम रोका

भूमि की वजह से सेना के अधिकारियों ने काम रोकने को कहा है। सेना को जमीन के बदले प्रशासन की ओर से दूसरी जगह जमीन देनी थी। महाकुंभ के बाद भी अभी जमीन हस्तांतरित नहीं हो सकी है।

- अमित मिश्रा ,
(रक्षा संपदा अधिकारी)

### हनुमान मंदिर कॉरिडोर प्रथम फेज का निर्माण पूरा

हनुमान मंदिर कॉरिडोर प्रथम फेज का निर्माण हो चुका है। द्वितीय फेज का निर्माण सेना के अधिकारियों ने मौखिक रूप से रोकवा दिया है। सेना के अधिकारियों से बातचीत कर समाधान निकालने का प्रयास किया जा रहा है।

- डा. अमित पाल शर्मा, (उपाध्यक्ष, प्रयागराज विकास प्राधिकरण)

# रांची वंदेभारत का प्रयागराज रामबाग तक हो सकता है विस्तार

**प्रयागराज।** आने वाले दिनों में प्रयागराज से रांची का सफर पहले के मुकाबले और छोटा हो जाएगा। 10 घंटे से भी कम समय में प्रयागराज से रांची पहुंचा जा सकेगा। यह संभव होगा वंदे भारत एक्सप्रेस से। क्योंकि रांची से वाराणसी तक जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस का प्रयागराज तक विस्तार होने की उम्मीद बंध गई है। बताया जा रहा है कि इस ट्रेन के प्रयागराज तक के विस्तार किए जाने का एलान किसी भी दिन हो सकता है। प्रयागराज से वर्तमान समय रांची के लिए एक भी नियमित ट्रेन नहीं है। जो ट्रेन संचालित भी हो रही है उसमें से कुछ साप्ताहिक है तो कुछ सप्ताह में दो या तीन दिन ही संचालित होती है। प्रयागराज से रांची पहुंचने में रांची गरीबरथ 12.30 घंटे , झारखंड 12 घंटे में, मुरी 15 घंटे, लोकमान्य तिलक-रांची 14.15 घंटे और राजधानी 10.45 घंटे का समय लेती है। लंबे समय से मांग की जा रही है कि प्रयागराज से रांची के लिए सुपरफास्ट श्रेणी की शुरूआत हो। महाकुंभ शुरू होने के पूर्व इस बात की सुगबुगाहट चल रही थी रांची-वाराणसी का प्रयागराज रामबाग स्टेशन तक विस्तार हो सकता है, लेकिन तब महाकुंभ में ज्यादा से ज्यादा स्पेशल ट्रेन चलाए जाने की वजह से विस्तार नहीं हो सका था। सांसद प्रवीण पटेल ने भी इस संबंध में रेलवे बोर्ड से पत्राचार किया है। प्रयागराज से झारखंड जाने वाले यात्रियों की सहूलियत तो देखते हुए रांची वंदे भारत का प्रयागराज तक विस्तार करने की मांग की है। रेलवे बोर्ड को यह प्रस्ताव भी भेजा जा चुका है। पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्रीय उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य शिवशंकर सिंह ने बताया कि उन्होंने भी रांची वंदे भारत एक्सप्रेस के प्रयागराज तक विस्तार किए जाने को लेकर पत्र लिखा है।

# केदारनाथ धाम में आस्था का 'ज्वार'

## आज खुलेगा कपाट, भोले बाबा के जयकारों से गूंजी नगरी



**महानगर नेटवर्क**

**रुद्रप्रयाग**

केदारनाथ मंदिर का कपाट आज खुलेगा, लेकिन कपाट खुलने से पूर्व संख्या पर केदारनाथ धाम में भक्तों की भारी भीड़ जमा हो गई है। देश के कोने-कोने से भक्त यहां पहुंचे हैं, और कपाट खुलने के शुभ अवसर का साक्षी बनने पहुंचे हैं।

केदारनाथ धाम के कपाट शुक्रवार को सुबह सात बजे विधिविधान से खुल जाएंगे। आने वाले छह महीनों तक भोले बाबा यही पर भक्तों को दर्शन देंगे। कपाट खुलने से पूर्व केदारनाथ धाम में दस हजार से अधिक भक्त पहुंच गए हैं। श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। पूरी केदारपुरी भोले बाबा के जयकारों से गूंज रही है। दिल्ली, महाराष्ट, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा समेत देश के विभिन्न राज्यों से भक्त दर्शनों को पहुंचे हैं। गौरीकुंड, सोनप्रयाग, गुप्तकाशी समेत यात्रा पड़ावों पर भी भक्तों की भारी भीड़ है।

वहीं जिला प्रशासन ने कपाट खोलने के अवसर पर हर प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का दावा किया है। सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात और स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंदिर परिसर में पुलिस बल, आपदा राहत टीमें और मेडिकल स्टाफ की तैनाती की गई है।

# देश भर में पेट्रोल पंप खोलने के लिए अब नए नियमों का पालन करना होगा : CPCB



**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

अत्यंत ज्वलनशील और पर्यावरणीय खतरे से लैस पेट्रोल पंपों के लिए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। इसके तहत अब दिल्ली एनसीआर सहित देश भर में पेट्रोल पंप खोलने के लिए संबंधित राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अथवा समिति से भी एनओसी लेनी होगी। भूमि, जल एवं वायु प्रदूषण की निगरानी और खतरनाक रिसाव को रोकने के लिए भी कदम उठाने होंगे। एसओपी पर क्रियान्वयन के लिए पेट्रोल पंपों को अविलंब जरूरी कदम उठाने होंगे। सीबीसीबी ने यह कदम एनजीटी के एक आदेश के बाद उठाया है। एनजीटी ने 17 अप्रैल 2023 को सीपीसीबी को तीन माह के भीतर पेट्रोल पंपों के लिए एसओपी तैयार करने का आदेश दिया था। करीब दो साल बाद ही सही, अब कहीं जाकर सीपीसीबी ने एसओपी तैयार की है। यह उन पेट्रोल पंपों पर लागू होगी जिनमें पेट्रोल के भंडारण, संचालन, वितरण, परिवहन, लोडिंग और अनलोडिंग की सुविधा होती है। साथ ही इन पंपों को पेट्रोल के भंडारण के लिए विस्फोटक नियंत्रक से भी लाइसेंस लेना होता है। सीपीसीबी के अनुसार पेट्रोल पंपों को सार्वजनिक सुरक्षा के तहत बीमा पॉलिसी लेनी होगी।

# 159 छात्रों से जबरन नमाज पढ़ाने वाले प्रोफेसर पर एक्शन

**महानगर नेटवर्क**

**बिलासपुर**

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के दौरान कुछ छात्रों से जबरन नमाज पढ़ने के मामले में गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया। डीएसपी रश्मीत कौर चावला ने बताया कि कथित घटना को लेकर आठ लोगों के खिलाफ 26 अप्रैल को दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में प्रोफेसर दिलीप झा को सुबह गिरफ्तार किया गया।

डीएसपी ने बताया कि दिलीप झा और बिलासपुर स्थित केन्द्रीय गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय के छह संकाय सदस्यों व एक छात्र नेता पर धर्म के आधार पर दो समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और अन्य अपराधों के लिए भारतीय न्याय संहिता और छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।



पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी व्यक्तियों ने 26 मार्च से 1 अप्रैल के बीच जिले के कोटा थाना क्षेत्र के शिवतराई गांव में आयोजित एनएसएस शिविर के दौरान 31 मार्च को कथित रूप से 159 छात्रों को नमाज पढ़ने के लिए मजबूर किया, हालांकि उनमें से केवल चार ही मुस्लिम थे।

### जांच रिपोर्ट आने के बाद हुई कार्रवाई

छात्रों के विरोध प्रदर्शन के बाद जांच शुरू की गई, जिसके बाद दक्षिणपंथी संगठनों ने भी आंदोलन किया और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। बिलासपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने मामले की जांच के लिए सिटी पुलिस अधीक्षक (कोतवाली) अक्षय सबदरा की अध्यक्षता में चार सदस्यीय टीम गठित की थी। समिति की रिपोर्ट के आधार पर झा और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार, कोटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत शिवतराई गांव में आयोजित एनएसएस कैंप में शामिल छात्रों को नमाज पढ़वाकर धार्मिक भावनाओं को आहत पहुंचाने के आरोप में पुलिस ने शनिवार को प्रोफेसर दिलीप झा, डॉक्टर मधुलिका सिंह, डॉक्टर ज्योति वर्मा, डॉक्टर नीरज कुमारी, डॉक्टर प्रशांत वैष्णव, डॉक्टर सूर्यभान सिंह, डॉक्टर बसंत कुमार और टीम कोर लीडर छात्र आयुष्मान चौधरी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पाक से तनाव के बीच भारत-अमेरिका में बड़ी सैन्य डील

## पेंटागन ने दी 131 मिलियन डॉलर के सैन्य हार्डवेयर आपूर्ति को मंजूरी



**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली/वाशिंगटन**

पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भारत-पाकिस्तान में चल रहे तनाव के बीच अमेरिका ने नई दिल्ली के साथ बड़ी सैन्य डील की है। अमेरिका ने अपने रणनीतिक संबंधों के अनुरूप भारत को 131 मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के महत्वपूर्ण सैन्य हार्डवेयर और रसद सहायता परिसंपत्तियों की आपूर्ति के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। पेंटागन हाउस के इस फैसले से पाकिस्तान में खलबली अमेरिकी रीडआउट के अनुसार, पेंटागन के तहत काम करने वाली रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी (डीएससीए) ने सैन्य आपूर्ति के लिए आवश्यक प्रमाणन प्रदान कर दिया है और संभावित बिक्री के बारे में अमेरिकी कांग्रेस को सूचित कर दिया गया है। यह प्रस्तावित आपूर्ति विदेशी सैन्य बिक्री मार्ग के माध्यम से भारत-अमेरिका सहयोग से इंडो-पैसिफिक समुद्री डोमेन जागरुकता कार्यक्रम के ढांचे के तहत जुड़ी हुई है। डीएससीए का मिशन साझा चुनौतियों का जवाब देने के लिए विदेशी सुरक्षा बलों की क्षमता का निर्माण करके अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति हितों को आगे बढ़ाना है।

### भारत-अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी

दोनों देशों के बीच यह डील होने से भारत-अमेरिका के बीच की रणनीतिक साझेदारी और अधिक मजबूत होगी। अमेरिका द्वारा सैन्य हार्डवेयर की भारत को आपूर्ति के लिए मंजूरी दिए जाने के बाद एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने "सी-विज़न सॉफ़्टवेयर, "रिमोट सॉफ़्टवेयर" और "विश्लेषणात्मक सहायता" खरीदने के अलावा "सी-विज़न" दस्तावेज़ों और रसद के अन्य संबंधित तत्वों तक पहुँच का अनुरोध किया है। हालांकि प्रस्तावित आपूर्ति पर भारतीय अधिकारियों की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई। "यह प्रस्तावित बिक्री अमेरिका की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा उद्देश्यों का समर्थन करेगी।

जातिगत जनगणना पर RSS का बड़ा बयान

# 'राजनीतिक हथियार के रूप में न हो इसका इस्तेमाल'

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

केंद्र की मोदी सरकार ने जातिगत जनगणना कराने की बात कही है। इसे लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) ने एक सधा हुआ रुख अपनाते हुए कहा है कि इसे 'राजनीतिक हथियार' के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। सूत्रों के अनुसार, संघ ने केंद्र सरकार के दशकीय जनगणना के साथ जाति-आधारित गणना करने के फैसले पर आधिकारिक तौर पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन इस मुद्दे पर अपनी सतर्कता और संवेदनशीलता जाहिर की है।




आरएसएस हमेशा से जाति के आधार पर विभाजन और भेदभाव का विरोध करता रहा है। हालांकि, संगठन का मानना है कि अनुसूचित जाति (SC) और अनुसूचित जनजाति (ST) के लिए कोटा में उप-वर्गीकरण या क्रीमी लेयर जैसी व्यवस्थाओं को लागू करने से पहले सभी हितधारकों के साथ 'परामर्श और सहमति' बनाना जरूरी है। केंद्र सरकार ने 30 अप्रैल को जातिगत जनगणना का निर्णय लिया है, इससे एक दिन पहले पीएम मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की मुलाकात हुई थी, जो इस मुद्दे पर संघ की सहमति की ओर इशारा करता है।

### जाति आधारित मुद्दे राष्ट्रीय एकता के लिए महत्वपूर्ण

आरएसएस अपनी 'सामाजिक समरसता' मुहिम के तहत हिन्दू समाज को एकजुट करने की दिशा में काम करता रहा है। संगठन का कहना है कि जातिगत गणना को 'पॉलिटिकल टूल' के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। पिछले साल सितंबर में केरल के पलक्कड़ में मीडिया को संबोधित करते हुए RSS के मुख्य प्रवक्ता सुनील अंबेकर ने कहा था कि जाति सबंधी मुद्दे संवेदनशील हैं और राष्ट्रीय एकता व अखंडता के लिए महत्वपूर्ण हैं।

# ट्रंप-2 सरकार के सौ दिन



**वाशिंग्टन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल को हाल ही में 100 दिन पूरे हुए हैं। 20 जनवरी 2025 को जब उन्होंने राष्ट्रपति पद संभाला था, तब विश्लेषकों ने उनकी सरकार को जबरदस्त लोकप्रिय, ज्यादा अनुशासित और जुनून के साथ अपनी योजनाएं आगे रखने वाली सरकार करार दिया था। हालांकि, महज 100 दिन बाद ही अमेरिका में जो सर्वे, व्यापार से जुड़ा डाटा और शेयर बाजार की स्थिति के जो आंकड़े सामने आए हैं, उनके मुताबिक, ट्रंप के लिए राजनीतिक स्तर पर आगे की राह कठिन हो सकती है।

बता दें कि अमेरिका में राष्ट्रपति के पहले 100 दिन हमेशा से एक मील के पत्थर के तौर पर देखे जाते रहे हैं। इससे ही नई सरकारें यह तय करती हैं कि उनकी योजनाएं आम जनता के बीच पसंद की जा रही हैं या उन्हें इनसे कदम पीछे खींचने की जरूरत है। बाकी राष्ट्रपतियों के पहले 100 दिन के कार्यकाल से जुड़ा आंकड़ा जब तुलना में इस्तेमाल किया जाता है, तो यह ज्यादा साफ तस्वीर पेश करता है। राष्ट्रपतियों के 100 दिन के कार्यकाल के आधार पर सर्वे एजेंसियां एक सर्वेक्षण करती हैं।

# गेम की वीडियो शेयर करके पाक बन रहा था 'शेखचिल्ली'

## एक्स ने पकड़ा झूठ

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

पाकिस्तान की एक बार फिर से पूरी दुनिया में भारी बेइज्जती हुई है। पाकिस्तानी एयरफोर्स द्वारा शेयर किए गए एक वीडियो को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आतंकिस्तान एक बार फिर से झूठा साबित हुआ है। पाकिस्तानी एयरफोर्स ने अपने नागरिकों के सामने शेखी बघारने के लिए एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें एयरफोर्स के पराक्रम को दिखाने की कोशिश की गई थी। X (पहले ट्विटर) की फैक्ट चेक टीम ने इस वीडियो को फर्जी बताकर पाकिस्तान का एक और झूठ पकड़ लिया है। पाकिस्तानी एयरफोर्स (DGPR) ने अपने आधिकारिक X हैंडल से 29 अप्रैल की सुबह एक 3 मिनट 21 सेकेंड का क्लिप शेयर किया है। इस वीडियो में पाकिस्तानी एयरफोर्स के पराक्रम को दिखाने की कोशिश की गई है। X की फैक्ट टीम ने इस वीडियो पर सवाल उठाकर पाकिस्तान का झूठ पकड़ लिया है।



# इस बार सिर्फ घुस में कर मारो नहीं, कब्जा भी करो : ओवैसी

**महानगर नेटवर्क**

**हैदराबाद**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुई आतंकी घटना को लेकर पूरा देश आक्रोश में हैं। इस घटना के मद्देनजर AIMIM सांसद असदुद्दीन ओवैसी के तेवर एकदम तल्ख नजर आए। उन्होंने केंद्र सरकार को खुली चुनौती देते हुए कहा कि इस बार सिर्फ घर में घुस कर मारने की बात न हो, बल्कि घुस कर बैठ जाने जैसी कार्रवाई होनी चाहिए। ओवैसी ने मोदी सरकार को याद दिलाया कि संसद पहले ही पीओके को भारत का हिस्सा मान चुकी है, ऐसे में अब वक्त है कि सरकार जमीन पर भी उसी संकल्प को अमल में लाए।

हैदराबाद से लोकसभा सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने एक इंटरव्यू में पाकिस्तान के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की मांग की।



उन्होंने केंद्र सरकार से कहा कि अगर पाकिस्तान की तरफ से नियंत्रण रेखा (LoC) के पास कुछ इलाके खाली कर दिए गए हैं, तो भारत को इस बार वहां सिर्फ हमला ही नहीं, बल्कि कब्जा भी कर लेना चाहिए।

ओवैसी ने कहा, "अगर खबर सही है कि पाकिस्तानी सैनिक पोस्ट छोड़कर चले गए हैं और उनके परिवार लंदन भाग रहे हैं, तो ये एक अच्छा मौका है। इस बार बस मार कर लौटने की नहीं, बैठ जाने की जरूरत है। उन्हें खाली मिले इलाकों में जाकर कब्जा कर लो।" उन्होंने मोदी सरकार के पुराने नारे 'घर में घुस के मारेंगे' पर निशाना साधते हुए कहा कि अब सिर्फ मारना नहीं, कब्जा भी करना चाहिए। ओवैसी ने 2019 के पुलवामा हमले का जिक्र करते हुए कहा कि अगर उस वक्त सरकार ने आतंकवादियों के लॉन्च पैड पर कब्जा कर लिया होता, तो हालात कुछ और होते। इंटरव्यू में ओवैसी ने संसद में पहले से मौजूद प्रस्ताव की भी याद दिलाई जिसमें पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को भारत का हिस्सा बताया गया है। ओवैसी ने कहा, "जब संसद कह चुकी है कि वो जमीन हमारी है, तो अब कार्रवाई में देरी क्यों? सरकार को साहस दिखाना चाहिए।"

### शिक्षिका ने 16 साल के छात्र के साथ बनाया संबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पेंसिलवेनिया में हाईस्कूल की एक महिला शिक्षिका अपने 16 साल के नाबालिग छात्र के साथ वर्षों से शारीरिक संबंध बना रही थी। इसके लिए वह छात्र के घर पर ही जाया करती थी। सेक्स टाइमिंग बढ़ाने के लिए छात्र को ड्रग्स दिया करती थी और खुद भी लेती थी। आरोपों के अनुसार शिक्षिका छात्र के पैतृक घर में ही दर्जनों बार यौन संबंध बना चुकी है। वह उसे मारिजुआना नामक ड्रग्स देती थी। महिला टीचर पर नाबालिग छात्र को ड्रग्स पिलाकर शरीरिक संबंध बनाने समेत 63 आरोप लगाए गए हैं।

# अपनों के लिए भी पाक नहीं खोल रहा वाघा बॉर्डर



**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कड़े कदम उठाए। इनमें सिंधु जल संधि सस्पेंड करने से लेकर पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने जैसे फैसले शामिल हैं। हालांकि भारत ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए अटारी बॉर्डर से वतन वापसी की समय सीमा अगले आदेश तक बढ़ा दी है। ये फैसला कई नागरिकों के बॉर्डर पर फंस जाने के बाद आया है, जिन्हें पहलगाम हमले के बाद तय हुई पिछली समय सीमा तक वापस जाना था। यकीनन ये फैसला पाकिस्तानी नागरिकों के लिए राहत भरा है. लेकिन फिर भी पाकिस्तान अपनी शरारती हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। दरअसल, वाघा बॉर्डर की पाकिस्तानी ओर का गेट बंद है, जिससे कई पाकिस्तानी नागरिक भारत में फंसे हुए हैं. ये सभी नागरिक अटारी बॉर्डर के ज़रिए अपने वतन लौटने के लिए पहुंचे थे, लेकिन पाकिस्तान की तरफ से गेट नहीं खोले जाने के कारण वे वहीं अटके हुए हैं और कड़ी धूप में सड़कों पर रहने को मजबूर हैं।

इस दौरान क्वेटा के रहने वाले सूरज ने बताया कि वह हिंदू होने के नाते अपनी मां को हरिद्वार गंगा स्नान कराने के लिए 15 अप्रैल को भारत आए थे। अब भारत ने सभी पाकिस्तानी नागरिकों को अपने वतन लौटने का आदेश दिया है, इसके चलते वह वापस जाने के लिए बॉर्डर पर आए, लेकिन पाकिस्तान की ओर से गेट बंद होने के कारण वह यहीं फंसे हुए हैं।

# गाजा में भूख से हालात बेकाबू



**गाजा।** गाजा पट्टी में हालात दिन-ब-दिन बदतर होते जा रहे हैं। इजरायल द्वारा दो महीने पहले खाद्य आपूर्ति बंद किए जाने के बाद भूख अब खुलेआम दिखने लगी है। बुधवार को कम से कम 5 जगहों पर लूटपाट की घटनाएं हुईं, इनमें सामुदायिक रसोईघर, व्यापारियों की दुकानों और संयुक्त राष्ट्र की राहत एजेंसी UNRWA के मुख्य दफ्तर को भी निशाना बनाया गया। फिलिस्तीनी NGO नेटवर्क के निदेशक अमजद अल-शावा ने कहा, "ये घटनाएं दिखाती हैं कि गाजा में हालात कितने गंभीर हो चुके हैं। UNRWA की वरिष्ठ अधिकारी लुईस वॉटरिज के अनुसार, बुधवार रात हजारों विस्थापितों ने गाजा सिटी स्थित एजेंसी परिसर में घुसकर दवाएं लूट लीं और कई गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। उन्होंने कहा, "पूरे सिस्टम के ढह जाने के बाद यह लूटपाट चौंकाने वाली नहीं है। यह उस समाज की तस्वीर है जिसे लंबे समय से घेराबंदी और हिंसा के जरिए घुटनों पर ला दिया गया है।" हमास के गाजा स्थित मीडिया कार्यालय के निदेशक इस्माइल अल-थवाबता ने कहा, "ये घटनाएं कुछ व्यक्तियों की हरकत हैं और फिलिस्तीनी समाज के मूल्यों को नहीं दर्शातीं।"


**नवी मुंबई महानगरपालिका**

**अभियांत्रिकी विभाग**

**निविदा सुचना क्रमांक - नमुंमपा/शहर अभियंता/28/2025-26**

**कामाचे नाव**:- दिघा विभागातील रस्ते, पदपथ व गटारांची वार्षीक देखभाल व दुरुस्ती करणे..

**अंदाजपत्रकीय रक्कम (रु.)** :- 2,84,12,142/-

निविदा पुस्तिका ई-टेंडरिंग (E-Tendering) संगणक प्रणालीच्या https://mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दि.02/05/2025 रोजी प्राप्त होतील. निविदेचे सादरीकरण https://mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर Online करण्याचे आहे. ई-निविदा ई-टेंडरिंग (E-Tendering) प्रकियेतील कोणत्याही तांत्रिक अडचणीसाठी सदर संकेतस्थळावर दिलेल्या हेल्प डेस्क नंबरवर संपर्क करावे.

कोणतीही निविदा स्वीकारणे अथवा नाकरण्याचा अधिकार मा.आयुक्त, नवी मुंबई महानगरपालिका यांनी राखून ठेवलेला आहे.

सही/-
शहर अभियंता
नवी मुंबई महानगरपालिका

जाक्र-नमुंमपा/जसं/जाहिरात/74/2025


## पेज 1 का शेष

### देश की जीडीपी में होगी क्रिएटिव इकोनॉमी की बड़ी भागीदारी: मोदी

#### मुंबई में स्थापित होगी आईआईसीटी: वैष्णव

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि भारत में पहली बार इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजी (आईआईसीटी) मुंबई में स्थापित किया जाएगा, जिसके लिए केंद्र सरकार ने 400 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। इस संस्थान की स्थापना में गूगल, एप्पल, माइक्रोसॉफ्ट और अडोबी जैसी वैश्विक कंपनियों का सहयोग प्राप्त होगा। वैष्णव ने कहा कि वेव्स मंच के माध्यम से भारत रचनात्मक उद्योग का वैश्विक केंद्र बनने की दिशा में अग्रसर है।

अभिनेता अनुपम खेर ने वेव्स आयोजन के उद्देश्य को प्रस्तुत किया। एमएम कीरवानी, श्रेया घोषाल और मांगली ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। वेव्स सलाहकार समिति के सदस्य मोहनलाल, हेमा मालिनी, कार्तिक आर्यन, एसएस राजामौली, रजनीकांत, अनिल कपूर, भूमि पेडणेकर, रणबीर कपूर, आमिर खान, रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष मुकेश अंबानी, अडोबी के सीईओ शांतनु नारायण आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुदत्त, पी भानुमती, राज खोसला, ऋत्विक घटक और सलिल चौधरी के भारतीय सिनेमा में योगदान की स्मृति में डाक टिकटों का विमोचन किया।

#### मनोरंजन क्षेत्र विकास का नया इंजन: फडणवीस

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मनोरंजन क्षेत्र महाराष्ट्र और भारत के लिए विकास का नया इंजन बन रहा है। आज के डिजिटल युग में कंटेंट किसी भी वस्तु से तेजी से फैलता है और महाराष्ट्र इस क्रांति की अगुवाई कर रहा है। वेव्स केवल एक सम्मेलन नहीं, बल्कि यह एक आंदोलन है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से महाराष्ट्र में साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि डिजिटल कंटेंट, संगीत, एनीमेशन, गेम्स को वैश्विक स्तर पर नया स्वरूप मिल रहा है। राज्य सरकार इस परिवर्तन के लिए अनुकूल वातावरण बना रही है और इसके लिए प्रभावी नीतियां लागू करेगी।

#### भारत पवेलियन का दौरा

वर्ल्ड जिओ सेंटर में शुरू हुए वेव्स सम्मेलन के अवसर पर लगाए गए भारत पवेलियन, महाराष्ट्र पवेलियन और गेमिंग आर्केड का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दौरा किया। भारत पवेलियन के अंतर्गत राज्य शासन के 'मैजिकल महाराष्ट्र' पवेलियन का भी प्रधानमंत्री मोदी ने विशेष रूप से दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वहां लगाए गए विभिन्न पवेलियन का अवलोकन करते हुए मनोरंजन और दृश्य-श्रव्य माध्यमों में प्रयुक्त हो रहे नवीनतम तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। भारत पवेलियन में महाराष्ट्र के अलावा हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना जैसे राज्यों के पवेलियन लगाए गए हैं। वेव्स के दौरान पीएम मोदी ने विभिन्न देशों के प्रमुख उद्योगपतियों के साथ बातचीत की।


**नोटिस**

सभी लोगों को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि **मेसर्स नवकार फैब टेक्स की ओर से श्री नरेश भेराराम माली,** मोबाईल नं. ८४८४०९७३४२, कार्यालय पताः तीसरी मंजिल, घर नं. 1687/20, अपार्टमेंट नं. 304, गोविंद बिल्डिंग, मुरलीधर नगर, राहनाळ गांव, भिवंडी, जिला ठाणे-421302, ने मेसर्स अर्केन इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड की ओर से श्री मोहम्मद इस्माईल उद्दीन, कार्यालय पताः ग्राउंड फ्लोर, घर नं. 266/6, गाला नंबर 6, गोदाम नंबर 5ए और 6ए, दौलत कंपाउंड, आग्न रोड, राहनाळ पाडा, भिवंडी, जिला ठाणे-421302 से जीएसटी के तहत विभिन्न इनवॉइस के माध्यम से रु.11,00,651/- (रुपये ग्यारह लाख छह सौ इक्यावन मात्र) (रु.10,97,338/- लंबित बिल तथा रु.3,313/- टीडीएस 194क्यू के तहत काटा गया है लेकिन जमा नहीं किया गया है और फॉर्म 16 प्रमाणपत्र भी जारी नहीं किया गया है)। मूल्य का धागे का सामान खरीदा है। मेसर्स नवकार फैब टेक्स की ओर से श्री नरेश भेराराम माली ने जान बूझकर मेसर्स अर्केन इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड की ओर से श्री मोहम्मद इस्माईल उद्दीन के साथ धोखाधड़ी की है और अब तक उक्त राशि का भुगतान नहीं किया है। कई बार रिमाइंडर (स्मरण पत्र) भेजने के बावजूद अब तक राशि का भुगतान नहीं किया गया है। इसके चलते मेसर्स अर्केन इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड की ओर से श्री मोहम्मद इस्माईल उद्दीन ने मेसर्स नवकार फैब टेक्स की ओर से श्री नरेश भेराराम माली के खिलाफ कानूनी और आपराधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इसलिए, इस नोटिस के माध्यम से सभी लोगों को सूचित किया जाता है कि वे मेसर्स नवकार फैब टेक्स की ओर से श्री नरेश भेराराम माली के साथ किसी भी प्रकार का लेन-देन न करें।

पताः
कार्यालय पताः ग्राउंड फ्लोर, घर नं. 266/6, गाला नंबर 6,
गोदाम नंबर 5ए और 6ए, दौलत कंपाउंड,
आग्न रोड, राहनाळ पाडा, भिवंडी, जिला ठाणे-421302

आपका,
मेसर्स अर्केन इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड की ओर से
श्री मोहम्मद इस्माईल उद्दीन



**PANVEL MUNICIPAL CORPORATION, PANVEL**
**NOTICE INVITING TENDERS**

Online bids are invited from bidders to perform of the following work on behalf of the Commissioner, Panvel Municipal Corporation, Panvel (here-in-after called the CORPORATION) and will be received online on the website www.mahatenders.gov.in as per time schedule (key dates) in the notice published on the above website.

| Sr. No. | Name of Work | Earnest Money (Rs.) | Cost of tender form (Rs.) | Period of work |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender for construction of waste transfer station at Kalamboli in Panvel municipal corporation area. | 5.78.876/- | 3000/-+18% G.S.T. | 12 months |

**Key Dates: -**

| Sr. No | Description | Date & Time |
|---|---|---|
| 1 | Publish Date | 02/05/2025 |
| 2 | Document Download Start Date | 02/05/2025 at 15.00 |
| 3 | Document Download End Date | 13/05/2025 Upto 15.00 |
| 4 | Pre-Bid Meeting | 06/05/2025 at 12.00 |
| 5 | Bid Submission start date | 02/05/2025 at 15.00 |
| 6 | Bid Submission end date | 13/05/2025 Upto 15.00 |
| 7 | Bid opening date | 14/05/2025 at 15.00 |

**Tender Notice No.: PMC/SWM/2523/Sr.No.133/263/2025**
**Dated: //2025**

Sd/-
Additional Commissioner
Panvel Municipal Corporation

# संपन्नता बढ़ाने के लिए करें ये काम

फेंगशुई शास्त्र में वास्तु व गुड लक बढ़ाने के कई आसान तरीके बताए गए हैं। यह एक चीनी शास्त्र है, जिसके उपाय न केवल आपके घर की पॉजिटिव एनर्जी बनाए रखेंगे बल्कि आपके घर की सुंदरता भी बढ़ाएंगे। कई बार जीवन में धन से जुड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। घर का वास्तु खराब हो तो तब भी फाइनेंशियल उथल-पुथल बनी रहती है।



**ऐसे में फेंगशुई के कुछ टिप्स की मदद से आप अपने घर को सजाने के साथ-साथ सुख-समृद्धि भी बनाए रख सकते हैं। संपन्नता बढ़ाने के लिए करें ये काम**

- फेंगशुई विद्या के अनुसार, घर में तीन टांगों वाला मेंढक रखना बेहद शुभ माना जाता है। घर में तीन टांगों वाला मेंढक रखने से घर की संपन्नता बरकरार रहती है। ज्यादातर मेन डोर के सामने फेंगशुई मेंढक को रखना चाहिए।
- इस बात का ध्यान रखें की मेंढक का मुख घर की ओर हो। यह धन को आकर्षित करने के लिए शुभ माना जाता है।
- घर की संपन्नता बनाए रखने के लिए आप घर में फिश एक्वेरियम रख सकते हैं। घर में फिश एक्वेरियम रखने से घर की कंगाली दूर हो सकती है।
- यह पॉजिटिव एनर्जी बढ़ाने में मदद करता है।
- कुछ पौधे घर के लिए बेहद ही लकी माने जाते हैं। पूरब की दिशा में बैंबू ट्री या मनी प्लांट लगाने से परिवार के सभी सदस्यों का स्वास्थ्य अच्छा रहता है। घर में मनी प्लांट लगाने से परिवार में संपन्नता भी बनी रहती है।
- घर में संपन्नता बनाए रखने व वास्तु दोष कम करने के लिए विंड चाइम लगाएं। घर के दरवाजे व ऐसी जगहों पर विंड चाइम लगाएं, जहां से हवा आपके घर में प्रवेश करती हो।



कैल्शियम हमारे शरीर के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण खनिज है, जो हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाने के अलावा मांसपेशियों, तंत्रिका तंत्र और दिल के सही कार्य में भी मदद करता है। यदि शरीर में कैल्शियम की कमी हो जाती है, तो यह कई प्रकार के स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है।

## कैल्शियम की कमी के क्या हैं लक्षण

### मांसपेशियों में ऐंठन

कैल्शियम की कमी से मांसपेशियों में ऐंठन या खिंचाव हो सकता है, खासकर पैरों और हाथों में। यह समस्या रात को सोते समय अधिक हो सकती है।

### नर्वस सिस्टम में बदलाव

कैल्शियम शरीर के तंत्रिका तंत्र के सही कामकाज के लिए आवश्यक है। यदि शरीर में कैल्शियम की कमी होती है, तो इससे बेचैनी, घबराहट, और हाथ-पैर में झंझनाहट जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं।

### हड्डियों में फ्रैक्चर होने की संभावना

कैल्शियम की कमी से हड्डियाँ कमजोर हो जाती हैं, जिससे फ्रैक्चर (हड्डी टूटने) का खतरा बढ़ जाता है। यह समस्या विशेष रूप से उन व्यक्तियों में होती है जिनकी उम्र ज्यादा हो, क्योंकि उनकी हड्डियाँ पहले से ही कमजोर होती हैं।

### दांतों की समस्या

कैल्शियम की कमी से दांत कमजोर हो सकते हैं, जिससे दांतों में कीड़े लगने की समस्या बढ़ जाती है। इस कारण दांतों का टूटना भी आम हो सकता है।

# नए घर की नींव में इन चीजों को रखना शुभ...



नए घर की नींव में कुछ विशेष चीजें रखना भारतीय वास्तु शास्त्र और परंपराओं में बहुत शुभ माना जाता है। यह माना जाता है कि नए घर की नींव रखते समय इन वस्तुओं को रखने से घर की नींव मजबूत बनी रहती है। इसके साथ ही सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। इससे जीवन में आने वाली परेशानियों से छुटकारा मिलता है और घर में खुशहाली बनी रहती है। इन चीजों को रखना है शुभ...

**चांदी का नाग-नागिन का जोड़ा:** वास्तु शास्त्र में नाग-नागिन को भूमि और पाताल लोक का रक्षक माना जाता है। चांदी के नाग-नागिन का जोड़ा रखने से घर की नींव सुरक्षित रहती है और बुरी शक्तियों का प्रभाव कम होता है। यह प्रजनन क्षमता और समृद्धि का भी प्रतीक है।



**तांबे का कलश:** तांबे के कलश में पानी भरकर और उसमें कुछ सिक्के डालकर नींव में रखना शुभ माना जाता है। तांबा शुद्ध धातु है और कलश ब्रह्मांडीय ऊर्जा का प्रतीक है। यह घर में सकारात्मक ऊर्जा और समृद्धि लाता है।






**पीतल का कछुआ:** छुआ स्थिरता, दीर्घायु और विकास का प्रतीक है। पीतल का कछुआ नींव में रखने से घर की नींव मजबूत होती है और परिवार के सदस्यों का जीवन स्थिर और लंबा होता है।

**पांच रत्न (पंच रत्न):** सोना, चांदी, हीरा, पन्ना और नीलम जैसे पांच रत्नों को एक छोटे से कपड़े में बांधकर नींव में रखना शुभ माना जाता है। ये रत्न विभिन्न ग्रहों का प्रतिनिधित्व करते हैं और घर में सकारात्मक ऊर्जा, सौभाग्य और समृद्धि लाते हैं।



**हल्दी और अक्षत (साबुत चावल):** हल्दी को शुभ और पवित्र माना जाता है, जबकि अक्षत पूर्णता और समृद्धि का प्रतीक है। इन दोनों को नींव में डालने से घर में सकारात्मकता और संपन्नता आती है।





**ईंट या पत्थर पर 'ॐ' या अन्य शुभ चिह्न:** नींव के पहले पत्थर या ईंट पर 'ॐ' या अन्य कोई शुभ चिह्न (जैसे स्वास्तिक) बनाना और उसे स्थापित करना शुभ माना जाता है। यह ईश्वर का आशीर्वाद और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है।

# छोटे बच्चे की मां हैं तो जान लें घर को साफ रखने का ये तरीका

जिन घरों में बच्चे होते हैं, ऐसे घरों का साफ रहना लगभग नामुमकिन सा होता है। कितनी भी सफाई की जाए फ्लोर से लेकर सोफे तक सामान फैले हुए ही दिखते हैं। ऐसे में घर को कैसे क्लीन और मैनेज किया जाए। अगर आप भी छोटे बच्चे की मां हैं और घर को साफ करने में पूरी एनर्जी लगा देती हैं लेकिन फिर भी घर गंदा और फैला हुआ दिखता है।

## कम समय में घर दिखेगा व्यवस्थित



### वीकेंड पर करें सफाई

घर की डीप क्लीनिंग के लिए वीकेंड का दिन सेट करें। ऐसे में आपके बच्चे को देखने के लिए घर में एक और सदस्य मिल जाएगा और आपका काम थोड़ा आसान हो जाएगा। वरना घर साफ होने से पहले ही गंदा हो जाएगा।

### कपड़ों को सेट करें

घर की सफाई करनी है तो सबसे पहले कपड़ों को समेटे। जैसे ही आप कपड़ों को समेटती हैं आपको कमरे में जगह नजर आने लगती है। क्योंकि घर में क्लटर फैले दिखने की वजह अक्सर कपड़ों का यहां-वहां फैला होना रहता है। इसलिए पहले कपड़ों को समेट कर आलमारी में सेट करें।

### क्लीनिंग प्रोडक्ट

घर की और सामान की सफाई के लिए क्लीनिंग प्रोडक्ट जरूर साथ रखें। बहुत सारे Diy हैक आपके टाइम को कंज्यूम ज्यादा कर सकते हैं।

### पुराने सामान हटाते रहे

बच्चों के साथ रहती है तो उनके पुराने कपड़े, जूते, खिलौने और काफी सारी चीजों को डोनेट करते रहें। एक डोनेट बॉक्स रखें और जब भी कुछ नया खरीदकर ले आएं तो पुराने सामान को फौरन बाहर कर दें। इससे गैरजरूरी सामान से घर भरा नहीं रहेगा और गंदा भी नहीं होगा।

# योग के जरिए ऐसे कर सकते हैं दिमाग को शांत

कॉर्पोरेट कल्चर ने हमारी पूरी जिंदगी को उथल-पुथल करके रख दिया है। दिमाग को शांत रखना अपने आप में चैलेंजिंग हो गया है। लेकिन हम आपको ऐसे ट्रिक्स बता रहे हैं जिससे आप अपने दिमाग को कंट्रोल में रख सकते हैं। बस आपको सुबह के 10 मिनट करना है ये खास काम।




### योग के जरिए कार्टिसोल को कर सकते हैं कंट्रोल

जैसा कि आपको पता है योग एक रामबाण तरीका है जिससे आप अपने शरीर और दिमाग दोनों को कंट्रोल में रख सकते हैं। बस आपको सुबह खाली पेट करना है ये खास काम। दरअसल, शरीर में पाए जाने वाले कार्टिसोल को योग के जरिए कम किया जा सकता है। योग के जरिए सांस लेने की तकनीक के जरिए पैरासिम्पेथेटिक सिस्टम को एक्टिव किया जा सकता है। इससे आपकी पाचन व्यवस्था भी अच्छी होगी। इससे आप ज्यादा फोकस और आराम महसूस करेंगे।

दरअसल, सुबह-सुबह योग करने से शरीर में एंडोर्फिन की मात्रा बढ़ती है। इससे आपका मूड बेहतर होता है साथ ही साथ आपके शरीर में नेचुरल एनर्जी बढ़ती है। इसके अलावा ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होने के साथ बॉडी मे लचीलापन आता है। जिससे आपके शरीर की इम्युनिटी बेहतर होती है।

### 10 मिनट का योग पूरे दिन के लिए है काफी

हालांकि, एक घंटे योग करना हर किसी के लिए मुमकिन नहीं है। हालांकि, अच्छी बात यह है कि सिर्फ 10 मिनट ही योग करके आप अपने शरीर में कुछ खास चेंजेज ला सकते हैं। योग करने से स्ट्रेस का लेवल कम होता है। आप किसी काम को करने में ज्यादा फोकस करते हैं। वर्क लोड को भी आप अच्छे से संभाल सकते हैं।

# हेल्दी और हल्की डाइट लेने की सलाह



गर्मियां आते ही सेहत से जुड़ी कई समस्माएं भी शुरू हो जाती हैं। पेट की दिक्कतें तो आम होती हैं। इस दौरान सेहत का कुछ ज्यादा ही ख्याल रखना पड़ता है। ऐसे में आपको हेल्दी और हल्की डाइट लेने की सलाह दी जाती है। ताकि आपके शरीर को जरूरी पोषण मिल सके। गर्मी में तेज धूप के कारण सिर दर्द भी एक बड़ी समस्या है। कई बार तो सिर दर्द इतना बढ़ जाता है कि बर्दाश्त नहीं होता है। ये समस्या खासकर तब होती है जब धूप के कारण शरीर में पानी की कमी हो जाती है। धूप में ज्यादा समय बिताना पड़ता है तो भी सिर में दर्द शुरू हो जाता है। ऐसे में दवाइयों के बजाय कुछ घरेलू उपाय अपनाकर आप इस तकलीफ से राहत पा सकते हैं। आज हम आपको अपने इस लेख में कुछ घरेलू उपाय बताने जा रहे हैं। सिर दर्द होने पर आपको इसे जरूर अपनाना चाहिए।

### ठंडी पट्टी का इस्तेमाल करें

अगर सिर में तेज दर्द हो रहा हो तो ठंडे पानी में तौलिया भिगोकर उसे निचोड़ लें और कुछ मिनट के लिए माथे पर रखें। ये तरीका नसों को आराम देता है। इससे आपको सरि दर्द से भी राहत मिलेगी।

### तुलसी की चाय

तुलसी हो या पुदीना, दोनों की ही तासीर ठंडी होती है। तुलसी की पत्तियों को उबालकर चाय बना सकते हैं। उसमें थोड़ा-सा शहद मिलाकर पी लें। इसके अलावा पुदीना की पत्तियों को भी पानी में डालकर ठंडा करके पिया जा सकता है।

### सिर और गर्दन की मसाज

सरि दर्द होने पर आपको दवा खाने के बजाय सिर और गर्दन पर हल्के हाथों से मसाज करना चाहिए। इससे आपको तुरंत आराम मिलेगा। आप चाहें तो नारियल या जैतून के तेल से मसाज कर सकते हैं। इससे ब्लड सर्कुलेशन सुधरता है और दर्द में राहत मिलती है।





### ठंडे फल और सलाद खाएं

खीरा, तरबूज, ककड़ी जैसे ठंडक देने वाले फल गर्मी में सिर दर्द से आपको राहत दिलाने में मददगार माने जाते हैं। ये न केवल शरीर को ठंडक देते हैं बल्कि हाइड्रेट भी रखते हैं।

### तेज धूप में जाने से बचें

अगर आपको बाहर कसिी काम से जाना है तो बिना सिर ढके न निकलें। ये सिर दर्द की कारण बन सकता है। इसलिए धूप में निकलते समय छाता या कैप जरूर पहनें। वहीं सनग्लास भी पहनना फायदेमंद हो सकता है।



### नींद पूरी लें

गर्मी के कारण कई बार हमारी नींद नहीं पूरी हो पाती है। इससे थकान और सिर दर्द बढ़ सकता है। इसलिए आपको कम से कम 7-8 घंटे की नींद जरूर लेनी चाहिए।

### पानी पिएं

सिर दर्द से बचाव के लिए हमें अपने खानपान का खास ख्याल रखना चाहिए। इसके लिए रोजाना पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और पौष्टिक भोजन खाएं।

# प्रतिभाशाली कलाकारों की अविश्वसनीय कलाकृतियों की शानदार प्रदर्शनी

**कला संवाद ने एक दिवसीय कला प्रदर्शनी का आयोजन किया, जिसमें 34 प्रतिभाशाली कलाकारों की अविश्वसनीय कृतियों को प्रदर्शित किया गया, जिसमें विभिन्न शैलियों और माध्यमों में चित्रों और कलाकृतियों का एक आकर्षक संग्रह प्रस्तुत किया गया। आगंतुकों ने परिदृश्यों और सम्मोहक चित्रों से लेकर अभिनव अमूर्त टुकड़ों और विचारोत्तेजक समकालीन कार्यों तक सब कुछ सराहा। इस कला संवाद प्रदर्शनी का आयोजन राजकुमार शर्मा तथा संयोजन श्री नंदू सरस्वती ने किया था।**



यह कार्यक्रम 25 अप्रैल 2025 को ताज आर्ट गैलरी, ताज महल पैलेस, मुंबई में आयोजित किया गया, समय: सुबह 09.00 बजे से शाम 08.00 बजे तक। महामहिम अलिकसांद्र मात्सुको (मुंबई में बेलारूस गणराज्य के महावाणिज्य दूतावास) मुख्य अतिथि थे और पद्मश्री डॉ. मुकेश बत्रा (संस्थापक, डॉ. बत्रा'ज हेल्थकेयर), प्रो. वाघमारे (कला निदेशालय, महाराष्ट्र के पूर्व निदेशक), डॉ. उत्तम वी. जैन (संरक्षक, हिंदुस्तान चैंबर ऑफ कॉमर्स, मुंबई), श्री किशोर खाबिया जैन (सीएमडी, खाबिया ग्रुप, मुंबई) सम्मानीय अतिथि थे। साथ ही श्री गणपत कोठारी (सीएमडी, कोठारी ग्रुप, मुंबई), श्री महेंद्र कलंत्री (निदेशक, एक्लेम सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई), श्री जगदीश पुरोहित (अध्यक्ष, इंडिया प्रेस, मुंबई), श्री मोगलन श्रावस्ती (पूर्व प्रोफेसर, सर जे.जे. स्कूल ऑफ आर्ट मुंबई), श्री संतोष पेडनेकर (सहायक निदेशक, नेहरू सेंटर आर्ट गैलरी, मुंबई), श्री संदीप प्रभाकर (सहायक क्यूरेटर, बजाज आर्ट गैलरी, मुंबई), श्री संजय निकम (कलाकार और क्यूरेटर, गांधी फिल्म फाउंडेशन आर्ट गैलरी मुंबई), श्री राजन जाधव (संस्थापक निदेशक, आन्सर समूह और डब्ल्यू.ए.सी.), प्रो. हेमंत सामंत (लेखक और महासचिव, जे.यू.एम.) आदि गणमान्य व्यक्ति थे जिन्होंने इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस कार्यक्रम में भारत भर के कलाकारों ने भाग लिया, जिनमें डॉ. उदय भोईर, डॉ. मनोज सिंगराखिया, डॉ. केतन नाइक, लीलू बत्रा, लीना रामचंद्र शिंदे, अतुल पंडित, देबोलिना साहा, आरती राज, नेहा चपलोत, दीपायन घोष, दीपिका शाह, मिन्ना कौशिक, निर्मल ठाकुर, प्रियंका भिसे, सुसान हाफहाइड, मेघा आचरेकर, विनायक शिंदे, अंशू बी. विश्वकर्मा, दीपक बिस्वाल, रविद्र लक्ष्मण, आर्या अंबाडेकर, समिधा लाड, एस. सुजाएन्देरा, अल्पना डांगी, रितु जयसवाल, कविता तम्बोलकर, वसुधा लावत्रे, परशुराम पाटिल, स्वाति सतीश नजारे, चंद्रकांत ए. सिंगे, उर्वी शाह, सोहन कुमार, संजना रामचंदानी, प्रदन्या वानखड़े शामिल थे।

# कॉटन का कपड़ा असली है या नकली



## इन आसान तरीकों से पहचानें

**1. जलाने का टेस्ट :-** एक छोटा सा टुकड़ा लेकर जलाएं. असली कॉटन जलने पर कागज की तरह जलेगा और राख बनेगा, साथ ही जलने की महक लकड़ी या कागज जैसी होगी,लेकिन वहीं, नकली (सिंथेटिक) कपड़ा जलते समय पिघलेगा और प्लास्टिक जैसी बदबू देगा।

**2. टच और फील टेस्ट :-** आप कॉटन कपड़े को छूकर भी असली और नकली का पता लगा सकते हैं। जैसे असली कॉटन मुलायम और ठंडा-सा महसूस होता है। वहीं, नकली कपड़ा थोड़ा चिपचिपा या खुरदुरा हो सकता है, और गर्मी में शरीर से चिपक सकता है।


**3. वॉटर एब्जॉर्बशन टेस्ट :-** ये टेस्ट भी कॉटन कपड़े को पहचानने के लिए बेस्ट है। कटॉन कपड़े में नेचुरल फाइबर होता है। इसलिए वो पानी को तुरंत सोख लेता है। लेकिन अगर किसी कॉटन कपड़े पर पानी गिरते ही फिसल जाता है या बहुत धीरे-धीरे सोखता है तो वो नकली है।

**4. धागे को खींचकर देखना :-** कॉटन के धागे को खींचने पर वह आसानी से टूट सकता है क्योंकि यह नाजुक होता है। लेकिन वहीं अगर किसी कॉटन कपड़े को खींचने पर वो लचीलापन दिखाता है, और टूटता नहीं तो इसका मतलब है कि वो असली कॉटन नहीं है।

**5. लेबल और कीमत देखना :-**अगर कपड़े पर "100% Cotton" लिखा है, तो थोड़ा ध्यान दें ।कभी-कभी इससे भी कन्फ्यूजन हो सकती है। असली कॉटन की कीमत आम से थोड़ी ज्यादा होती है। जबकि नकली कपड़ा आपको बहुत सस्ते में भी मिल जाएगा।

# करण टैकर ने लंदन में अपनी सुपरनैचुरल थ्रिलर 'भय' का अंतिम चरण पूरा किया

बॉलीवुड अभिनेता करण टैकर ने अपनी आने वाली थिलर वेबसीरीज भय : द गौरव तिवारी मिस्ट्री का अंतिम चरण लंदन में पूरा कर लिया है। सीरीज भय : द गौरव तिवारी मिस्ट्री ,भारतीय पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर गौरव तिवारी के जीवन पर आधारित होगा। गौरव तिवारी वास्तविक जीवन में एक पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर थे, जिन्होंने अदृश्य रहस्यों को उजागर करने के लिए अपना जीवन समर्पित किया।



दिल्ली के द्वारका स्थित उनके घर पर सात जुलाई 2016 को उनका शव मिला था। सुपरनैचुरल शक्तियों की इस कहानी में करण टैकर ,गौरव तिवारी की भूमिका निभाते नजर आएंगे। इस सीरीज में में कल्कि कोचलिन, दानिश सूद और सलोनी बत्रा जैसे कई बेहतरीन कलाकार भी हैं। करण टैकर, जिन्होंने खाकीः द बिहार चैप्टर और स्पेशल ऑप्स जैसी धमाकेदार थ्रिलर में वर्दीधारी पुरुषों की भूमिका निभाने में महारत हासिल की है, अब भय में गौरव तिवारी की भूमिका निभाने के लिये तैयार हैं।करण टैकर ने लंदन में सुपरनैचुरल थ्रिलर 'भय' का अंतिम चरण पूरा कर लिया है। करण टैकर ने कहा,एक और प्रोजेक्ट का शेड्यूल पूरा करके बेहद खुश हूं। यह बेहद खास है, पिछले डेढ़ साल से इस पर कामगकर रहा हूं और आखिरी दिन लंदन में शूटिंग कर रहा हूं, जो मुझे बेहद पसंद है। मैं इससे ज्यादा और कुछ नहीं मांग सकता था, मैं बस दर्शकों द्वारा इसे देखने और इसे उतने ही प्यार से स्वीकार करने का इंतजार नहीं कर सकता, जितना हमने इसमें डाला है।

# इब्राहिम अली खान के लिए राह थोड़ी मुश्किल होगी

**5 मार्च, 2001 को सैफ अली खान और अमृता सिंह के बेटे के रूप में मुंबई में पैदा हुए इब्राहिम अली खान ने महज 7 साल की उम्र में साल 2008 की फिल्म 'टशन' से बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट अपने करियर की शुरुआत की थी। धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में इब्राहिम अली खान ने करन जौहर को असिस्ट किया और इस साल 7 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज फिल्म 'नादानियां' (2025) से उन्होंने एक लीड एक्टर के रूप में डेब्यू किया। इस रोमांटिक फिल्म में इब्राहिम श्रीदेवी की छोटी बेटी खुशी कपूर के साथ नजर आए थे। खुशी कपूर ने फिल्म में दिल्ली की बिंदास लड़की पिया जयसिंह का किरदार निभाया। वही इब्राहिम नोएडा की एक मिडिल क्लास फैमिली के लड़के अर्जुन मेहता के लीड रोल में थे।**



शाउना गौतम के निर्देशन में बनी इस फिल्म के जरिए करण जौहर ने ही इब्राहिम को लॉन्च किया था। इब्राहिम अली खान अपने पिता सैफ अली खान की कार्बन कॉपी लगते हैं। बेशक इब्राहिम अच्छी खासी फैन फॉलोइंग रखते हैं लेकिन इसके बावजूद अपने पिता की कार्बन कॉपी के तौर पर नजर आने की वजह से उनकी राह थोड़ी मुश्किल नजर आती है। उन्हें अपनी खुद की एक्टिंग स्टाइल ईज़ाद करनी होगी, तभी वे अपनी फैन फॉलोइंग को और आगे बढा सकेंगे। वैसे इब्राहिम अली खान के फैंस के लिए एक बड़ी खुशखबरी यह है कि अब वह जल्दी ही बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। इब्राहिम अली खान, करण जौहर की फिल्म 'सरजमीन' से बॉलीवुड में कदम रखने जा रहे हैं। फिल्म की शूटिंग अंतिम शैडयूल में चल रही है। करण ने फिल्म की अनाउंसमेंट पर इब्राहिम की तारीफ करते हुए कहा था कि 'इब्राहिम ने मुझे असिस्ट किया था, मुझे तभी इस बात का एहसास हो गया था कि फिल्में उनके खून, जीन और उनके जुनून में हैं। हम उनके जरिए प्रतिभा की एक नई लहर के लिए रास्ता बनाते हैं।

कश्मीर में आतंकवाद की थीम पर आधारित फिल्म 'सरजमी' एक इमोशन थ्रिलर है। खबरों की मानें तो इस फिल्म में इब्राहिम अली खान एक फौजी का किरदार निभा रहे हैं। इब्राहिम अली खान के डेब्यू को ध्यान में रखते हुए फिल्म में उनका किरदार काफी दमदार रखा गया है। फिल्म में उनके साथ तारा शर्मा, काजोल और साउथ स्टार पृथ्वीराज सुकुमारन नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शंस व्दारा किया जा रहा है जबकि इसे बोमन ईरानी के बेटे कोयोज ईरानी डायरेक्ट कर रहे है। फिल्म 'सरजमीं' की रिलीज से पहले इब्राहिम अली खान के हाथ एक और बड़ी फिल्म लगने की खबर आ रही है। खबरों की मानें तो इस फिल्म का टाइटल 'दिलेर' हो सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इब्राहिम अली खान को लेकर इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म को दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स प्रोडयूस करने वाली है जबकि इस फिल्म का डायरेक्शन कुणाल देशमुख करेंगे। पिछले कुछ समय से जिस तरह से इब्राहिम अली खान और श्वेता तिवारी की एक्ट्रेस बेटी पलक तिवारी के बीच डेटिंग रुमर्स छाए हुए हैं, उसे देखते हुए कहा जा रहा है कि मेकर्स इब्राहिम अली खान के अपोजिट पलक को साइन करने का मन बना चुके हैं।

# रितेश देशमुख ने विलेन की भूमिका निभाने पर तोड़ी चुप्पी

**बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन, वाणी कपूर और रितेश देशमुख स्टारर रेड 2 सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है. फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स से काफी अच्छे रिव्यू मिले. फर्स्ट डे फर्स्ट शो के बाद नेटिजन्स एक्शन ड्रामा को मस्ट वॉच बता रहे हैं. इस बार भी कहानी एक ईमानदार आयकर अधिकारी अमय पटनायक के इर्द-गिर्द घूमती है. उस पर एक व्यक्ति से रिश्वत मांगने का आरोप है, जिसके घर पर वह छापा मारता है.**



रितेश विलेन के रोल में नजर आ रहे हैं। एक्टर ने अब फिल्म में काम करने के अपने एक्सपीरियंस पर बात की। रितेश देशमुख रेड 2 का हिस्सा बनकर काफी ज्यादा एक्साइटेड है। उन्होंने एएनआई से बात करते हुए कहा कि रेड राज कुमार गुप्ता की ओर से निर्देशित और अजय देवगन स्टारर एक सफल फिल्म है। दर्शकों ने उस समय इसे काफी पसंद किया था, मैंने भी मजे लेकर इसे देखा था। एक्टर ने आगे कहा, "जब मुझे इसका पार्ट 2 ऑफर किया गया तो मुझे बताया गया दादाभाई का रोल आपको करना है, अजय देवगन संग फेस ऑफ है, यानी की आप विलेन होंगे मुझे बहुत रोमांचक लगा और मैंने तुरंत हामी भर दी।"

राज कुमार गुप्ता की ओर से निर्देशित, रेड 2 में अजय देवगन, रितेश देशमुख, वाणी कपूर, सौरभ शुक्ला, सुप्रिया पाठक, रजत कपूर और अमित सियाल जैसे कलाकार हैं। इसके अलावा, तमन्ना भाटिया, जैकलीन फर्नांडीज और यो यो हनी सिंह ने कैमियो किया है। साल 2018 की फिल्म रेड की अगली कड़ी, अमय पटनायक पर केंद्रित है, जो अपनी 75वीं छापेमारी कर रहा है। फिल्म में अमय पटनायक और देशमुख के दादा भाई के बीच आमना-सामना दिखाया गया है। केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (CBFC) ने रेड 2 को 'UA 7+' रेटिंग दी है। मूवी का रनटाइम 150 मिनट और 53 सेकंड है, जिसका मतलब है 2 घंटे, 30 मिनट और 53 सेकंड।


# 'आंखों की गुस्ताखियां' 11 जुलाई को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

**विक्रांत मैसी और शनाया कपूर स्टारर 'आंखों की गुस्ताखियां' 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बॉलीवुड अभिनेता संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर, विक्रांत मैसी के अपोजिट फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' के साथ अपना बॉलीवुड डेब्यू करने जा रही हैं।इस फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया गया है। यह फिल्म 11 जुलाई को रिलीज होने वाली है।**




फिल्म आंखों की गुस्ताखियां को लेकर लोगों में काफी एक्साइटमेंट है, जिसका एक कारण शनाया कपूर भी हैं। ज़ी स्टूडियोज़ और मिनी फ़िल्म्स द्वारा प्रस्तुत, इस फिल्म को मानसी बागला और वरुण बागला ने प्रोड्यूस किया है, और फिल्म को संतोष सिंह ने निर्देशित किया है।इसकी कहानी निरंजन अय्यंगर और मानसी बगला ने लिखी है। इसका संगीत विशाल मिश्रा ने दिया है।

# 'एकाकी' से वेब सीरीज में एंट्री करेंगे आशीष चंचलानी



डिजिटल स्टार आशीष चंचलानी वेब सीरीज़ 'एकाकी' के साथ डेब्यू कर रहे हैं। आशीष चंचलानी अब लॉन्ग फॉर्मेट की स्टोरीटेलिंग की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। वह जल्द ही अपनी मच अवेटेड वेब सीरीज़ 'एकाकी' के साथ डेब्यू करने वाले हैं, जो एक सुपरनैचुरल थ्रिलर है। इस सीरीज़ में हॉरर और कॉमेडी का ऐसा यूनिक मेल देखने को मिलेगा, जैसा आशीष अपने गेम-चेंजिंग कंटेंट के जरिए पहले भी दिखा चुके हैं, लेकिन इस बार कुछ अलग, कुछ नया पेश करने का वादा है। पोस्टर भी काफी दिलचस्प है, अंधेरे में लालटेन लिए खड़े आशीष चंचलानी के चारों ओर फैले डरावने हाथ एक रोमांचक कहानी की झलक देते हैं। डिजिटल एंटरटेनमेंट की दुनिया में आशीष, जो कि इंडस्ट्री के सबसे बेहतरीन कंटेंट क्रिएटर्स में गिने जाते हैं, अब एक ऐसी वेब सीरीज लेकर आ रहे हैं जो वाकई गेम-चेंजर साबित हो सकती है।इस सीरीज के जरिए आशीष न सिर्फ एक्टिंग बल्कि निर्देशन और प्रोडक्शन में भी अपना डेब्यू कर रहे हैं। 'एकाकी' की शानदार कास्ट में आकाश डोडेजा, हर्ष राणे, सिद्धांत सरफरे, शशांक शेखर, रोहित साधवानी और ग्रिशिम नवानी शामिल हैं। यह प्रोजेक्ट एसीभी स्टूडियोज के यूट्यूब चैनल पर रिलीज़ होने के लिए तैयार है।

# फिल्म राम-लीला ने मेरी ज़िंदगी बदल दी : अकांक्षा शर्मा

**अभिनेत्री अकांक्षा शर्मा का कहना है कि फिल्म रामलीला देखने के बाद उनकी जिंदगी बदल गयी। केसरी वीर : लीजेंड्स ऑफ सोमनाथ इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित पीरियड फिल्मों में से एक है। अपनी हिंदी सिनेमा की पहली फिल्म केसरी वीर : लीजेंड्स ऑफ सोमनाथ में, आकांक्षा ने एक जबरदस्त पहली झलक से दर्शकों को चौंका दिया है, जहां वह 'राजल' के किरदार में एक निडर और वीरांगना योद्धा के रूप में नजर आ रही हैं।**



अकांक्षा ने बताया , मैं एक बहुत ही साधारण पृष्ठभूमि से आती हूं। मेरा फिल्मों से कोई नाता नहीं रहा है। मैं बारहवीं कक्षा में थी। बोर्ड की तैयारी कर रही थी, तभी मैंने राम-लीला देखी और वहीं से सब कुछ बदल गया। तभी मुझे एहसास हुआ कि मैं अभिनेत्री बनना चाहती हूं। मैंने कभी ये सपना देखा नहीं था, लेकिन उस फिल्म को देखकर मेरे अंदर कुछ जल उठा। और अब, मैं यहां हूं, अपनी डेब्यू फिल्म के साथ। मैं खुद को बहुत ही खुशकिस्मत और आभारी मानती हूं कि मुझे राजल जैसा किरदार निभाने का मौका मिला ,जिसकी लड़ाइयां सिर्फ मैदान में नहीं, बल्कि उसके भीतर भी थीं।

अकांक्षा अगली बार तेरा यार हूं मैं में नज़र आएंगी, जिसमें उनके साथ अमन इंद्र कुमार हैं। इस फिल्म का निर्देशन मिलाप ज़वेरी कर रहे हैं। इसके अलावा वह मिलाप ज़वेरी की ही एक और अनटाइटल्ड एक्शन-कॉमेडी फिल्म में भी दिखेंगी।

# सरकारी आवास में शिफ्ट हुईं कंगना रनौत

**कंगना रनौत अब सिर्फ एक एक्टर के तौर पर ही नहीं पहचानी जाती हैं, बल्कि वह एक राजनेता भी हैं। एक्ट्रेस हिमाचल प्रदेश के मंडी से सांसद हैं, अब वह दिल्ली के सरकारी आवास में शिफ्ट हो गई हैं। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर आ गया है, जिसमें अभिनेत्री सिर पर कलश रखे अपने बंगले में प्रवेश करती दिख रही हैं।**

अभिनेत्री कंगना रनौत सफेद और लाल रंग की साड़ी पहने नजर आ रही हैं। साथ ही वह अपने सिर पर कलश रखकर नए घर में प्रवेश कर रही हैं। नए घर में प्रवेश करने के बाद एक्ट्रेस ने पूजा भी की। इसके अलावा आपको बताते चलें कि अभिनेत्री ने बीते दिन बुधवार यानी अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर एमपी हाउस में कदम रखा। कंगना के बंगले की कुछ तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

### सालों पुराना हैं अभिनेत्री का ये बंगला

अभिनेत्री का यह सरकारी बंगला कोई आम आवास नहीं है बल्कि यह 100 साल पुराना है, जिसे शाही लुक देने के लिए कड़ी मेहनत की गई है। इस आलीशान बंगले में शानदार कारीगरी की गई है और इसकी पेटिंग हाथों से हुई है। इस घर की डिजाइनर ने अपने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, 'यह एक ऐसा घर है जो अपना एक अलग महत्व रखता है, न केवल वास्तुकला के बदौलत, बल्कि प्रतीकात्मक रूप से भी। यह कंगना रनौत का सांसद के तौर पर पहला बंगला है। यह एक ऐसा स्थान जो उनके सफर की नई शुरुआत है।'



# सोफिया अंसारी अपनी बोल्डनेस के लिए मशहूर



**सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर सोफिया अंसारी अपनी बोल्डनेस और डांस के लिए काफी मशहूर हैं। वह इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपने फोटोज और वीडियोज फैंस के साथ साझा करती नजर आ जाती हैं। हाल ही में सोफिया ने अपना बर्थडे सेलिब्रेट किया, जिसकी तस्वीरें उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं।**

इन फोटोज में सोफिया बला की खूबसूरत लग रही हैं. इन तस्वीरों में सोफिया अंसारी ग्रे कलर का वनपीस पहनें दिख रही हैं. फोटो में देखा जा सकता है कि उन्होंने हाथों में केक ले रखा है.इस फोटो में सोफिया अंसारी इस ग्रे गाउन में अपना क्लीवेज भी फ्लॉन्ट कर रही हैं. इस तस्वीर में वह अपने परिवार के साथ नजर आ रही हैं , तस्वीर में सोफिया अपना केक खाती दिख रही हैं। फोटो में वह अपने टोन्ड लेग्स भी जमकर फ्लॉन्ट कर रही हैं।



# अक्षय कुमार की फिल्म 'हाउसफुल 5' का टीजर रिलीज

**बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म 'हाउसफुल 5' का टीजर रिलीज हो गया है। बॉलीवुड फिल्मकार साजिद नाडियाडवाला की सुपरहिट कॉमेडी फ्रेंचाइजी हाउसफुल की पांचवीं किस्त जल्द ही बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली है।इस बीच मेकर्स ने हाउसफुल 5 का धमाकेदार टीजर रिलीज कर दिया है। इस फिल्म का निर्देशन तरुण मनसुखानी ने किया है। टीजर की शुरुआत में एक क्रूज समंदर के बीच चलता नजर आता है।**

क्रूज पर गाना-बजाना चल रहा है, कि तभी अक्षय कुमार की एंट्री होती है और उनके बाद रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, जैकलीन फर्नांडिस,सोनम बाजवा, नरगिस फाखरी, फरदीन खान, श्रेयस तलपड़े,चित्रांगदा सिंह, डीनो मोरिया,चंकी पांडे, जॉनी लीवर, निकितेन धीर,सौंदर्या शर्मा, रंजीत, जैकी श्रॉफ, संजय दत्त और नाना पाटेकर को दिखाया जाता है। अचानक झूमर के ऊपर से एक लाश आकर गिरती है। मर्डर करने वाला हत्यारा मास्क पहने नजर आता है। पूरे टीजर में शुरूआत से लेकर अंत तक फिल्म का गाना 'लाल परी' बजता रहता है अक्षय कुमार ने टीजर को अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर शेयर किया और लिखा- 'आज से 15 साल पहले पागलपन शुरू हुआ! भारत की सबसे बड़ी फ्रेंचाइजी 5वीं फिल्म के साथ वापस आ गई है, और इस बार यह सिर्फ खलबली और कॉमेडी नहीं है बल्कि एक किलर कॉमेडी है! यहां पेश है हाउसफुल 5 का टीजर! फिल्म 6 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।'

